दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 10 | राजनीतिक सरगर्मी 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 29 सितंबर 2023, शुक्ल पक्ष अमावस्या, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक- 210 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

महिला आरक्षण विधेयक 'बीजेपी' का जुमला है : मल्लिकार्जुन खड़के

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरूवार को कहा कि महिला आरक्षण विधेयक एक 'जुमला' है। भाजपा सोचती है कि लोग उसे वोट देंगे और कुछ समय बाद भाजपा द्वारा किए गए वादों को भूल जाएंगे। उन्होंने दावा किया कि यह विधेयक वर्ष 2034 तक लागू नहीं होगा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे गुरूवार को छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 'कृषक-सह-श्रमिक सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 15 साल में वह नहीं कर सकी जो सत्ताधारी दल कांग्रेस ने राज्य में पांच साल में किया है। उन्होंने कहा, ''छत्तीसगढ़ में किसानों, मजदूरों, महिलाओं और बच्चों के हित में कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए कल्याणकारी कार्यों को देखकर भाजपा आश्चर्यचकित हो गई होगी।'' कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ''महिला आरक्षण विधेयक, जो हाल ही में संसद में पारित हुआ, कोई नई बात नहीं है क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने पंचायत निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए संविधान में 73वां और 74वां संशोधन का मार्ग प्रशस्त किया था।'' उन्होंने कहा, महिला आरक्षण विधेयक भी एक 'जुमला' है क्योंकि वे (भाजपा) सोचते हैं कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी पर बरसे सीएम भूपेश

इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। तीनों नेताओं ने जहां अपनी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं वहीं मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। सीएम बघेल ने कहा कि उनकी सरकार गरीबों, किसानों, आदिवासियों, अनुसूचित जातियों, पिछड़ों की सरकार है। उन्होंने आवास योजना, धान खरीदी, महंगाई, बेरोजगारी, ट्रेन की लेटलतीफी और जाति जनगणना को लेकर भी केंद्र पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। जबकि पीएम मोदी सिर्फ अपने मित्रों की मदद कर रहे हैं।

डर गए तो समझो मर गए

उन्होंने कहा कि जहां 'कांग्रेस नेताओं के दौरे होते हैं, वहां ईडी-आईटी के छापे पड़ते हैं। हमें डरना नहीं, लड़ना है। डर गए तो समझो मर गए। देखते हैं कितना सताते हैं।' खड़गे ने आगे कहा कि 'कांग्रेस हर काम दिल से करती है। 2024 में बीजेपी को सबक सिखाना ही होगा। बीजेपी के लोग संविधान खत्म करना चाहते हैं।

शाह के साथ बड़े नेताओं की घंटों चली बैठक में टिकिटों पर रायशुमारी

रायपुर/नवप्रदेश। गुरूवार की दोपहर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी महासचिव बीएल संतोष के साथ एक बार फिर रायपुर पहुंचे। तीनों नेता रायपुर एयरपोर्ट से सीधे प्रदेश भाजपा मुख्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर पहुंचे। पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी नितिन नवीन, पूर्व सीएम रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, बीजेपी महामंत्री ओपी चौधरी सहित अन्य स्थानीय नेताओं ने मुलाकात की। फिर यहां भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ विधानसभा चुनाव की रणनीतियों पर मैराथन बैठक शुरू की। इस बैठक में पार्टी के चुनिंदा नेता ही शामिल थे। केंद्रीय गृहमंत्री शाह तीन महीने के भीतर पांचवीं बार छत्तीसगढ़ पहुंचे हैं। पार्टी सूत्रों की मानें तो बैठक में दूसरी सूची के प्रत्याशियों को लेकर मंथन किया गया। भाजपा ने अभी तक 21 विधानसभा के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। अन्य प्रत्याशियों के लिए भी जल्द ही सूची जारी की जाएगी। प्रदेश में चल रही परिवर्तन यात्रा का फीडबैक लेकर वह सियासी नब्ज टटोलेंगे। बीजेपी की परिवर्तन यात्रा 30 सितंबर को खत्म हो रही है। समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर में सभा को संबोधित करेंगे। पीएम के दौरे को लेकर भी अमित शाह ने पार्टी नेताओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

22 को टल गया था दौरा

केंद्रीय गृह मंत्री पहले 22 सितंबर को रायपुर आने वाले थे। लेकिन अंतिम समय में गृह मंत्रालय की ओर से दौरा रद्द होने की पुष्टि की गई। इससे पहले 2 सितंबर को अमित शाह रायपुर आए थे। अमित शाह जुलाई में प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक ले चुके हैं। तब खबर यह भी सामने आई थी कि शाह स्थानीय नेताओं की परफॉर्मेंस से खुश नहीं हैं। तब मिली फटकार के बाद अचानक स्थानीय नेताओं ने अभियानों की तेजी लाई और यह कोशिश की जा रही है कि आने वाले समय में प्रदेश में भाजपा की सरकार बने। मगर यह भी बड़ा सच है कि बहुत सी सीटों पर भारतीय जनता पार्टी कमजोर है, अमित शाह इसी पर रिव्यू करने पहुंचे हैं।

आज बेबाक

आस्ट्रेलिया से वनडे क्रिकेट सीरीज जीतने के साथ ही भारतीय क्रिकेट टीम टेस्ट, टी-20 और वनडे तीनों ही फार्मेट में दुनिया की नंबर वन टीम बन गई है। जाहिर है भारतीय क्रिकेटरों का हौसला बुलंदी पर है। विश्वकप भारत में ही होने जा रहा है इसलिए भारतीय क्रिकेट टीम के एक बार फिर विश्व विजेता बनने की संभावना प्रबल है। इस बारे में आस्ट्रेलिया के पूर्व विकेट कीपर एडम गिलक्रिस्ट ने सही सुझाव दिया है कि सचिन, सहगाव, गांगूली और धोनी जैसे दिग्गज टीम इंडिया के साथ अपने अनुभव साझा करें। ऐसा हो तो सोने पे सुहागा हो जाए।

राहुल गांधी ने चलाई आरी, सीखा कुर्सी बनाना

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी गुरुवार (28 सितंबर) को दिल्ली के कीर्तिनगर फर्नीचर मार्केट पहुंचे। यहां बढ़ई कामगारों से राहुल ने कुर्सी बनाना सीखा। उन्होंने लकड़ी पर आरी और रंदा चलाया। कारखाने में काम कर रहे कर्मचारियों से बातचीत करके उनका हाल-चाल भी जाना। राहुल गांधी की इस विजिट का वीडियो कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। राहुल गांधी, भारत जोड़ो यात्रा के बाद से लगातार कामगारों, मजदूरों के पास जाकर उनका काम देख रहे हैं। उनकी परेशानियां शेयर कर रहे हैं। यह सिलसिला अप्रैल से शुरू हुआ था। पिछले कुछ समय से राहुल गांधी लोगों के बीच जाकर उनके काम, जीवन और उनकी परेशानियों के बारे में बात कर रहे हैं।

सीबीआई के डायरेक्टर पहुंचे रायपुर

रायपुर/नवप्रदेश। सीबीआई के डायरेक्टर प्रवीण सूद गुरूवार को रायपुर पहुंचे। एयरपोर्ट पर डीजीपी अशोक जुनेजा और रायपुर आईजी ने उनकी अगुवानी की। बता दें कि एक लंबे अर्से बाद सीबीआई के किसी डायरेक्टर का पहला दौरा है। रायपुर में एजेंसी के भ्रष्टाचार निरोधक विंग का दफ्तर है। वे यहां लंबित मामलों की प्रगति की समीक्षा करेंगे और हाईकोर्ट में दायर कुछ याचिकाओं में की गई सीबीआई जांच की मांग के संदर्भ में एजेंसी की ओर से रिप्लाई पर भी चर्चा करेंगे। हाल में ईडी ने शराब घोटाले और ननकीराम कंवर ने पीएससी घोटाले की सीबीआई जांच की मांग की है। हालांकि राज्य में सीबीआई के प्रवेश पर सरकार ने 2019 से रोक लगा रखी है लेकिन सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के निर्देश पर जांच की जा सकती है। जानकारी के मुताबिक, सीबीआई के डायरेक्टर प्रवीण सूद पदभार संभालने के बाद सीबीआई के क्षेत्रीय दफ्तरों का दौरा कर रहे हैं। इससे पहले उन्होंने लखनऊ और फिर रांची का दौरा भी किया। अब वो रायपुर पहुंचे हैं। राज्यों में स्थित एजेंसी के रीजनल दफ्तरों के कामकाज की समीक्षा कर रहे हैं। ताकी जरूरत के मुताबिक कामकाज के तरीकों में बदलाव किया जा सके। इसी कड़ी में वो रायपुर भी पहुंचे हैं। कर्नाटक के डीजीपी रह चुके प्रवीण सूद को इसी साल केंद्रीय जांच ब्यूरो का निदेशक नियुक्त किया गया है। 1986 बैच के आईपीएस सूद 2 साल तक इस पद पर रहेंगे। प्रवीण सूद कर्नाटक कैडर के अधिकारी हैं। मूल रूप से हिमाचल प्रदेश से ताल्लुक रखते हैं।

आतंकी पन्नू ने अब वर्ल्ड कप को लेकर दी धमकी

अमृतसर (एजेंसी)। सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भारत में होने वाले क्रिकेट वर्ल्ड कप को लेकर धमकी दी है। उसने एक ऑडियो जारी किया है। इसमें पन्नू ने कहा- 5 अक्टूबर को क्रिकेट वर्ल्ड कप नहीं, आतंकवाद वर्ल्ड कप की शुरुआत होगी। गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच के दिन खालिस्तानी झंडों का सैलाब आएगा। हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का बदला लिया जाएगा। पन्नू का ये ऑडियो उसके समर्थकों द्वारा अलग-अलग आईडी से वायरल किया जा रहा है। इसमें दावा किया जा रहा है कि ऑडियो पन्नू ने ही जारी किया है। वहीं, बीते दिन पंजाब के गुरदासपुर के बटाला में भाजपा प्रधान (अध्यक्ष) हरसिमरन सिंह हीरा वालिया के घर के बाहर दीवार पर मंगलवार रात खालिस्तान के समर्थन में नारे लिखे गए थे। वालिया को पहले भी जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। क्रिकेट वर्ल्ड कप 2023 का आगाज 5 अक्टूबर से होने जा रहा है। 12 साल बाद 50 ओवर का क्रिकेट वर्ल्ड कप भारत में खेला जा रहा है। 5 अक्टूबर को अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम से क्रिकेट वर्ल्ड की शुरुआत होगी। यहां पहला मैच पिछले वर्ल्ड कप का फाइनल खेलने वाली इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच होगा।

सड़क निर्माण में होगा शहरी कचरे का इस्तेमाल : गडकरी

नई दिल्ली (वार्ता)। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नगरों और महानगरों के कूड़े-कचरे को सड़क निर्माण में इस्तेमाल करने की जरूत पर बल देते हुए गुरुवार को कहा कि देश में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है और इसमें शहरी कचरे का इस्तेमाल किया जाएगा। गडकरी ने आज यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्ष 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने का सपना है और उनके इस दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए सड़क निर्माण क्षेत्र में हरित गतिविधियों की पहल की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने का काम तेजी से चल रहा है। इस क्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा मनाने के लिए 13000 स्थानों पर कार्यक्रम चलाए जाएंगे जिसमे राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क के किनारे सुविधाओं वाली जगह, ढाबों तथा टोल प्लाजा पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम चलाने की योजना ई है और इसके लिए 7000 स्थानों पर तैयारी पूरी हो चुकी है। गडकरी ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ऑनलाइन गेमिंग पर 1 अक्टूबर से लगेगा 28 प्रतिशत जीएसटी

नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) 1 अक्टूबर से लगना शुरू हो जाएगा। सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेस एंड कस्टम्स के चेयरमैन संजय अग्रवाल ने इसकी जानकारी दी है। उन्होंने कहा है कि गेमिंग कंपनियों को इसके लिए प्रोसेस के तहत लीगल नोटिस भेज दिया गया है। संजय अग्रवाल ने कहा है कि सभी राज्यों की विधानसभाएं जीएसटी संशोधन विधेयक 2023 को अपने यहां 30 सितंबर तक पास करा लें या अध्यादेश लाकर 1 अक्टूबर से लागू करें। उन्होंने कहा कि इसके लागू होने के 6 महीने बाद रिजल्ट की समीक्षा की जाएगी। जीएसटी काउंसिल ने जुलाई में ऑनलाइन गेमिंग, हॉर्स रेसिंग और कैसिनो पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने का ऐलान किया था। 2 अगस्त को 51वीं बैठक में इस पर अंतिम फैसला लिया गया था।

हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का निधन

चेन्नई (एजेंसी)। भारत में 'हरित क्रांति' के जनक एमएस स्वामीनाथन का 98 साल की उम्र में गुरुवार 28 सितंबर की सुबह चेन्नई में निधन हो गया। स्वामीनाथन लंबे समय से बीमार थे। उनके परिवार में उनकी पत्नी मीना और तीन बेटियां सौम्या, मधुरा और नित्या हैं। 7 अगस्त 1925 को तमिलनाडु के कुंभकोणम में जन्मे स्वामीनाथन का पूरा नाम मनकोम्बु संबासिवन स्वामीनाथन था। वे पौधों के जेनेटिक साइंटिस्ट थे। उन्होंने 1966 में मेक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ हाइब्रिड करके हाई क्वालिटी वाले गेहूं के बीज डेवलप किए थे। स्वामीनाथन के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। उन्होंने कहा कि कृषि में उनके अभूतपूर्व कार्य ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और हमारे देश के लिए फूड सेफ्टी सुनिश्चित की। स्वामीनाथन जूलॉजी और एग्रीकल्चर दोनों से ग्रेजुएट थे। उन्होंने धान की ज्यादा पैदावार देने वाली किस्मों को डेवलप करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिली कि भारत के कम आय वाले किसान ज्यादा फसल पैदा करें। इसके अलावा 1960 के अकाल के दौरान स्वामीनाथन ने अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

महंगाई — 15 रुपए प्रति बोरी होगी बढ़ोत्तरी, रिटेल में 400 रुपए तक पहुंचेगी कीमतें

घर बनाने वालों को बड़ा झटका, 1 अक्तूबर से सीमेंट होगा महंगा

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। अगर आप घर बनाने की सोच रहे हैं तो यह खबर आपको झटकना देने वाली है। दरअसल, सीमेंट कंपनियां मांग कम होने के बावजूद कार्टेल बनाकर एक बार फिर एक अक्टूबर से 15 रुपए प्रति बोरी की बढ़ोतरी करने जा रही हैं। कंपनियों ने डीलरों को इसकी सूचना दे दी है। सीमेंट कंपनियों का कहना है कि उत्पादन लागत बढ़ जाने के कारण कीमत बढ़ाने जा रहे हैं। अगस्त तक 310 से 320 रुपये बोरी बिकने वाली सीमेंट की कीमत एक सितंबर को एक साथ 50 रुपये बढ़ा देने के बाद रिटेल में प्रति बोरी 360 रुपये पहुंच गई है। अब कंपनियों द्वारा एक बार फिर बढ़ोतरी से यह बाजार में रिटेल में 400 रुपये बोरी तक पहुंच जाएगी। इसका असर निर्माण कार्यों पर पड़ना निश्चित है।

छग में 20 प्रतिशत उत्पादन

बता दें कि सीमेंट के उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ देश के प्रमुख राज्यों में शामिल है। देश की कुल जरूरत का लगभग 20 प्रतिशत सीमेंट का उत्पादन यहां होता है। यहां सीमेंट कंपनियों के 14 प्लांट संचालित हैं, जिनकी वार्षिक उत्पादन क्षमता लगभग 260 लाख टन है। आंध्र प्रदेश देशभर में सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक राज्य है। राजस्थान दूसरा, कर्नाटक तीसरा, मध्य प्रदेश चौथा सबसे ज्यादा सीमेंट उत्पादक राज्य है। एक अक्टूबर से दाम बढ़ सकते हैं जिस कारण निर्माण कार्यों पर असर पड़ेगा।

घट सकते सरिया के दाम

वर्तमान में खुले बाजार में सरिया 59 हजार रुपये प्रति टन और फैक्ट्रियों में 56 हजार 500 रुपये प्रति टन बिक रहा है। कारोबारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में सरिया की कीमतों में और गिरावट आ सकती है। बीते अप्रैल माह में सरिया 64 हजार रुपये प्रति टन पहुंच गया था। कुछ एक्सपर्ट का कहना है कि अगर सीमेंट कंपनियां सीमेंट की बढ़ती कीमत को मैनेज करने में सक्षम होती हैं तो इनकी पोस्ट अर्निंग मौजूदा वित्त वर्ष से पहली छमाही में 800-900 रुपये प्रति टन से 1200-1300 रुपये प्रति टन होने की संभावना है।

न्यूज गैलरी

उज्बेकिस्तान के गोदाम में विस्फोट से एक की मौत, 162 घायल

ताशकंद (वार्ता)। उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में एक गोदाम में विस्फोट और आग लगने से एक किशोर की मौत हो गई जबकि 162 लोग घायल हो गए। उज़्बेक स्वास्थ्य मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उज़्बेक आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि ताशकंद के एक गोदाम में रात में विस्फोट हुआ और आग लग गई। मंत्रालय ने टेलीग्राम पर लिखा, विस्फोट से 17 साल के किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 162 अन्य घाायल हुए हैं।

मुखर्जी नगर में आग लगने घटना बेहद दुखद : केजरीवाल

नयी दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुखर्जीनगर इलाक़े में पीजी में लगी आग को दुखद करार देते कहा कि

वह इस पर नज़र बनाये हुए हैं। श्री केजरीवाल ने एक्स करके कहा ÷मुखर्जी नगर इलाक़े के पीजी में आग लगने की ये घटना बेहद दुखद है। ज़िला प्रशासन और दमकल विभाग को निर्देश दिए हैं कि पीजी में मौजूद बच्चों को जल्द से जल्द सुरक्षित बाहर निकालें। मैं लगातार इस पर नज़र बनाए हूँ। उल्लेखनीय है कि उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में एक अपार्टमेंट में लड़कियों के पीजी में बुधवार शाम को आग लग गई। यहाँ से सभी 35 लड़कियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

कुशासन वाली सरकार के खिलाफ जनता में आक्रोश : अरुण यादव

सागर(वार्ता)। पूर्व केंद्रीय मंत्री तथा मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने आज कहा कि 18 साल के कुशासन वाली भ्रष्टाचारी भारतीय जनता पार्टी सरकार के खिलाफ जनता में भयंकर आक्रोश है। कांग्रेस द्वारा निकाली जा रही बुंदेलखंड जन आक्रोश यात्रा के सिलसिले में श्री यादव दमोह, छतरपुर, निवाड़ी, टीकमगढ़ जिला से होकर बुधवार देर रात सागर पहुंचे थे। यहां उन्होंने जन आक्रोश रैली एवं जन आक्रोश सभा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने संवाददाताओं से चर्चा में आरोप लगाया कि बुंदेलखंड अंचल के पांच जिलों से होकर यहां पहुंचने पर यह साफ तौर पर देखने आया है कि 18 साल के कुशासन वाली भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार के खिलाफ जनता में भयंकर आक्रोश है। भाजपा द्वारा निकाली गई 'अवसरवाद' यात्रा में जनता ने अपना आशीर्वाद देने में जिस तरह की बेरुखी और जन आक्रोश यात्रा को भारी जन समर्थन दिखाया है उससे साफहै कि मध्यप्रदेश में श्री कमलनाथ के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनने वाली है। उन्होंने कहा कि महाकाल की नगरी उज्जैन में 12 साल की अबोध बालिका के साथ दुष्कृत्य की शर्मनाक खबर सुर्खियों में बनी हुई है, जो पूरे देश में प्रदेश को कलंकित और शर्मसार करने वाली है। यह स्थिति पूरे प्रदेश में बेटियों और महिलाओं की है। श्री यादव ने सागर के ऐतिहासिक तालाब की दुर्दशा पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि सागर का तालाब एक समय सागर की शान रही है। इस ऐतिहासिक विरासत को भी पूर्ण रूप से नष्ट किए जाने का काम यहां किया जा रहा है। उन्होंने बुंदेलखंड पैकेज में हुए भ्रष्टाचार पर आगे कहा कि पन्ना में 100 - 100 करोड़ रुपये के बांध बनाये थे वो पहली ही बारिश में बह गए। टिकट वितरण के संबंध में उन्होंने कहा कि टिकट को लेकर प्रक्रिया जारी है। कांग्रेस की पहली सूची 5-10 अक्टूबर के बीच आएगी।

उ. कोरिया अस्तित्व, विकास के अधिकारों की गारंटी के लिए परमाणु हथियार विकसित करता है

प्योंगयांग (वार्ता)। उत्तर कोरिया ने देश के अस्तित्व एवं विकास के अधिकारों की गारंटी देने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र में शांति और स्थिरता की रक्षा के लिए परमाणु हथियार विकसित करता हैं। यह बातें उ. कोरिया की सरकारी न्यूज एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को उ. कोरिया की सुप्रीम पीपुल्स असेंबली की स्थायी समिति के अध्यक्ष चोए योंग हे के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कही हैं। उ. कोरिया की 14वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के 9वें सत्र में श्री श्री चोए ने कहा, ÷उ. कोरिया एक जिम्मेदार परमाणु हथियार सम्पन्न देश है और यह देश के अस्तित्व और विकास के अधिकारों को सुनिश्चित करने, युद्ध को रोकने और क्षेत्र और दुनिया के बाकी हिस्सों में शांति तथा स्थिरता की रक्षा के लिए अत्यधिक परमाणु हथियार विकसित करता है। उन्होंने कहा कि उ. कोरिया के सशस्त्र बलों का मिशन शक्तिशाली सैन्य क्षमताओं के साथ'राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, लोगों के अधिकारों एवं हितों की रक्षा करना, समाजवादी व्यवस्था, क्रांति के लाभों को सभी खतरों से बचाना, देश की शांति और समृद्धि की गारंटी' है। रिपोर्ट के मुताबिक सत्र ने सर्वसम्मति से देश के संविधान में संशोधन करके परमाणु सशस्त्र बलों पर उत्तर कोरिया की नीति को अपनाया है। उ. कोरियाई नेता किम जोंग उन ने सत्र में भाग लिया और भाषण दिया। उन्होंने उन सांसदों के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी कोरियाई लोगों की सामान्य इच्छा के प्रतिबिंब में मतदान के अधिकार का प्रयोग किया और देश के संविधान के इतिहास एक शानदार अध्याय जोड़ा।

काकेशस से 65 हजार से अधिक लोग आर्मेनिया पहुंचे

येरेवान (वार्ता)। काकेशस के नागोर्नो-काराबाख से 65 हजार से अधिक लोग विवादित क्षेत्र से अर्मेनिया चले गए हैं। अर्मेनियाई प्रधानमंत्री कार्यालय की प्रवक्ता नाजेली बगदासारियान ने गुरुवार को यह जानकारी दी। बगदासारियान ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में लिखा, ÷स्थानीय समयानुसार आज सुबह करीब चार बजे तक कुल 65,036 लोग नागोर्नो-काराबाख से आर्मेनिया पहुंचे हैं। अर्मेनियाई अधिकारियों के अनुसार, नवीनतम वृद्धि से पहले इस क्षेत्र में लगभग 1.20 लाख लोग रहते थे।

नेहा राज और पल्लवी सिंह का नया लोकगीत 'ऐ राजा जी' रिलीज

मुंबई(वार्ता)। गायिक नेहा राज और अभिनेत्री पल्लवी सिंह का गाना 'ऐ राजा जी' रिलीज हो गया है। ऐ राजा जी गाना वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने को पल्लवी सिंह पर फिल्माया गया है। गाने के वीडियो में पल्लवी सिंह अपने पति से कहती नजर आ रही हैं कि 'शादी कइके तोहरा से बानी पछतात हो, अभी ले पुरनकी के नईखातू भुलात हो, एक ही गो रक्खा एक गो छोड़छाड़ दह्य, ए राजा जी हमर जान मारि दह्य, न त, गाँव वाली गोरकी के भार परि दह्य' वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स प्रस्तुत गाना 'ऐ राजा जी' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गीतकार गुलाबी बाबा के लिखे इस गीत को मधुर संगीत से संगीतकार विनय विनायक सजाया है। वीडियो डायरेक्टर रवि पंडित, एडिटर दीपक पंडित हैं। इस गाने का आल राइट्स वर्ल्डवाइड रिकॉड्र्स के पास है।

अफगानिस्तान में सड़क हादसे में पांच की मौत

हेरात (वार्ता)। अफ़ग़ानिस्तान के हेरात प्रांत में कार के पलट जाने से पांच यात्रियों की जान चली गयी और एक अन्य घायल हो गया। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल्ला इंसाफने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना बुधवार शाम को गजारा जिले में घटित हुई। इसमें पांच यात्रियों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उल्लेखनीय है कि इसी तरह की एक सड़क दुर्घटना में मंगलवार को उत्तरी बल्ख प्रांत में एक यात्री की मौत हो गई थी और पांच अन्य घायल हो गए थे।

कैलकुलेट नहीं की जा सकती गृहिणी की सैलरी

हाई कोर्ट ने इंश्योरेंस कंपनी को दिया मुआवजा बढ़ाने का आदेश

कोलकाता (ए.)। कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक मामले में बड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि एक गृहिणी की आय अन्य किसी सामान्य व्यक्ति की तरह कैलकुलेट नहीं की जा सकती। कोर्ट ने कहा कि हाउसवाइफकेवल घर के काम ही नहीं करती बल्कि पूरे परिवार का खयाल भी रखती है। कलकत्ता हाई कोर्ट की सिंगल बेंच एक महिला की याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसने इंश्योरेंस कंपनी को चुनौती दी थी।

जस्टिस अजय कुमार गुप्ता ने याचिकाकर्ता प्रतिमा साहू को मिलन वाला मुआवजा बढ़ाने का फैसला दिया है। दरअसल प्रतिमा का अक्टूबर 2013 में ऐक्सिडेंट हो गया था। इसके बाद प्रतिमा ने मोटर ऐक्सिडेंट क्लेम ट्राइब्यूनल को इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा था कि वह महीने के 4 हजार रुपये कमाती हैं। लेकिन ट्राइब्यूनल ने उनकी इनकम को 3 हजार ही स्वीकार किया। इस मामले में बेंच ने कहा कि किसी गृहिणी को अपनी इनकम का सबूत देने की जरूरत नहीं है।

कोर्ट ने कहा, किसी हाउसवाइफ से उसकी आय का प्रमाण नहीं मांगा जा सकता। किसी गृहिणी को एक सामान्य नौकरी करने वाले व्यक्ति से ज्यादा जिम्मेदारी उठानी होती है। वह पति, बच्चों, सास ससुर और परिवार के अन्य लोगों की देखभाल भी करती है और पूरे दिन घर के काम में भी लगी रहती है। इसलिए उसकी मेहनत के परिणाम को किसी सैलरी से नहीं मापा जा सकता। उसकी कैलकुलेशन किसी मासिक सैलरी के रूप में नहीं की जा सकती।

पूर्व मेदिनीपुर के तामलुक के एमएसीटी ने फरवरी 2020 में फैसला सुनाया था और इंश्योरेंस कंपनी से महिला को 2.09,746 रुपये देने का आदेश दिया था। महिला को ऐक्सिडेंट में काफी चोट आई थी। वह चलने फिरने में भी असमर्थ हो गई थी। उसने दावा किया था कि भविष्य में उसकी इनकम नहीं हो पाएगी और वह मानसिक दर्द से गुजर रही हैं। बेंच को पता चला कि एमएसीटी ने मेंटल पीस के नाम पर केवल 5 हजार रुपये देने का आदेश दिया था। इसके बाद कोर्ट ने पहले सेस्वीकृत मुआवजे को बढ़ाने का आदेश दिया और पहले से स्वीकृत रकम के अलावा 2,14,000 अतरिक्त देने का आदेश दिया।

राजस्थान में बिना सीएम फेस के उतरेगी भाजपा

- **कैसे वसुंधरा राजे को भी किया खुश; 3 बजे रात तक मंथन**

जयपुर (ए.)। राजस्थान विधानसभा चुनाव में भाजपा ने किसी नेता को सीएम फेस घोषित किए बिना ही उतरने का फैसला लिया है। बुधवार को शाम 7 बजे से देर रात 3 बजे तक जयपुर में अमित शाह, जेपी नड्डा की मौजूदगी में मंथन चला। इसी दौरान यह फैसला लिया गया। यही नहीं सूत्रों का कहना है कि पार्टी ने वसुंधरा राजे को भी खुश कर लिया है, जो अब तक नाराज बताई जा रही थीं। वह राजस्थान की कई बार सीएम रह चुकी हैं। ऐसे में वह खुद को सीएम फेस मानकर चल रही थीं, लेकिन पार्टी ने उन्हें बिना किसी चेहरे के ही लड़ने पर राजी कर लिया है। खबर है कि उन्हें यह आश्वासन जरूर मिला है कि टिकट बंटवारे में उनकी राय को महत्व दिया जाएगा।

इसी के चलते वसुंधरा राजे खुश हैं और अब मेहनत से चुनाव में जुटने का फैसला लिया है। इसका संकेत तभी मिल गया, जब वह दफ्तर से रात को बाहर निकलीं तो चेहरे पर मुस्कान थी। अमित शाह और जेपी नड्डा शाम को 7 बजे पहुंचे थे और 3 बजे तक मीटिंग हुई। यही नहीं इसके बाद सुबह 6 बजे एक बार फिर से अमित शाह उठ गए और अब छत्तीसगढ़ का दौरा है। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मीटिंग की जानकारी देते हुए बताया कि कोर कमेटी की मीटिंग में फैसला हुआ कि इलेक्शन के लिए कोई सीएम फेस नहीं होगा। इस मीटिंग के दौरान राजस्थान के नेताओं के साथ भी अलग-अलग 45 मिनट की मीटिंग हुई।

30 सीटों पर नाम लगभग तय

माना जा रहा है कि शुक्रवार शाम तक ही भाजपा राजस्थान में पहली लिस्ट जारी कर सकती है। पहली ही सूची में वसुंधरा राजे, सतीश पूनिया और राजेंद्र राठौड़ के नाम घोषित हो सकते हैं। खबर है कि करीब 30 सीटों पर नाम लगभग फाइनल हो चुके हैं। इनमें से झालरापाटन से वसुंधरा राजे, चुरु से राजेंद्र राठौड़ और आमेर से सतीश पूनिया को मौका मिल सकता है। इसके अलावा पुष्कर से सुरेश रावत को उतारे जाने की चर्चा है।

बेंगलुरु में लगा 'महाजाम', रात में स्कूल से घर पहुंचे बच्चे

बेंगलुरु। बेंगलुरु में बुधवार महाजाम लग गया। सड़कों पर लाखों की संख्या में गाड़ियां फंसी रहीं। यहां लोगों के का कहना है कि एक किलोमीटर की दूरी तय करने में भी दो घंटे का समय लग गया। वहीं स्कूल से लौटने वाले बच्चे रात 8 या 9 बजे तक घर पहुंचे। सबसे ज्यादा ट्रैफिक जाम बाहरी रिंग रोड पर देखा गया। लोगों का कहना था कि वे पांच से छह घंटे तक फंसे रहे।

बता दें कि एक दिन पहले तक कर्नाटक जल संरक्षण समिति ने बंद का आह्वान किया हुआ था। ऐसे में स्कूलों और दफ्तरों में भी छुट्टियां थीं। लंबे वीकली ऑफके बाद जब लोग सड़कों पर निकले तो सड़कें भी इसे बर्दाश्त नहीं कर पाई। चारों ओर गाड़ियों का जमावड़ा और शोर। बता दें कि कर्नाटक में कावेरी नदी का पानी तमिलानाडु के लिए छोड़े जाने के खिलाफकिसान संगठन ने बंद का ऐलान कर दिया था।

बहुत सारे यूजर्स ने सोशल मीडिया पर इस जाम और अपनी परेशानी के बारे में बताया। लोग सलाह दे रहे थे कि रात 9 बजे से पहले घर से बाहर ना निकलें। इसके अलावा आउटर रिंग रोड, मराठाहल्ली, सरजापुर और सिल्कबोर्ड रूट से बचकर निकलें। एक यूजर ने कहा, ये बहुत ही परेशान करने वाला है कि मैंने एक किलोमीटर की दूरी दो घंटे में तय की। एक दूसरे यूजर ने दावा किया कि स्कूल बस ने बच्चों को रात 8 बजे घर छोड़ा।

इस महाजाम के लिए लोगों ने प्रशासन पर भी जमकर गुस्सा निकाला।

आंख दिखा रहे चीन की अब समंदर में भी खैर नहीं

नई दिल्ली(ए.)। हिंद महासागर में चीन की बढ़ती ताकत को काउंटर करने के लिए भारतीय नौसेना को एक और विमान वाहक, तीन परमाणु संचालित पनडुब्बियों और छह डीजल पनडुब्बियों की जरूरत है। जिसके लिए दरख्वास्त मोदी सरकार को दिया जा चुका है। इन अत्याधुनिक पारंपरिक पनडुब्बियों का निर्माण भारतीय शिपयार्ड में पीएम मोदी की आत्मनिर्भर भारत विजन के तहत किया जाएगा। चीन की तरफ से मलक्का जलडमरूमध्य से अदन की खाड़ी में चहलकदमी से उसके विस्तारवादी नीतियों की बू आ रही है। ऐसे में भारत की तरफ से काउंटर की तैनाती की जानी जरूरी है। बेल्ट-रोड-इनिशिएटिव (बीआरआई) की आड़ में चीन ने भारतीय उपमाद्वीप को घेरने की पूरी कोशिश की है। बीआरआई के तहत चीन भारत को काउंटक करने के ठिकाने तैयार कर चुका है, जिसमें मलक्का जलडमरूमध्य के पास कंबोडिया के रीम में टर्नअराउंड लॉजिस्टिक्स बेस, बंगाल की खाड़ी में कोको द्वीप पर लिसनिंग पोस्ट, श्रीलंका में हंबनटोटा बेस, बलूचिस्तान में ग्वादर, जस्क में नौसैनिक बेस, ईरान में और लाल सागर के मुहाने पर जिबूती में नौसैनिक बेस तैयार कर चुका है।

आपस में भिड़े पूर्वोत्तर के दो राज्यों के लोग

- **एक-दूसरे पर चला रहे धनुष-तीर और गुलेल**

नई दिल्ली (ए.)। पूर्वोत्तर के दो राज्यों असम और मेघालय की अंतरराज्यीय सीमा पर फिर हिंसक झड़प हुई है, जिसमें एक शख्स गंभीर रूप से घायल हो गया है। दोनों राज्यों के लोगों ने एक-दूसरे पर हमला करने के लिए गुलेल, धनुष और तीर का इस्तेमाल किया। यह घटना तब हुई जब मेघालय के ग्रामीण विवादित भूमि के टुकड़े पर फसल काटने के लिए जमा हुए थे। मंगलवार को मेघालय के पश्चिम जैंतिया हिल्स जिले और असम के पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले के

बीच सीमा पर लापांगप गांव में ये झड़पें हुई। बुधवार को भी झड़पें जारी रहीं।

अधिकारियों ने बताया कि घटना में कार्बी आंगलोंग जिले का एक व्यक्ति घायल हो गया, जबकि मेघालय की ओर से किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई। दोनों राज्यों के पुलिस दलों ने घटनास्थल का दौरा किया और स्थानीय लोगों से बात कर उन्हें समझाया जिसके बाद स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। मेघालय के एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस ने झड़प वाले स्थान पर ग्रामीणों के जुटने पर रोक लगा दी। ऐसे में शांति तो है, लेकिन बुधवार को सुबह तक स्थिति तनावपूर्ण थी। वेस्ट जंयतिया हिल्स जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, ''हम स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए असम के वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में अपने समकक्षों के साथ समन्वय कर रहे हैं।''

लापांगप गांव के एक बुजुर्ग देइमोनमी लिंगदोह ने दावा किया कि गांव के किसान अपने धान के खेतों में काम कर रहे थे तभी खेतों के पास छिपे असम के लोगों ने उन पर गुलेल और तीर-कमान से हमला किया। उन्होंने कहा,÷जैसे ही हमले के बारे में जानकारी मिली तो हमारे

पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे : लालू

पटना (वार्ता)। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने देश के 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रोफेसर की संख्या महज चार प्रतिशत रहने से संबंधित रिपोर्ट को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला और कहा कि पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे हैं।

श्री यादव ने गुरुवार को सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर इस संबंध में प्रकाशित रिपोर्ट की प्रति के साथ टिप्पणी की, ÷भाजपा की गरीब, वंचित,उपेक्षित और बहुजन विरोधी विचारधारा एवं धर्म के आवरण तले तथा मोदी सरकार की एक सोची समझी रणनीति और षड्यंत्र के तहत केंद्रीय शैक्षणिक संस्थानों में सुनियोजित ढंग से अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त किया जा रहा है।÷

राजद अध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालयों में सिर्फ़ चार प्रतिशत ओबीसी प्रोफेसर हैं जबकि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि पिछड़ों का आरक्षण भाजपाई खा रहे हैं।

जी 20 समूह की ऑन लाइन शिखर बैठक के आयोजन की तैयारियां शुरू

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत में अपनी अध्यक्षता में जी -20 समूह की एक ऑन लाइन शिखर बैठक के आयोजन की तैयारी शूरू कर दी है। प्रधानमंत्री कार्यालय की विज्ञप्ति के अनुसार प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डा पी के मिश्रा ने अधिकारियों को इस सबध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा के अनुसार ऑडियों विजुअल माध्यम से जी-20 की शिखर बैठक के आयोजन की तैयारी शुरू करन के निर्देश दिये।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि डा़ मिश्रा ने बुधवार को उच्च स्तरीय बैठक में नई दिल्ली में आयोजित जी -20 बैठक के निर्णयों पर कार्रवाई की समीक्षा की। बैठक में जी -20 के लिए भारत के शेरपा अमिताभ कांत ,विदेश सचिव विनय मोहन क्वोत्रा और आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ शामिल थे। उल्लेखनीय है कि जी-20 की बैठक इसी माह नौ और दस तारीख को नई दिल्ली में आयोजित की गयी थी जिसमे आर्थिक वित्तीय पर्यावरण जलवायु परिवर्तन नवीकरणीय ऊर्जा प्रोद्योगिकी तथा सामाजिक विकास के विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग के लिए नेताओं ने सर्व सम्मति से घोषणा पत्र को स्वीकार किया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शिखर सम्मेल में एक सत्र में कहा था कि जी-20 अध्यक्षता नवम्बर के अन्त तक भारत के पास है।

...ऐसे थे अविभाजित मध्यप्रदेश के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में 26 जनवरी को पूर्व मुख्यमंत्रियों की मूर्तियों का अनावरण समारोह आयोजित किया गया है। यह छत्तीसगढ़ के लिए सम्मान का अवसर है क्योंकि सभी मुख्यमंत्रियों की मूर्तियों के बीच एक मूर्ति हमारी छत्तीसगढ़ के माटी के सपूत गोंड आदिवासी नेता राजा नरेशचंद्र की भी है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों अनावरण कार्यक्रम के समय स्व. नरेशचन्द्र जी के परिवार के सदस्यों में उनकी सुपुत्री पुष्पा देवी सिंह (पूर्व सांसद), सुपुत्री कमला देवी सिंह (पूर्व मंत्री,मध्यप्रदेश), कुलिशा मिश्रा और परिवेश मिश्रा उपस्थित थे।

क्या आप जानते हैं कि मध्यप्रदेश के राजनीतिक इतिहास में एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री बने हैं, जो कि छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखते थे?

छत्तीसगढ़ के गोंड आदिवासी नेता राजा नरेशचंद्र सिंह जिन्होंने अपना पूरा जीवन जनता की सेवा में

समर्पित कर दिया मगर अफसोस उन्हें राजनैतिक दलों ने विस्मृत कर दिया। आजादी के बाद क़रीब दो दशक तक मध्यप्रदेश में मंत्री पद संभालने वाले गोंड आदिवासी नेता राजा नरेशचंद्र सिंह जो कि सारंगढ़ रियासत के राजा थे। भारत की आज़ादी के साथ ही उन्होंने अपनी रियासत का विलय भारतीय संघ में कर दिया।

अपना पूरा जीवन रियासत और सियासत में बिताने वाले राजा नरेशचंद्र ने मुख्यमंत्री पद की शपथ भी ली और आखिर में राजनीतिक उठापटक से त्रस्त होकर राजनीति से ले लिया संन्यास।

आइए जानते हैं उनके बारे में

- मध्यप्रदेश के पहले मंत्रिमंडल के सदस्य, जिन्होंने आदिवासी कल्याण, बिजली विभाग समेत अनेक महत्वपूर्ण पदों की ज़िम्मेदारी सँभाली।
- राजा नरेशचन्द्र सिंह जी सारंगढ़ रियासत के राजा थे ।
- उनका जन्म 21 नवम्बर, 1908 को हुआ था उन्होंने राजकुमार कॉलेज, रायपुर से शिक्षा हासिल की थी।
- उन्होंने शिक्षा पूरी होने के पश्चात रायपुर में मजिस्ट्रेट के रूप में कार्य कर प्रशासनिक दक्षता हासिल की । इसके बाद अपने पिता स्वर्गीय राजाबहादुर जवाहर सिंह, सी.आई.ई. के राज्यकाल में शिक्षा मंत्री के पद पर भी कार्य किया।
- 1936-37 में महानदी की भयंकर बाढ़ के समय सहायता-कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई तथा बाढ़ पीड़ितों को अन्न, वस्त्र व आवास संबंधी सहायता की और हैजा महामारी फैलने पर जनता की मदद की।
- उन्होंने 1942 में फुलझर राजा (सराईपाली-बसना) की सुपुत्री श्रीमती ललिता देवी से विवाह किया।
- 1948 में उन्होंने अपने राज्य को नये आज़ाद भारत में विलीन कर दिया।
- सितम्बर 1949 में छत्तीसगढ की विलय हुई रियासतों के प्रतिनिधि के रूप में सारंगढ़ के राजा नरेशचन्द्र सिंह को विधानसभा में मनोनीत किया गया और फिर मंत्रीमंडल में शामिल किया गया।
- 1951 में जब देश में प्रथम आमचुनाव हुआ तब कांग्रेस पार्टी की ओर से राजा नरेशचन्द्र सिंह ने सारंगढ़ सीट से ऐतिहासिक जीत हासिल की। इस चुनाव के बाद विद्युत के साथ साथ लोकनिर्माण तथा आदिवासी कल्याण विभाग का दायित्व भी उन्हें दिया गया।
- 13 मार्च 1969 को नरेशचंद्र सिंह जी मुख्यमंत्री बने लेकिन उसके 13वें दिन ही यानि 25 मार्च 1969 को राजनीतिक तिकड़म और दांव-पेचों से त्रस्त हो कर उन्होंने मुख्यमंत्री के पद के साथ साथ विधानसभा से इस्तीफ़ा दे कर राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी ।
- 1969 में उनके इस्तीफे के चलते पुसौर विधानसभा खाली हुई। यहां उपचुनाव में उनकी पत्नी रानी ललिता देवी निर्विरोध चुनी गईं।
- राजा नरेशचन्द्र सिंह जी के हाथों से मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में आदिवासियों के हित में सरकारी विभाग और कार्यक्रमों की नींव पड़ी।
- लोकनिर्माण मंत्री के रूप रायपुर के पास आरंग में दो वर्ष की अवधि में महानदी पर बने पुल का पूरा श्रेय राजा नरेशचन्द्र सिंह को दिया जा सकता है।

मेकाहारा के डॉक्टरों का कमाल, पांच लिगामेंट का पुनर्निर्माण कर पैरों में डाली जान

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क दुर्घटना में मोटरसाईकिल से गिरकर जख्मी हुए 26 वर्षीय युवक के घुटने की हड्डी के अंदर स्थित लिगामेंट के टूट जाने से पैर में जान बाकी नहीं था। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय के अस्थि रोग विभाग के डॉक्टर प्रो. राजेन्द्र अहिरे एवं उनकी टीम ने एक के बाद एक पांच लिगामेंट का पुनर्निर्माण (रिकन्स्ट्रक्शन) करके घुटने में प्रत्यारोपित कर मरीज के दायें पैर को खराब होने से बचा लिया। हालांकि यह मरीज अन्य जगहों पर इलाज कराते हुए दुर्घटना के ढाई महीने बाद काफ ी देरी से अम्बेडकर अस्पताल पहुंचा था। तब तक मरीज के घुटने की स्थिति बेहद खराब हो चुकी थी। अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं मरीज का इलाज करने वाले डॉक्टर राजेंद्र अहिरे बताते हैं कि कबीरधाम प्रानखेरा निवासी 26 वर्षीय मरीज का दिनांक 10 अप्रैल 2023 को मोटरसाईकिल से एक्सीडेंट हुआ था जिसके उपरान्त उसे बिलासपुर के प्राइवेट हॉस्पिटल ले जाया गया। वहां उसको घुटने के ऊपर तक 02 माह के लिए प्लास्टर चढ़ा दिया गया था जिसके कारण उसका घुटना नहीं मुड़ रहा था। घुटना पूरी तरह से अकड़ गया था एवं पैर में जान नहीं था। मरीज पैर के सहारे चल नहीं पाता था फि र इसे बाहर से एमआरआई करवाने पर पता चला कि घुटने का सभी तन्तु (लिगामेंट) टूट गया है जिसके कारण बाहर के डॉक्टरों ने कॉम्प्लीकेटेड केस है, यह जानकारी दी। फि र मरीज को

अम्बेडकर अस्पताल में दिखाया। यहां आगे के उपचार की योजना बनाई गई। दो बार क्रमबद्ध दो चरणों में ऑपरेशन करने का निर्णय लिया गया। मरीज का पहले 03 लिगामेंट (लेटरल कोलेटरल लिगामेंट, पॉप्लिटियस लिगामेंट, पॉपलिटियो फिबुलर लिगामेंट) का पुनर्निर्माण किया गया एवं उसके 6 हफ्ते बाद पुनः दूरबीन पद्धति से 02 लिगामेंट (एन्टीरियर एवं पोस्टीरियर क्रुसियेट लिगामेंट) का पुनर्निर्माण किया गया। कुल 05 लिगामेंट (तन्तुओं) का पुनर्निर्माण किया गया है। अभी मरीज अपने पैर पर चल रहा है एवं घुटना भी 100 डिग्री मुड़ रहा है। डॉ. राजेन्द्र अहिरे बताते हैं कि फ ीमर एवं टिबिया में टनल बनाकर यह ऑपरेशन किया जाता है। इस ऑपरेशन में सबसे बड़ी चुनौती टिबिया और फीमर में टनल बनाना था। बहुत सारे टनल होने के कारण एक टनल के, दूसरे टनल से टकराने की संभावना हो सकती है जिससे ऑपरेशन फेल भी हो सकता है। दूसरी सबसे बड़ी समस्या होती है कि इतने सारे तंतु को बनाने के कारण कई बार घुटना जाम हो जाता है। मरीज के दूसरे ऑपरेशन को अभी एक सप्ताह हुए हैं। मरीज अभी चलना चालू किया गया है। चार से छह महीने में मरीज दौड़ने लगेगा। ऑपरेशन करने वाले डॉक्टरों की टीम में डॉ. राजेंद्र अहिरे, डॉ. सौरभ जिंदल, डॉ. अतिन कुंडू, निश्चेतना से डॉ. मंजुलता टंडन पीजी से डॉ. डागेन्द्र, डॉ. लिंगराज, डॉ. संदीप एवं डॉ. मनीष शामिल रहे।

न्यूज गैलरी

रायपुर जिले को मिलेगा नया पंजीयक कार्यालय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज राजधानी रायपुर के तात्यापारा चौक में आयोजित भूमिपूजन-शिलान्यास कार्यक्रम में 9 करोड़ 16 लाख 70 हजार रूपए की लागत से बनने वाले नवीन जिला पंजीयक कार्यालय का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल शहरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंजीयन से शासन को राजस्व की प्राप्ति होती है। कार्यालय की सुविधाएं बेहतर होने से अधिकारी-कर्मचारियों के साथ-साथ नागरिक सुविधाएं बढ़ेगी और सुगमता के साथ उनके कार्य होंगे। पंजीयक कोर्ट के विस्तार से रजिस्ट्री के कार्यों में तेजी आएगी और समय की बचत भी होगी। उन्होंने कहा कि स्टाम्प से लेकर पंजीयन तक की सुविधा एक ही छत के नीचे मिलने से आम लोगों को आसानी होगी। उल्लेखनीय है कि पांच मंजिला नये जिला पंजीयक भवन में सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी। 4428 वर्गमीटर में बनने वाले कार्यालय भवन के भू-तल में पर्किंग एरिया, केंटिन, ई-रजिस्ट्री-स्टाम्प की व्यवस्था होगी। वहीं प्रथम तल में वरिष्ठ जिला पंजीयक कक्ष, तीन कोर्ट और द्वितीय तल में चार पंजीयक कोर्ट, प्रतिक्षालय बनाया जाएगा। भवन के तृतीय तल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, मीटिंग हॉल, जिला पंजीयक स्टाफ कोर्ट, सर्वर रूम तथा चौथे व पांचवें तल में रिकार्ड रूम, नोटरी एवं कोर्ट हाल का निर्माण किया जाएगा।

युवती से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में फि र एक युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस बार अनुसूचित जाति की एक युवती से स्पा सेंटर के मालिक ने रेप किया है। युवती का आरोप है कि दवाई खिलाकर उससे होटल के कमरे में दुष्कर्म किया गया। वारदात के बाद आरोपी ने युवती को जान से मारने की धमकी भी दी जिसके बाद युवती ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई, पुलिस ने अपराध दर्ज होने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सूने मकान से लाखों के जेवर पार

रायपुर/नवप्रदेश। एमआईजी 180 गुरूद्वारा के पीछे कबीरनगर स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी बिंदू सिंह 58 वर्ष एमआईजी 180 गुरूद्वारा पीछे कबीरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी मंगलवार के शाम अपने घर में ताला लगाकर शाम साढ़े 5 बजे से साढ़े 6 बजे तक कहीं गया था। जब वापस आया तो देखा कि उसके सूने मकान का ताला टूटा हुआ था और आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर गायब है। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कबीरनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

पुरानी रंजिश के चलते युवक को पीटा

रायपुर/नवप्रदेश। ईदगाहभाठा स्थित गोंडवाना गैस एजेंसी के पास पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी दीपक बाग 27 वर्ष ईदगाहभाठा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी राहुल सोनकर ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया और चाकू से जांघ पर मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

दो पक्ष आपस में भिड़े, केस दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। सतनामीपारा धरसींवा में मकान बनाने की विवाद पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी फागलाल लतेल 50 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी तुलाराम मिरी व अन्य 2 लोगों ने मकान बनाने की बात को लेकर प्रार्थी से विवाद कर गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी सरिता मिरी पति तुलाराम 45 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपने मकान के पीछे की भाग की छबाई कर रही थी। तभी आरोपी फागलाल लतेल व अन्य 3 लोगों ने प्रार्थिया व उसके लड़के व बहू से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मंदिरहसौद व माना पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 45 पाव देशी व अंग्रेजी शराब जब्त किया है। जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने ग्राम उमरिया धान खरीदी केंद्र के पास अवैध शराब के साथ आरोपी यादराम धीवर 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 10 पाव देशी व 10 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। इसी तरह माना पुलिस ने कमल विहार चौक के पास आरोपी जावेद खंडेलवाल 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 25 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

प्रतिबंधित सीरप के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। आजाद चौक पुलिस ने ईदगाहभाठा में प्रतिबंधित शीरप के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22 नग प्रतिबंधित शीरप जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ईदगाहभाठा में दबिश देकर आरोपी आवेश बैग 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 22 नग कोडिन फासफेट कफ शीरप जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 3850 रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बारनवापारा, भोरमदेव अभ्यारण्य अब जंगल सफारी के नियंत्रण में

रायपुर/नवप्रदेश। बारनवापारा और भोरमदेव अभयारण्य का संरक्षण एवं संवर्धन की जिम्मेदारी जंगल सफ ारी के डायरेक्टर को सौंपी गई है। इसी तरह गोमर्डा अभ्यारण्य का संचालन अचानकमार, अमरकंटक बायोस्फि यर को बिलासपुर के संचालक को सौंपा गया है। राज्य सरकार के निर्देश पर पीसीसीएफ एवं वन बल प्रमुख वी श्रीनिवास राव द्वारा यह आदेश जारी किया गया है. इस फेरबदल से अभयारण्य में शिकारी, तस्करी करने वाले गिरोह पर अंकुश लगेगा. वहीं अभयारण्य परिक्षेत्र में विचरण करने वाले वन्य प्राणियों, जंगल और जैवविविधता को बचाने के साथ विकसित करने में मदद मिलेगी. वह अभयारण्य को कोर, बफर और सामान्य क्षेत्र में रिपोर्ट तैयार करेंगे. इसके आधार पर वन परिक्षेत्र, वन्य प्राणियों को सुरक्षित रहवास मिलेगा. वहीं उनकी संख्या में इजाफा होने के साथ ही पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा. बारनवापारा अभयारण्य को बलौदाबाजार और भोरमदेव अभयारण्य को कवर्धा डीएफओ को जिम्मेदारी सौंपी गई थी. इसी तरह गोमर्डा अभयारण्य डीएफओ रायगढ़ के अधीन था. लेकिन, स्थानीय वन परिक्षेत्र के साथ ही अतिरिक्त जिम्मेदारी दिए जाने के कारण वे अभयारण्य की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दे पा रहे थे. इसके चलते तीनों ही अभयारण्य केवल नाम के लिए संरक्षित क्षेत्र रह गए थे.

राज्य में औद्योगिक विकास के लिए उपयुक्त माहौल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में औद्योगिक विकास के लिए उपयुक्त माहौल के निर्माण पर सरकार की नीतियों और उद्योगों के हित में संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की है। प्रतिनिधिमंडल ने इस मौके पर छत्ती सगढ़ के नगरीय निकाय क्षेत्र में उद्योग विभाग द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्रों में स्थापित औद्योगिक इकाईयों का सम्पत्ति कर में छूट दिए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री बघेल का आभार भी व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा राज्य में सुगम और तीव्र औद्योगिक विकास के लिए इसे महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बताया गया। प्रतिनिधिमंडल द्वारा चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि मुख्यमंत्री बघेल की पहल पर राज्य में औद्योगिक विकास के मद्देनजर लिए गए फैसले और उद्योगों के हित में बनाई गई योजनाओं से औद्योगिकीकरण में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इसके फलस्वरूप प्रदेश में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। साथ ही नये उद्योगों की स्थापना को बल मिला है। प्रतिनिधिमंडल में उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग सहित विनोद केजरीवाल, राजकुमार राठी, विक्रम जैन, नीरज अग्रवाल, विवेक अरोरा, संजय अग्रवाल, संजय जलान, राजेश अग्रवाल, रामकृष्ण केडिया, शिशिर अग्रवाल, अशोक गोयल, संतोष बैद, रविकांत यादव, सुनील कुमार जैन, सुभाष अग्रवाल, दीपक भिमसरिया, जे.पी. अग्रवाल और राजेन्द्र कुमार वर्मा आदि शामिल थे।

अलग-अलग क्षेत्र से दो बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो बाइक पार कर दी। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार हनुमान नगर संतोषी नगर निवासी प्रार्थी रोशन प्रसाद लखेरा 32 वर्ष ने देवेन्द्र नगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 18 एमएच 7875 से सीटी सेंटर मॉल गया था, जहां पार्किंग में खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर देवेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

वहीं दूसरे मामले में मुजगहन निवासी प्रार्थी रिषभ कुमार दुबे 25 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 डीडी 6702 को मौदहापारा स्थित कृष्णा कॉम्पलेक्स के सामने खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर मौदहापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

बीपी पुजारी स्कूल व नालंदा प्रोजेक्ट को मिला अवार्ड

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में इंदौर में आयोजित आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार के इंडियन स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव-2023 में रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के स्वामी बीपी पुजारी अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रोजेक्ट को सामाजिक सरोकार की श्रेणी में एवं डॉ. महादेव प्रसाद पाण्डेय नालंदा परिसर योजना को उत्कृष्ट नवाचार श्रेणी में सम्मानित किया गया है। सात वर्षों में यह पहला अवसर है, जब रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रोजेक्ट को प्रतिष्ठित इंडियन स्मार्ट सिटी कॉन्क्लेव अवार्ड में सम्मानित किया गया है। इंदौर के ब्रिलिएंट

कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस भव्य स्मार्ट सिटी प्रदर्शनी में केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी के हाथों रायपुर महापौर एजाज ढेबर एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के मुख्य परिचालन अधिकारी उज्जवल पोरवाल ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

कलिंगा विवि में साइंस वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय रायपुर मध्य भारत में उच्च शिक्षा में उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में उभरा है। नई रायपुर के स्मार्ट सिटी में स्थित, इस विश्वविद्यालय ने शिक्षा के क्षेत्र में अपने लिए एक जगह बनानी शुरू कर दी है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षितिज पर एक चमकते सितारे के रूप में उभर रहा है। 2013 में स्थापित यह विश्वविद्यालय 12000 से अधिक छात्रों का विश्वास जीतने में सक्षम रहा है। पूरे देश और अफगानिस्तान, अंगोला, बांग्लादेश, कैमरून, गाम्बिया, आइवरी कोस्ट, केन्या, लेसोथो, लाइबेरिया, मलावी, नामीबिया, नेपाल, नाइजीरिया, पापुआ न्यू गिनी, दक्षिण सूडान, स्वाजीलैंड, तंजानिया, युगांडा, ज़ाम्बिया और ज़िम्बाब्वे आदि देशों के छात्रों ने अपनी शिक्षा

और करियर के लिए इस विश्वविद्यालय को चुना है। वर्तमान में, विश्वविद्यालय कला और मानविकी, जैव प्रौद्योगिकी, वाणिज्य और प्रबंधन, यूएक्स डिजाइन, इंजीनियरिंग, फैशन डिजाइन, सूचना प्रौद्योगिकी, इंटीरियर डिजाइन, पत्रकारिता और जनसंचार, कानून, पुस्तकालय जैसे यूजी और पीजी कार्यक्रमों की पेशकश करने वाले विभिन्न स्कूलों के माध्यम से छात्र समुदाय की सेवा कर रहा है। विज्ञान, फ ार्मेसी, विज्ञान, शिक्षा और योग। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में डॉक्टरेट अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए एक केंद्र भी है। विज्ञान संकाय, कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर 9वीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए साइंस वर्किंग मॉडल प्रतियोगिता 2.0 एक इंटर स्कूल प्रतियोगिता आयोजित करने जा रहा है। राज्य बोर्ड के छात्र, सीबीएसई बोर्ड, आईसीएसई और अंतर्राष्ट्रीय बोर्ड भाग ले सकते हैं। पूरे भारत से आवेदन आमंत्रित हैं। इसमें कोई पंजीकरण शुल्क नहीं होगा। यह प्रतियोगिता छात्रों को जीवन में आने वाली समस्याओं और चुनौतियों के प्रति अधिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में भी मदद करेगी। सभी स्कूलों से अनुरोध है कि वे अपने छात्रों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

चाकू लहराते दो युवक पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। डीडीनगर पुलिस ने चंगोराभाठा बाजार चौक के पास चाकू लहराते दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली कि चंगोराभाठा बाजार चौक के पास दो युवक चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी दिनेश विश्वकर्मा 38 वर्ष व बृजेश देवांगन 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्रवाई की है।

विश्व पर्यटन दिवस पर छात्रों ने बनाए आकर्षक मॉडल

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर मैट्स विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग द्वारा विश्व पर्यटन दिवस समारोह-2023 का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यार्थियों ने देश व राज्य की संस्कृति और पर्यटन को मॉडल व पोस्टर के माध्यम से दशार्या। विद्यार्थियों ने विभन्न राज्यों की संस्कृति को व्यंजन के माध्यम से भी प्रस्तुत किया। मैट्स विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेशमा अंसारी ने बताया कि विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर 27 सितंबर को पर्यटन दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए माडल व पोस्टर प्रतियोगिता का

आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक डीन एकेडमिक डॉ. विजय भूषण थे। उन्होंने भारत एवं छत्तीसगढ़ में पर्यटन की संभावनाओं से अवगत कराते हुए विद्यार्थियों को अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। उन्होंने कहा कि पर्यटन के माध्यम सामाजिक-आर्थिक विकास होता है और इस क्षेत्र में विद्यार्थियों के कैरियर की भी अपार संभावनाएँ हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्व पर्यटन दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए हिन्दी विभाग के इस कार्यक्रम की सराहना की। विश्व पर्यटन दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने देश व राज्य की संस्कृति को पोस्टर एवं मॉडल बनाकर दिखाया। इनमें महादेव घाट, रायपुर का लक्ष्मण झूला, केदारनाथ, अयोध्या का राम मंदिर, जगन्नाथ मंदिर के मॉडल प्रमुख रूप से शामिल थे। पोस्टर प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने राम मंदिर सहित द्वारका धाम, चित्तौढ़गढ़ और राजस्थान के पर्यटन की विशेषताओं को दर्शाया। मॉडल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान धनिस्था साहू, प्रिंसी सोनी, अक्षिता बंसोड़, दिशा कोमरे (केदारनाथ) की टीम ने, द्वितीय स्थान उर्मिला गोंड (खारुन नदी, लक्ष्मण झूला), तृतीय स्थान अंजली देवांगन, अभ्या सोनी, आदित्य शुक्ला, रीतिक गुप्ता (राम मंदिर) तीसरा स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में एम.ए. हिन्दी की छात्रा सुप्रिया राय (राजस्थान पर्यटन) ने प्रथम और नितिन तिवारी (हावड़ा ब्रिज) ने द्वितीय स्थान हासिल किया। बी.ए. वर्ग में पोस्टर प्रतियोगिता में याना और अंजली शुक्ला (उत्तरप्रदेश पर्यटन) ने प्रथम, अनिकेत निराला, पल्लवी रेड्डी, निरल पटेल की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया। बुक प्रोजेक्ट में दिशा कोमरे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

संपादकीय

वर्ल्ड कप में भारत के पास हैट्रिक लगाने का मौका

भारत में होने जा रहे वर्ल्डकप में भारत के पास एक बार फिर वर्ल्डकप जीतकर हैट्रिक लगाने का सुनहरा मौका है। भारतीय क्रिकेट टीम इस समय विश्व की सबसे मजबूत क्रिकेट टीमों में से एक है। भारत ने पहले ही टेस्ट मैचो और टी-20 में दुनिया की नंबर वन टीम होने का खिताब अपने नाम किया हुआ है और अब उसने आस्ट्रेलिया को भी एक दिवसीय क्रिकेट मैच की श्रंखला में दो-एक से पराजीत कर वनडे में भी दुनिया की नंबर वन टीम बनने का गौरव हासिल कर लिया है। इसके ठीक पहले श्रीलंका में हुए एशिया कप में भी भारतीय क्रिकेट टीम का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है। श्रीलंका और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों को भारतीय क्रिकेट टीम ने जीस बुरी तरह पराजीत कर एशिया कप पर कब्जा जमाया है। उसे देखते हुए यहीं कहा जा सकता है कि भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का हौसला इन दिनों सातवें आसमान पर है। भारतीय क्रिकेट टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही बेहतरीन है। सिर्फ क्षेत्ररक्षण में थोड़ा सुधार करने की जरूरत है। गौरतलब है कि वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारतीय क्रिकेट टीम दो बार कब्जा कर चुकी है। सबसे पहले 1982 में वेस्ट इंडिज में हुए वर्ल्ड कप में कपिल देव के नेतृत्व में भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल मैच में दो बार की विजेता रही वेस्ट इंडिज को एक रोमांचक मुकाबले में पराजित कर पहली बार वर्ल्ड कप जीतने का गौरव हासिल किया था। उस समय वनडे क्रिकेट 60 ओवरों का होता था। इसके ढाई दशकों बाद एक बार फिर भारतीय क्रिकेट टीम ने महेन्द्र सिंह धोनी नेतृत्व में 2011 में वर्ल्ड कप जीता था। सबसे अधिक पांच बार आस्ट्रेलिया ने वनडे क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता है। भारत वेस्ट इंडिज दोनों ही दो-दो बार वर्ल्ड कप जीतकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। इस बार यदि भारतीय क्रिकेट टीम वर्ल्ड कप जीतने की हैट्रिक लगाने में सफल हो जाती है तो वह दुनिया की ऐसी बड़ी टीम हो जाएगी जो आस्ट्रेलिया के बाद सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप जीतने का रिकार्ड कर लेगी। बीसीसीआई ने वर्ल्डकप के लिए जो भारतीय क्रिकेट घोषित की है वह पुरी तरह संतुलित है। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की ओपनिंग जोड़ी निश्चित रूप से बड़े स्कोर की आधारशीला रखने में सफल होगी। वहीं मध्यक्रम में भी विराट कोहली, केएल राहुल, श्रेयस अय्यर, इशान किसन सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पाण्डे का बल्ला भी इन दिनों जमकर बोल रहा है। वहीं आलराउंडर के रूप में रविन्द्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप यादव से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है। तेज गेंदबाजी में जसप्रित बूमराह, मोहमद समी, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज की गेंदे भी आग उगल सकती है। कुलमिलाकर भारतीय क्रिकेट टीम में बेहतरीन खिलाड़ियों का चयन किया गया है और वे सभी इन दिनों अच्छी फार्म में चल रहे है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। चूंकि वर्ल्ड कप भारत में ही हो रहा है इसलिए भारतीय क्रिकेट टीम को यहां की परिस्थितियों का ही लाभ नहीं मिलेगा बल्कि दर्शकों का भी उन्हें भरपूर समर्थन मिलेगा। यदि भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों का जो हालिया प्रर्दशन रहा है वह वर्ल्ड कप के दौरान भी जारी रहता है तो कोई बड़ी बात नहीं की एक बार फिर टीम इंडिया की झोली में वर्ल्ड कप आ जाए। चूंकि वर्ल्ड कप क्रिकेट का महाकुंभ कहलाता है और हर क्रिकेट टीम इसके लिए अपना पूरा दम खम झोंक देती है ऐसे में इस वर्ल्ड कप में भाग लेने वाली अन्य नौ टीमों को हल्के में लेना भारतीय क्रिकेट टीम को भारी पड़ सकता है। हमारी टीम के कुछ खिलाड़ियों की कई कमजोरिया भी है जिसे दूर करने के लिए उन्हें वरिष्ठ खिलाड़ियों से सलाह मशवरा कर अपनी कमजोरी को दूर कर लेना चाहिए ताकि विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ दे सके और तीसरी बार वर्ल्ड कप भारत की झोली में डाल सके।

आतंकवाद की अंधी गलियां

पाकिस्तान के बाद अब कनाडा आतंकवादियों की बड़ी मंडी

संजीव ठाकुर

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने जी-20 सम्मेलन के दौरान यह बयान दिया था कि आतंकवाद के किसी भी स्वरूप को वैश्विक स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और विश्व के कई देशों ने इसका खुले तौर पर समर्थन भी किया था। अब तक पाकिस्तान ही आतंकवादियों का बड़ा केंद्र बना हुआ था, आतंकवादी गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का काम किया करता था और यही कारण है कि वह विकास की मुख्य धारा से अलग होकर कंगाल हो चुका है, जनता को खाने के लाले पड़े हुए हैं महंगाई चरम सीमा पर है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी के बड़े प्रोत्साहन से खालिस्तानी आतंकवादी अब कनाडा को अपना केंद्र बन चुके हैं पाकिस्तान खालिस्तानी आतंकवादियों को भारत के विरोध में टेरर फंडिंग भी करता है और आवश्यक सलाह मशवरा देकर ट्रेनिंग देने का काम भी करता आया है, उन्हें कनाडा सरकार का खुला समर्थन प्राप्त है। कनाडा में रहकर खालिस्तानी आतंकवादी पंजाब और पूरे भारत में आतंकी गतिविधियों को संचालित करते आ रहे हैं, ऐसे में कनाडा का भी वही हश्र होना है जो पाकिस्तान का हुआ है। कनाडा के प्राइम मिनिस्टर जस्टिन टुद्रो आतंकवाद की राह पर आगे निकल चुके हैं। आतंकवादी खालिस्तानी उग्रवादियों को अपने पिता की तरह गलती की पुनरावृत्ति कर कनाडा के वर्तमान प्रधानमंत्री खुला समर्थन दे रहे हैं। भारत पर एक कुख्यात आतंकवादी निज्जर की की कनाडा में घुसकर हत्या का बेबुनियादी और प्रमाण विहीन आरोप लगाकर कनाडा के प्रधानमंत्री और उनका देश विश्व में अलग-अलग पड़ चुके हैं। उनकी अपनी संसद में उनका खुलकर विरोध किया जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री को अपने इस बयान पर किसी भी देश का समर्थन प्राप्त नहीं है। भारत के विदेश मंत्री एस,जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र संघ की जनरल असेंबली के मंच से कनाडा को खरी खोटी सुनाई भी है यह तय बात है कि भारत का उस हत्या से कोई लेना-देना नहीं है। कनाडा अब पाकिस्तान की तरह विश्व मंच पर अकेला पड़ गया है।

आईए एक विश्लेषण करते हैं कि आतंकवाद का मनोविज्ञान क्या है और क्यों तेजी से अपना सर उठा रहा है। आतंकवाद एक मानसिक विकृति की विचारधारा है, जिसके द्वारा हिंसक कार्यों और गतिविधियों से जनमानस अशांति और भय की स्थापना करके अपने लक्ष्य की प्राप्ति का प्रयास करना होता है। जिससे किसी भी क्षेत्र में आधिपत्य का अधिकार प्राप्त करने के लिए हिंसा और आतंक का सहारा लेकर जनमानस में अशांति का वातावरण निर्मित करने अपने मंसूबे पूरे कर आर्थिक सामाजिक और राजनैतिक विध्वंस का तांडव मचाना होता है। कुछ व्यक्तियों के समूह द्वारा संचालित मानव विरोधी गतिविधियां ही हैं जो कि समाज के विरुद्ध लूट, अपहरण, बम विस्फोट,हत्या जैसे जघन्य अपराधों को जन्म देती है। आतंकवाद मूलतः धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक परिवेश लिए हुए होता है। भारत में आतंकवाद धार्मिक और राजनीतिक ज्यादा परिलक्षित हुआ है। भारत में कश्मीर, लद्दाख, असम और मणिपुर मैं विभिन्न अलगाववादी समूह द्वारा हिंसक अपराधिक कृत्य कर

लोगों को भयभीत तथा पलायन करने पर मजबूर करने का कृत्य राजनीतिक आतंकवाद ही है। अलकायदा, लश्कर-ए-तैयबा ,जैश-ए-मोहम्मद जैसे संगठन धार्मिक कट्टरता की भावना से अपराध को अंजाम देते हैं। देश में नक्सलवाद ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, झारखंड ,बिहार और पश्चिम बंगाल में अपना मौत का परचम फेहरा के रखा है। नक्सलवाद मूलतः सामाजिक क्रांतिकारी समूह द्वारा सरकार के विरोध में आमजन तथा आदिवासियों के मध्य अपनी समानांतर सरकार चलाने हेतु हिंसक घटनाएं की हैं। यह आतंकवादी ग्रुप हिंसा के द्वारा अलग अलग तरीके से आतंकवाद फैलाने का प्रयास करते हैं ,यह ज्यादातर भीड़भाड़ वाले इलाकों में जैसे रेलवे स्टेशन बस स्टैंड रेल रेल पटरियों वायुयानो का अपहरण निर्दोष लोगों को बंदी बनाना बैंक में डकैतियां कर समाज में अराजकता तथा वैमनस्यता फैलाने का काम करते हैं। भारत में नक्सलवाद तो मूल रूप से पश्चिम बंगाल के नक्सल वाली क्षेत्र से पनपा है, जो पूरे भारत में धीरे-धीरे फैल कर हिंसक रूप अपनाए हुए हैं। आतंकवाद केवल भारत में न होकर उसका साम्राज्य वैश्विक स्तर पर भी दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से फैला हुआ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद ने अनेक घटनाओं को जन्म देकर विश्व शांति सद्भावना की मूल कल्पना को छिन्न-भिन्न करने का प्रयास किया है।

शिवराज की उपेक्षा और अपमान की असली वजह?

अरूण दीक्षित

हालांकि अटकलों के बाद भी शिवराज को मुख्यमंत्री की कुर्सी से उतारा नहीं गया।और वे नाम घोषित न किए जाने के बाद भी पूरी ताकत से लगे रहे।उन्होंने प्रदेश की जनता से अपने लिए पांचवा कार्यकाल भी मांगा।जीत सुनिश्चित करने के लिए सरकारी खजाने से दोनो हाथों से रेवड़ियां भी बांट रहे हैं। कहा जा रहा है कि जब शिवराज ने इशारों को नही समझा तब नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के लाखों भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने उन्हें समझा दिया।दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने मंच पर मौजूद शिवराज सिंह का पूरे भाषण में नाम तक नही लिया। अपने करीब एक घंटे के भाषण में महिला आरक्षण विधेयक सहित अपनी सरकार की महिलाओं से जुड़ी सभी योजनाओं पर विस्तार से बात की।लेकिन न तो उन्होंने शिवराज की लाड़ली लक्ष्मी योजना का जिक्र किया और न ही उन्हें 450 रुपए में दिए जा रहे रसोई गैस सिलेंडर की बात की। आदि शंकराचार्य की ऐतिहासिक प्रतिमा पर भी वे कुछ नही बोले।सिर्फ अपनी सरकार और अपनी योजनाओं पर बात करके लौट गए।यही नहीं उन्होंने देर शाम दिल्ली से पार्टी प्रत्याशियों की जो दूसरी सूची जारी की उसने रही सही कसर पूरी कर दी। देश के लोकतांत्रिक इतिहास में यह पहला मौका है जब किसी प्रधानमंत्री ने मंच पर मौजूद अपने ही दल के वरिष्ठतम मुख्यमंत्री का नाम तक नहीं लिया।अपने राजनीतिक विरोधियों के साथ उनका सलूक पूरी दुनियां ने देखा है और रोज देख रही है। लेकिन अपने ही दल के वरिष्ठतम मुख्यमंत्री के साथ ऐन चुनाव के समय उनके इस व्यवहार ने पार्टी कार्यकर्ताओं को चौंका दिया है।

25 सितम्बर को भोपाल यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सार्वजनिक उपेक्षा के बाद यह सवाल सबकी जुबान पर है कि आखिर ऐसा क्यों हुआ क्यों प्रधानमंत्री ने लाखों कार्यकर्ताओं के सामने न तो शिवराज सिंह का नाम लिया और न ही उनकी किसी जनहित वाली योजना का जिक्र किया?सब यह मान रहे हैं कि आजाद भारत में इस तरह का व्यवहार विरोधी दलों के नेताओं ने भी सार्वजनिक रूप से एक दूसरे के साथ अभी तक नही किया।फिर नरेंद्र मोदी और शिवराज सिंह तो एक ही दल के हैं।साथ ही समकालीन भी।तकनीकी दृष्टि से देखें तो शिवराज सिंह चौहान चुनावी राजनीति में मोदी से बहुत वरिष्ठ हैं।वे 1990 में विधायक बन गए थे।जबकि मोदी करीब 11 साल बाद 2001 में विधानसभा पहुंचे थे।

दोनों में संबंध भी सौहार्दपूर्ण ही रहे हैं।हालांकि 2014 में लालकृष्ण आडवाणी ने मोदी के साथ शिवराज सिंह का नाम भी प्रधान मंत्री पद के योग्य बीजेपी नेताओं की सूची में गिनाया था।लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बन जाने के बाद शिवराज सिंह ने धीरे धीरे मोदी के सामने आत्मसमर्पण सा कर दिया था।पिछले कुछ सालों से तो वे मोदी को भारत के लिए भगवान की देन ही बता रहे हैं।कभी भी उनका रास्ता काटने की कोशिश तो दूर उधर देखने की कोशिश तक नही की। तो फिर अचानक ऐसा क्या हुआ जो नरेंद्र मोदी ने पार्टी के लाखों कार्यकर्ताओं के सामने भोपाल में शिवराज का नाम लेना भी जरूरी नहीं समझा?हालांकि वे अमित शाह के जरिए यह बात पहले ही साफ करवा चुके थे कि शिवराज अगले मुख्यमंत्री नहीं होंगे।लेकिन प्रदेश की पहली बड़ी चुनावी सभा में सामान्य शिष्टाचार का भी निर्वहन न किया जाना एक बड़ा सवाल बन गया है। जिसका उत्तर अब प्रदेश का हर बीजेपी कार्यकर्ता जानना चाहता है। हालांकि मोदी के मन की बात भगवान के अलावा शायद ही कोई जानता हो।लेकिन बीजेपी के सूत्र ये मान रहे हैं कि मोदी की नाराजगी की वजह शिवराज के करीब 17 साल के कार्यकाल के दौरान उभरे विवाद या जनता की नाराजगी नही है।दरअसल मोदी शिवराज द्वारा उनके समानांतर रेखा खींचे जाने की कोशिश से नाखुश हैं।पिछले कुछ सालों में शिवराज सिंह ने व्यक्तिगत प्रचार और इमेज बिल्डिंग के लिए मोदी की तर्ज पर अपना निजी प्रचार तंत्र खड़ा किया!उन्होंने निजी एजेंसियों की सेवा ली।चुपचाप मोदी का अनुसरण किया।उन्होंने अपनी कुछ योजनाओं का प्रचार तो पूरी दुनिया में कराया। मोदी ने अयोध्या में राम मंदिर बनवाने का श्रेय हासिल किया है।काशी में विश्वनाथ कारीडोर बनवा कर उन्होंने अपना नाम इतिहास में दर्ज कराया है।इस बीच शिवराज ने भी अपने राज्य में मठ मंदिरों के पुनर्निमाण की शुरुआत की।सबसे पहले उन्होंने काशी की तरह उज्जैन में महाकाल के महालोक का निर्माण शुरू कराया।चुनावी लाभ लेने के लिए इसके पहले चरण का उद्घाटन भी नरेंद्र मोदी से ही कराया।इस महालोक की चर्चा दुनिया भर में हुई।हालांकि बाद में घटिया निर्माण की वजह से बदनामी भी पूरी दुनियां में हुई।इससे मोदी नाराज हुए।

शिवराज महाकाल के महालोक तक ही नही रुके।उन्होंने राज्य में कई जगहों पर देवी देवताओं के लोक बनवाने का काम शुरू किया।रामराजा लोक,देवी लोक,परशुराम लोक,रैदास मंदिर आदि प्रमुख धार्मिक परियोजनाएं प्रदेश में चल रही हैं।देश में चलाए जा रहे भगवा अभियान में इन सभी की व्यापक चर्चा भी हो रही है। इन सब में सबसे ज्यादा अहम है ओंकारेश्वर में नर्मदा के तट पर आदि शंकराचार्य की 108 फिट ऊंची प्रतिमा की स्थापना। करीब ढाई हजार करोड़ रुपए की लागत से ओंकारेश्वर पर्वत पर बने एकात्म परिसर में स्थापित यह प्रतिमा दुनियां में शंकराचार्य की सबसे ऊंची प्रतिमा है।अभी एक सप्ताह पहले 19 सितम्बर को ही शिवराज सिंह ने इस प्रतिमा का भव्य सरकारी समारोह में अनावरण किया था। हालांकि पहले खुद प्रधानमंत्री शंकराचार्य की प्रतिमा का अनावरण करने वाले थे।लेकिन वे नही आए।कारण क्या रहा वही जाने।

कहा यह जा रहा है कि मोदी नर्मदा के तट पर शंकराचार्य की विशाल प्रतिमा लगाए जाने से खुश नहीं थे।यह अलग बात है कि शिवराज पार्टी के एजेंडे पर ही काम कर रहे थे।लेकिन इस प्रतिमा की तुलना मोदी द्वारा गुजरात में लगवाई गई सरदार पटेल की विशाल प्रतिमा से किया जाना उन्हें अच्छा नही लगा।नर्मदा के तट पर पटेल के प्रतिमा स्थल को उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित कराया है।जबकि ओंकारेश्वर में ज्योतिर्लिंग होने की वजह से यहां पूरे साल तीर्थ यात्री आते रहते हैं।ऐसा माना जा रहा है कि शंकराचार्य की प्रतिमा पटेल की प्रतिमा को प्रभावित करेगी।

इसके अलावा शिवराज सिंह की बहुचर्चित लाड़ली बहना योजना से भी मोदी खुश नही हैं।शिवराज अचानक यह योजना लाए।इसे कहे समय पर लागू भी किया।भले ही सरकार का बजट चरमरा गया है लेकिन पूरे देश में इसका प्रचार हुआ।साथ में शिवराज भी चर्चा में आए। उनकी इस योजना की तर्ज पर एक अलग योजना कर्नाटक में लागू करने का ऐलान करके कांग्रेस ने विधानसभा का चुनाव जीत लिया।वह हार मोदी के लिए बड़ा झटका मानी गई। लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को 1250 रुपए हर महीने देने के साथ साथ शिवराज ने उन्हें गैस का सिलेंडर भी 450 रुपए में देना शुरू कर दिया है।मोदी ने गैस सिलेंडर के दाम घटा कर 900 रुपए किये वहीं शिवराज ने उसे 450 का कर दिया।इस मामले में भी उनकी चर्चा मोदी से ज्यादा हुई। उधर राजस्थान में अशोक गहलोत ने ऐसी ही योजनाएं लागू करके बीजेपी और मोदी के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी।हालांकि शिवराज अपनी और बीजेपी की जीत के लिए ये सब कर रहे थे लेकिन मोदी ने इसे प्रतिस्पर्धा मान लिया। इसी वजह से उन्होंने अगले मुख्यमंत्री के रूप में शिवराज का नाम पीछे करा दिया था।खुद अमित शाह ने भोपाल में यह कहा था कि मध्यप्रदेश में बीजेपी सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लडेगी और दिल्ली की लड़ाई मोदी के नेतृत्व में ही लड़ी जाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1650 इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरुआत हुई। 1774 द सोरोस ऑफ़ यंग वेर्थर के प्रकाशन ने 24 वर्षीय जोहान वोल्फगैंग वॉन गोएथे को अंतरराष्ट्रीय ख्याति तक पहुंचाया। 1808 फिनलैंड में स्वीडिश और रूसी सैनिकों के बीच एक विवाद घोषित किया गया; यह 1 9 अक्टूबर को समाप्त हुआ था। 1829 ग्रेटर लंदन की मेट्रोपोलिटन पुलिस, मूल रूप से ग्रेट स्कॉटलैंड यार्ड, वेस्टमिंस्टर में स्थापित की गई थी। 1885 दुनिया की पहली यात्री विद्युत ट्राम 'वे ब्लैकपूल' इंग्लैंड में शुरू हुई। 1911 इटली ने ऑटोमन साम्राज्य (तुर्की) के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1913 तुर्क साम्राज्य और बुल्गारिया साम्राज्य के बीच इस्तांबुल में कॉन्स्टेंटिनोपल की संधि पर हस्ताक्षर किया। 1913 दुनिया को डीजल इंजन देकर उद्योगों और परिवहन में क्रांति करने वाले रुडोल्फडीजल की रहस्यमयी ढंग मौत हो गई।

QUIZ TIME

1) केन्द्रीय एगमार्क प्रयोगशाला कहाँ स्थित है?

2) भारत की प्रथम महिला वकील कौन थी?

3) देश का सनसिटी के नाम से जाना जाने वाला शहर कौन-सा है?

4) टोबिन कर किससे संबंधित है?

5) हाल ही में किस दिग्गज मराठी कवि और गीतकार का 81 वर्ष की आयु में निधन हो गया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) नागपुर (2) कार्नेलिया सोराबजी (कोलकाता, 1924) (3) जोधपुर (4) विदेशी मुद्रा लेन देन पर (5) नामदेव धोंडो महानोर

आज का पंचांग (शुक्रवार, 29 सितम्बर)

सूर्योदयः 06:18, सूर्यास्तः 06:22, चन्द्रोदयः 11:47, चन्द्रास्तः 21:59, अयन दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतुः शरद, शक सम्वत:1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः 2080 (पिंगल), मास भाद्रपद, पक्ष शुक्ल, तिथि पूर्णिमा, नक्षत्र उत्तर भाद्रपद, योग प्रीति (01:45 से आयुष्मान), प्रथम करण तैतिल (14:14 तक), द्वितीय करण गर (01:59 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य -कन्या, चंद्र-वृश्चिक, मंगल-कन्या (अस्त, पश्चिम, मार्गी) बुध -सिंह (उदित, पश्चिम, वक्री), गुरु-मेष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र-कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि -कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु -मेष, केतु -तुला।

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (दही का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरणः आज जन्मे शिशुओ का नाम उत्तर भाद्रपद नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय , तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (दू, थ, झ, ञ) नामक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष-आज का दिन प्रतिकूल रहेगा पूर्व में बरती लापरवाही के कारण सेहत में विकार आने से प्रातः काल से ही अनमने से रहेंगे।

वृष-आज का दिन भी आपके लिये लाभदायक रहने वाला है दिन के आरंभ में घर मे किसी से व्यर्थ की बात पर उलझेंगे।

मिथुन-आपके लिए शानदार रहेगा आज आपकी मानसिकता सुखोपभोग की वस्तुओं के संग्रह की रहेगी।

कर्क-आज के दिन आप अपने बुद्धि चातुर्य से हर जगह सम्मान पाएंगे मेहनत भी आज अन्य दिनों की तुलना में अधिक करनी पड़ेगी लेकिन बीच-बीच मे प्रसंशा मिलने से अखरेगा नही।

सिंह-आज के दिन अपने काम से काम रखना बेहतर रहेगा। दिन भर क्रोध और कलह के प्रसंग बनते रहेंगे।

कन्या-आज के दिन आपको व्यवसाय से आर्थिक लाभ पाने के लिये बड़ी जोड़ तोड़ करनी पड़ेगी फिर भी आशाजनक ना होने से मन मे नकारत्मक भाव आएंगे।

तुला-आज के दिन आपको व्यवसाय से आर्थिक लाभ पाने के लिये बड़ी जोड़ तोड़ करनी पड़ेगी फिर भी आशाजनक ना होने से मन मे नकारत्मक भाव आएंगे।

वृश्चिक-आज का दिन सुख शांति दायक रहेगा दिन के पूर्वार्ध से ही मजाकिया व्यवहार से घर का वातावरण खुशनुमा बनाएंगे।

धनु-आपको प्रत्येक कार्य मे सावधानी बरतें की आवश्यकता हैं। गतिशील कार्यो में नुकसान होने की प्रबल संभावना है।

मकर-आज के दिन आपकी दिनचर्या पिछले दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगी। दिन के आरंभ में कार्यो के गलत दिशा लेने से गुस्सा आएगा लेकिन स्वतः ही ठीक हो जाएंगे।

कुंभ-आज का दिन आपके लिये कामना पूर्ति वाला रहेगा। स्वयंजन एवं सहकर्मियों से विवेकी व्यवहार रखें अन्यथा इच्छाओं पर पानी फेरते समय नही लगाएंगे।

मीन-आज के दिन आप किसी मुसीबत से बचने के लिये धर्म का सहारा लेंगे मन मे आध्यात्मिक भाव रहेंगे।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -200

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू.) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 199 का हल

पी	चि	दं	ब	र	म			स
ट		भ	ला	ई		अ	स	म
ना	म			स	मा	धि		झ
	ज		बे		न	का	र	ना
बा	बू		आ	य	क	र		
	र	की	ब				प्र	था
ज			रू	प	क		ज	न
हा		पा		ना	म	ची	न	
ज	हां	प	ना	ह		ता	न	ना

लक्षण होने पर करवाएं स्वाईन फ्लू की जांच

दुर्ग/नवप्रदेश। दुर्ग जिले में आज 27 सितम्बर 2023 की स्थिति पं.जवाहर लाल नेहरू चिकित्सा एवं अनुसंधान केन्द्र, सेक्टर-9 हॉस्पिटल भिलाई में 81 वर्ष वयोवृद्ध महिला निवासी मैत्री नगर रिसाली भिलाई की स्वाईन फ्लू से मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे द्वारा पॉजिटिव आये मरीजों की कान्टेक्ट ट्रेसिंग किये जाने शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी एवं उनके टीम को निर्देशित किया गया एवं संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ रायपुर की दिशा निर्देशानुसार प्रायमरी कान्टेक्ट में लक्षण होने पर स्वाईन फ्लू जॉच हेतु सैम्पल लिया जा रहा है। संक्रमण से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वाईन फ्लू से संबंधित प्रचार-प्रसार जैसे हाथों को साबुन से निरंतर धोयें एवं सार्वजनिक जगहों पर न थूके, पौष्टिक आहार खायें, पानी खूब पीयें एवं पूरी नींद ले एवं शरीर को क्रियाशील रखें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के अनुसार मरीज की मृत्यु सिवियर निमोनिया, एक्यूट रेस्पायरेटरी डिस्ट्रेस सिन्ड्रोम के साथ हिनी पॉजीटिव स्वाईन फ्लू विथ सेप्सिस व सेप्टिक सॉक विथ डिपिकल रिस्पारेटरी एवं ओल्ड केस ऑफ सी. व्ही. ए. व अन्य कोमआर्बिड कंडिशन की शिकायत पहले से थी। संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, छ.ग. रायपुर की दिशा निर्देशानुसार मृतक का अंतिम संस्कार किये जाने निर्देशित किया गया। उक्त मरीज को अन्य कोमआर्बिड कंडीशन जैसे उच्च रक्तचाप, सिवियर निमोनिया, डिसीज की शिकायत पहले से थी एवं उपचार दौरान 27 सितम्बर 2023 को सुबह 9 बजे अस्पताल में मृत्यु हो गयी। वर्तमान में स्थिति नियंत्रण में है।

फॉर्मेसी संकाय ने मनाया फार्मासिस्ट दिवस

दुर्ग/नवप्रदेश। भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग के फर्मेसी संकाय में दिनाक 25.09.2023 को विश्व फर्मासिस्ट दिवस मनाया गया। दुनिया भर मे फर्मासिस्ट के द्वारा निभाए जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। औषधि अनुसंधान के परिक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण एवं दवाओ के विकास के लिए फर्मासिस्ट की बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। इस कार्यक्रम में भारती विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री सुशील चंद्राकर, भारती ग्रुप के संयुक्त संचालक श्री जय चंद्रकार, उपाध्यक्ष श्री प्रभजोत सिंह भुई , उप रजिस्ट्रार श्री खीलेश कुमार गंजीर व संस्था के डीन प्रो. मृत्युंजय सतपथी संबोधित किए । कुलाधिपति श्री चंद्राकार ने भेषजी अनुसंधान क्षेत्र में नया कीर्तिमान रचने के लिए समस्त प्राध्यापकगण, युवा विज्ञानी एवं छात्राओं को आवहान किया । कार्यक्रम की शुरुवात सरस्वती वंदना तथा राजकीय गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को प्रोत्साहन देने हेतु रैली प्रदर्शन करके लोगों को अंगदान देने हेतु जागरूक किया गया। इसके उपरांत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जैसे की रंगोली, पोस्टर ,क्विज, डिबेट , प्रतियोगिता , व्याख्यान व वेबिनार जो की फर्मेसी की विषयों पर आधारित थ। इस फर्मासिस्ट दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमे संस्था के विद्यार्थियो तथा शिक्षकों ने हिस्सा लिया। साथ ही साथ फैकल्टी ऑफ फर्मेसी भारती विश्वविद्यालय में तृतीय राष्ट्रीय चेंतउंबवअपहपसंदबम सप्ताह का समापन किया गया। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्रगान के साथ किया गया।। इस अवसर शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

10% अंशदान जमा करेंगे तो मिलेगा आवास

भिलाई/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर लॉटरी में भाग लेने का सुनहरा अवसर प्राप्त हो रहा है। मकानों

की निर्धारित संख्या को देखते हुए हितग्राही अंशदान की राशि तत्काल जमा कर अपना स्थान सुनिश्चित करा लेवे। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी मोर मकान मोर आस घटक के तहत सूर्या विहार के पीछे, खमरिया, भिलाई, अविनाश मेट्रोपॉलिश, जुनवानी कोहका, कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे खम्हरिया, एनार स्टेट खम्हरिया, आम्रपाली वनांचल सिटी हाउसिंग बोर्ड, रजत बिल्डर्स, शांतिनगर कोहका एवं स्वप्निल बिल्डर्स कुरूद में निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु किराएदारी के रूप में निवासरत बेघर परिवारों के द्वारा आवास आबंटन के लिए विगत 30 जून तक आवेदन जमा किया गया था। पात्र आवेदको को सूचना तामिल किया गया है कि सात दिवस के भीतर आवास आबंटन के कुल राशि का अंशदान राशि 10 प्रतिशत जमा करे ताकि आवास आबंटन हेतु लॉटरी में आपका नाम शामिल किया जा सके। अंशदान की राशि जमा करने के लिए सूचना तामिल होने के सात दिवस का अवसर दिया जा रहा लॉटरी में शामिल होने हेतु आवेदक को अंशदान की राशि जमा करना अनिवार्य होगा। गौरतलब है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर आवास आबंटन की प्रक्रिया में तीव्रता से काम किया जा रहा है। योजना विभाग के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन ने बताया कि प्रस्तावित स्थलों पर निर्मित/निर्माणाधीन आवासों से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त हुये है, जल्द से जल्द राशि जमा कर आपके द्वारा प्रस्तावित स्थल पर आवास प्राप्त करे।

निधन - श्रीमती मुन्नीदेवी सिंह

दुर्ग/नवप्रदेश। शिक्षक नगर निवासी श्रीमती मुन्नीदेवी सिंह 92वर्ष का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. सुरेशचंद्र सिंह की पत्नी और अधिवक्ता कौशल किशोर सिंह व संजय सिंह की माता जी थी।

16 करोड़ के ठगड़ाबांध पिकनिक स्पॉट में विधायक वोरा ने की पूजा अर्चना

■ **कहा भाजपा ने सिर्फ सपने दिखाए, जनाकांक्षाओं को कांग्रेस कर रही पूरा**

दुर्ग/नवप्रदेश। भिलाई के हृदय स्थल पर स्थित ठगड़ा बांध को पिछले तीन वर्षों में ट्विन सिटी के सबसे बड़े पिकनिक स्पॉट के रूप में परिवर्धित कर लिया गया है। मंगलवार को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 16 करोड़ के पिकनिक स्पॉट समेत लगभग 40 करोड़ के विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया था जिसके बाद वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने

बुधवार को वहां विधिवत पूजा अर्चना की गई एवं पाठ कराया गया। वोरा ने कहा कि एक सप्ताह के सुरक्षा ट्रायल के बाद 4 अक्टूबर से पिकनिक स्पॉट जनता के लिए खोला जाएगा। जहां परिजनों के साथ चौपाटी, बोटिंग, झूले, सेल्फी पॉइंट, किड्स जोन, मॉर्निंग एवं इवनिंग वॉक जैसी समस्त सुविधाएं आम जनों के आकर्षण का केंद्र बनेंगी। प्रदेश में 15 वर्षो के भाजपा शासन काल के दौरान निगम में भी भाजपा का ही शासन रहा लेकिन जनता को किसी प्रकार का लाभ नहीं मिला उल्टे शंकर नाला जैसे अति आवश्यक योजनाओं को भी कागजों में सीमित कर दिया गया। लेकिन अब चाहे मूलभूत सुविधाओं में विस्तार हो, शंकर नाला, ठगड़ा बांध आमोद प्रमोद केंद्र या फ़िर शहर में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार शहर की प्रगति आम जनों को प्रत्यक्ष है। पूजा के दौरान वोरा परिवार समेत पहुंचे थे जहां उनकी धर्म पत्नी श्रीमती मंजू वोरा, सुमित वोरा एल्डरमैन रत्ना नारमदेव, श्रद्धा सोनी, आईटी सेल अध्यक्ष निकिता मिलिंद,एमआईसी सदस्य संजय कोहले, मदरसा बोर्ड अध्यक्ष अल्ताफ अहमद, राजेश शर्मा, दीपक साहू व नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

कुछ इस तरह दिखाई ताकत 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं'

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य बने 23 साल हो गए। समय के साथ इतना बदलाव आ गया है कि छत्तीसगढ़ में यहां की लड़कियां भी अब खुलेआम मारपीट करने लगी हैं। माना एयरपोर्ट के पार्किंग स्थल में लड़कियों के दो गुटों में जमकर मारपीट हुआ। सभी लड़कियां दो गुटों में बंटी थी, और अलग-अलग ट्रैवल व ट्रांसपोर्ट एजेंसी के लिए काम करती है।

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर के पार्किंग स्थल में लोगों को युवतियों के बीच लड़ाई झगड़े का यह नजारा दिखा किसी ने इसका वीडियो भी बना लिया और वायरल कर दिया। जिन युवतियों पर आपस में मारपीट का आरोप है, उनमें से अधिकांश खालिस छत्तीसगढ़िया है इस घटना से पता चलता है कि अब छत्तीसगढ़ की युवतियां भी मारपीट में पीछे नहीं रही है। अभी कुछ दिन पहले भी रायपुर में लड़कीयों के दो गुटों में मारपीट का वीडियो वायरल हुआ था। इसी तरह भिलाई स्थित मैत्री गार्डन के बाहर भी दो लड़कियों के दो गुट आपस में भिड़ गए थे । नए जमाने में लड़किया अब सड़क पर खुलेआम मारपीट करने लगी हैं ।

जानकारी के लिए बताते चले, रायपुर की रहने वाली एक युवती तो हिस्ट्रीसीटर बदमाश है। उस पर हत्या के प्रयास के आरोप दर्ज हैं।

वह युवती खुद को राईपुर की लेडी डॉन बताती है। सदा अपने पास धारदार असलहा रखती है। बात-बात में चाकू निकाल लेती है और वार करने में पीछे नहीं रहती। छत्तीसगढ़ की युवतियों काएल यह बदलाव ध्यान खींचने वाला है। ' लड़की हूं, लड़ सकती हूं,' का नजारा अब छत्तीसगढ़ के शहरों में दिखने लगा है।

आठ लड़कियों पर जुर्म दर्ज

थाना प्रभारी दुमाना को आवश्यक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। जिस पर थाना प्रभारी माना के नेतृत्व में थाना माना पुलिस की टीम द्वारा विडियों में दिख रहे लोगों की पहचान एयरपोर्ट स्थित डब्ल्यूटीआइ ट्रेवल्स में कार्यरत ऐश्वर्या तारक, पूजा साहू, सुष्मिता एवं सुभाष मिश्रा तथा राहुल ट्रेवल्स में कार्यरत प्रीति बर्मन, अमीषा बर्मन, मनीषा यादव एवं अंजु बर्मन के रूप में की गई। जिसके बाद थाना माना पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर उक्त सभी 8 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

शिवनाथ नदी इंटकवेल में 90 किलो वॉट का दो मोटर पंप लगा

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शिवनाथ नदी 24 एमएलडी इंटरवेल में आज विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा 2 नए मोटर पंप का लोकार्पण किया गया। 2 और नए पंप को एक सप्ताह के भीतर लगाने के निर्देश दिये गये है। खरीदे गये प्रत्येक नये मोटर की क्षमता 90 एचपी होगी।जिससे शहर में पानी का संकट नही होगा। इस शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष आरएन वर्मा,जलकार्य प्रभारी संजय कोहले, पूर्व पार्षद कुलेश्वर साहू, एल्डरमेन देव सिन्हा,अजय मिश्रा,राजकुमार पाली,कार्यपालन अभियंता आरके पांडेय,भवन अधिकारी प्रकाशचंद्र थवानी,मोहित मरकाम,नारायण ठाकुर के आदि मौजूद रहें। बता दे कि डीएमएफमद की राशी रुपये 1 करोड़ 60 लाख की स्वीकृती से 4 नये पंपो का क्रय किया गया है।कार्यस्थल पर 2 नए मोटर पंप का लोकार्पण किया गया है।इस दौरान विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि फिल्टर प्लांट में आज 2 मोटर पंप लगवाया गया है।जिसकी लागत 1 करोड़ 60 लाख रुपये है।दुर्ग शहर में कुछ दिनों पहले पानी की समस्या आई उसको ध्यान में रखकर पानी की समस्या से निजात दिलाने हेतु 4 मोटर पंप खरीदे गए।जिंसमे आज 2 मोटर पंप का शुभारंभ आज किया गया।

ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के नवनिर्मित भवन 'आनंद सरोवर' का उद्घाटन

दुर्ग/भिलाई/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के नवनिर्मित भवन 'आनंद सरोवर ' बघेरा के भव्य उद्घाटन समारोह में 28 सितंबर 2023, गुरुवार को प्रातः 8:30 बजे राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी जयंती दीदी जी, अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारीज के सानिध्य में लोकार्पण, शिव ध्वजारोहण, राजयोगिनी कमला बहन सभागार का विधिवत् उद्घाटन किया गया । इस अवसर पर सम्माननीय अतिथियों के रूप में राजेंद्र साहू अध्यक्ष जिला नागरिक सहकारी बैंक , चतुर्भुज राठी अमर बिल्डर भ्राता अंशुल जैन, विद्याश्री आईल मिल , प्रभात पड़ियार, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी जी, क्षेत्रीय निर्देशिका इंदौर जोन , ब्रह्माकुमारी उषा दीदी जी संचालिका, ब्रह्माकुमारीज उज्जैन, ब्रह्माकुमारी आशा दीदी जी संचालिका ब्रह्माकुमारीज भिलाई, संस्था के मुख्यालय माऊण्ट आबू से ब्रह्माकुमार टोमन, प्रकाश, देवेन्द्र, आनंद व शंकर मंचस्थ थे ।

इस अवसर पर दुर्ग शहर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की स्थापना से लेकर अभी तक की 41 वर्षो के संपूर्ण सेवाओं के कार्यक्रम की बहुत ही सुन्दर डॉक्युमेंट्री प्रस्तुत की गई जो ब्रह्माकुमारीज के संघर्ष एवं सफलता की दास्तां है,

जो सभी दर्शकों को प्रेरणा दे गयी। आये हुए सभी आमंत्रित अतिथियों ने आनंद सरोवर के उद्?घाटन समारोह पर अपनी-अपनी शुभकामनाएँ व बधाई दी।

इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लंदन से पधारीं ब्रह्माकुमारीज की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी जयंती दीदी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि परमपिता परमात्मा की कमाल है कि किस तरह से परमात्मा ने सारे विश्व के अंदर शांति के ऐसे स्थान बनवाए हैं और विशेष उसमें भी भारत में कोने-कोने में मनुष्य आत्माओं की ज्योत जगाने के लिए शांति का दान देने के लिए इतने सुंदर भवन बनवाए हैं ।

दुर्ग का भाव है फोर्ट अर्थात किला तो यह इतना शानदार किला बन गया है जो कि दुर्ग के अंदर जहां पर हर आत्मा की रक्षा भी हो सकती है। हर आत्मा को ऐसे महसूस हो सकता कि यहां पर हमें सुख-शांति-आनंद का अनुभव हो रहा है तो मुझे लगता है कि परमात्मा ने जो यह कोने-कोने में भवन बनवाए हैं इसका कारण यह है कि जब हम बाहर में होते हैं तो बहुत तनाव की बातें, बीमारियों की बातें , अनेक प्रकार के समस्याओं की बातें होती है, परंतु ऐसे गर्म वातावरण में ऐसे ऐसे भवन है जहां पर परमात्मा की शीतल छाया हमें प्राप्त हो रही है , परमात्मा के संग का हमें अनुभव प्राप्त हो रहा है जिससे सब प्रकार की जो भी मन और तन की बीमारियां दूर हो सकती है।

आनंद सरोवर अर्थात सच्चा आनंद स्वरूप , तो परमात्मा है सत्यम-शिवम-सुंदरम। इतना सुंदर परमपिता परमात्मा जो है ही सत्य , उससे हमें यही शिक्षा मिलती है कि हम सब सत्यता के मार्ग पर चलें , और जैसे-जैसे हम सत्यता के मार्ग पर चलते जाते हैं अनेकों को भी वही प्रकाश , वही रोशनी मिलती है ।

फैंसी ड्रेस स्पर्धा में नन्हें-मून्ने बनेंगे गांधी

दुर्ग/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर 2 अक्टूबर को हमर दुर्ग लोककला संस्था द्वारा हिन्दी भवन के सामने मैं गांधी बन जाऊं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर गांधी जी के वेशभूषा धरे विद्यार्थी और गीत व भजनों की प्रस्तुति आकर्षण का केन्द्र होंगी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में स्कूली बच्चे गांधी जी के वेशभूषा धारण कर शामिल होंगे। यह प्रतियोगिता ए एवं बी ग्रुप में आयोजित किए गए है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के अलावा दोनो ग्रुप से दो-दो प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतियोगिता में शामिल होने नर्सरी, प्राथमिक, माध्यमिक व हाई स्कूल के विद्यार्थियों से नाम आमंत्रित किए गए है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अरुण वोरा होंगे। अध्यक्षता महापौर धीरज बाकलीवाल करेंगे। विशेष अतिथि के रुप में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग उपाध्यक्ष आरएन वर्मा, राज्य मदरसा बोर्ड अध्यक्ष अलताफ अहमद, ऑल इंडिया प्रोफेशनल कांग्रेस छग प्रदेश अध्यक्ष क्षितिज चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता धरमचंद लुनिया मौजूद रहेंगे। मैं गांधी बन जाऊं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के आयोजक हमर दुर्ग लोककला संस्था के अध्यक्ष शिवाकांत तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8: 30 बजे गांधी जी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर किया जाएगा। इस अवसर पर बांसुरी वादक संजय कुमार व उनके शिष्यों द्वारा बांसुरी धुन और गायक धनंजय तिवारी द्वारा गीतों व भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके अलावा चित्रकार विनय ताम्रकार द्वारा गांधी जी के जीवन पर कलाकृति उकेरी जाएगी। दुर्ग नगर निगम के ब्रांड एम्बेसडर डॉ. विश्वनाथ पाणिग्रही व शिवाकांत तिवारी द्वारा विद्यार्थियों व लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई जाएगी। उन्होने बताया कि कार्यक्रम के आयोजन में बेटी बचाओ मंच की अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल व समाजसेवी अविनाश असरानी सहयोगी है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

पं.नं. 202309100400 /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम आवेदिका मोहित कुमार साव अन्य 01 आ./पति सुभाष प्रसाद साव निवासी जनता को सूचित किया जाता है कि शारदा कुंज पुष्पक नगर जुनवानी के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम प.ह.नं. 43 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 414/47 रकबा 0.010 हे. जुनवानी 1560 वर्गफीट (व्यवसायिक) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्धोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्धोषणा आज दिनांक 26/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./222/अ-20(3)/वर्ष 2022-23

आवेदक सतीश आ. स्व. ननकीराम निवासी वार्ड नं. 03 मठपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 28 बी भूखंड के 21 क्षेत्रफल 49 वर्गमीटर भूमि धारकगण द्रोपदीबाई, सुकवारो बाई उर्फ सुखतीन यादव, त्रिवेणी बाई पिस.स्व. झाडूराम, मीना, विनोद, पुनीता, विनय, सूरज पिस, स्व. जगजीवन उषा बाई पति स्व. ननकीराम, जयराम, सरस्वती, कांता, लक्ष्मी पिस, स्व. बिजूल, मनीश, दीपक, सूरज पिस स्व. शिवराम यादव नि. मठपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारकगण द्रोपती बाई, सुकवारो बाई उर्फ सुखतीन, त्रिवेणीबाई, मीना, विनोद, पुनीता, विनय, सूरज, उषा बाई, सुषमा द्वारा उक्त भूखण्ड का टु. क्षेत्रफल 25 वर्गमीटर भूमि सहधारक सतीश पिता स्व. ननकी के पक्ष मे पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 11.09.2023 को निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से हक त्यागकर्तागण का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 12.10.2023 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जाये अथवा करवाया जाये। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21.09.2023 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील — नजूल जांब अधिकारी, दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 802202309101400163 / अ-6/वर्ष 2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी कुमार डढ़सेना पिता स्व. गंभीर राम डढ़सेना पता अमरपुरी चौक, सुन्दर नगर रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) विरूद्ध गोविन्द पिता तेजराम व अन्य -7 ग्राम उतई प.ह.नं. 52 स्थित भूमि खसरा नंबर 72 रकबा 1.21 हे. लगान 1.25 पैसा तेजराम पिता बनऊराम के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। तेजराम पिता बनउ ने अपने जीवनकाल में आवेदक को उपरोक्त भूमि को वसीयतग्रहिता नियुक्त किया था। तेजराम पिता बनऊराम की मृत्यु दिनांक 15/11/2013 को हो चुका है अर्थात् वसीयतनामा क्रियाशील है। उपरोक्त भूमि आवेदक वसीयतग्रहिता है। अपने नाम पर वर्ष 2014-15 से फौती नामांतरण दर्ज करवा लिया है जो निम्न है- गोविन्द पिता तेजराम हेमन्त पिता तेजराम, लोकेश पिता तेजराम, ममता पिता तेजराम, वंदना पिता तेजराम, सोहागा पति तेजराम, अनसुईया पति तेजराम के नाम पर वर्ष 2014-15 से दर्ज है। तेजराम के पुत्र लोकेश की मृत्यु दिनांक 15.05.2021 को हो चुकी है जिसकी पत्नि सुधा, नाबालिग पुत्री काजल 9 वर्ष का निधि 4 वर्ष है। सहखातेदार सोहागाई की मृत्यु दिनांक 14.02.2019 को हो चुका है। खसरा नंबर 72 रकबा 1.21 हे. से वर्तमान खातेदार का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने वसीयतनामांतरण आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक. 05.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.09.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्री बलराम साहू
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202309100400279

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री बलराम साहू आ. श्री छगन लाल साहू निवासी ग्राम रिसाली भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
रिसाली प.ह.न. 49 तह.व जिला दुर्ग	1190/2	0.013हे. 1404.50 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

पक्षकार का नाम - श्री देवानंद कुमार चंदवानी
आनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202309100400290

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री देवानंद कुमार चंदवानी आ. श्री अर्जुनदास चंदवानी निवासी न्यू गुरूद्वारा के पीछे खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
रिसाली प.ह.न. 49 तह.व जिला दुर्ग	264/53	0.014हे. 1500 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायलय की मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./अ-6/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक सर्वेश कसेर वगै. पिता स्व. नरेन्द्र कुमार कसेर निवासी ग्राम संतरा बाड़ी दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम स्थित भूमि खसरा नं. 1179/321 रकबा 0.0170 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार नरेन्द्र कसेर, गिरीश कसेर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह पेशी दिनांक 06/10/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/08/23 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।
जारी तिथि 24/08/23
सुनवाई तिथि 06/10/23

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) भिलाई 3, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

प्र.क्र. 202309100600040
अ-2/वर्ष 2022-2023

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री पुनाराम साहू आ. आनंद राम साहू निवासी महोबा बाजार टांटीबंध रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम भोथली पं.ह.नं. 58 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नं. 163/2 रकबा 0.0200 हे. अर्थात वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत प्रस्तुत किया है। अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में 15 दिवस के भीतर स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आवेदन में कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 15/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला-दुर्ग

जन सम्पर्क में आम आदमी पार्टी के राजिम ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश साहू, मदन लाल साहू, उत्तम कुमार साहू, सोमन यादव, नंदू ध्रुव, होरीलाल साहू, रेखुराम साहू, युवराज साहू, गंगाप्रसाद साहू, योगेंद्र साहू, परस निषाद, मंशाराम साहू, पुसऊ राम तारक, होमन वर्मा, बलजीत सिंह भारद्वाज, नरेश साहू, जीतू ध्रुव, नवली साहू आदि उपस्थित रहे।

आप का बेटा अभी जिंदा हैं, आपको चिंता नहीं करना है : रविन्द्र चौबे

- क्षेत्र की जनता से मंत्रि चौबे हुए रूबरू, छात्रों से कहा उच्च शिक्षा के लिए अब घर से दूर नहीं जाना पड़ेगा

साजा/बेमेतरा/नवप्रदेश। पंचायत एवं शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे ने साजा विकासखंड के ग्राम ठेलका में नवीन शासकीय महाविद्यालय का शुभारंभ किए। साथ ही करोड़ों रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण भुमिपूजन भी किए। मंत्री के ग्राम आगमन पर सरपंच श्रीमती सविता महेंद्र साहू अपने सभी पंचों व ग्रामवासीयों के साथ भव्य स्वागत किया। साथ ही राजीव युवा मितान क्लब व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भी आतिशबाजी, बाजे गाजे व डीजे के साथ मंत्री का जोरदार स्वागत किया गया।

मंत्री रविंद्र चौबे ने ग्राम ठेलका के नवीन शासकीय महाविद्यालय का सरपंच के हाथों फीता काट कर शुभारंभ कराया। वहीं करोड़ो रुपये के विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन भी पुरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर किया। इस अवसर पर मंत्री श्री चौबे ने आम जनता व क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनता जनार्दन की समस्याओं, जरूरतों के साथ क्षेत्र के विकास के लिए आपका बेटा रविंद्र चौबे अभी जिंदा हैं, आप सबको और खास कर विरोधियों को चिंता करने की जरूरत नहीं हैं, उसके लिए उनका बेटा, भाई, साथी रविंद्र चौबे हैं। ठेलका में कॉलेज प्रारंभ होने से यहाँ और आसपास ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए घर से दूर नहीं जाना पड़ेगा। ग्राम ठेलका व आसपास गांव के विद्यार्थियों को 12 वीं के बाद आगे की पढ़ाई के लिए साजा या फिर खमरिया जाना पड़ता था। कॉलेज शुरू होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों और पालकों को राहत महसूस होगी, जिससे भावी पीढ़ी को अपनी उच्च शिक्षा को लेकर चिन्ताएं दूर होंगी। कॉलेज दूर होने के कारण पढ़ाई छोड़ने वाले युवा भी अपने सपनों को साकार कर सकेंगे। मंत्री श्री चौबे ने कहा कि राज्य सरकार नगरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों और दूर-दराज के इलाकों तक शिक्षा का उजियारा पहुंचाने के लिए लगातार काम कर रही हैं। इसी कड़ी में आज इस कॉलेज का शुभारंभ हुआ। छत्तीसगढ़ सरकार ने शिक्षा को अपने मुख्य कार्य योजना में शामिल कर लगातार कार्य कर रही हैं। इस महाविद्यालय के लिये नए भवन की व्यवस्था भी जल्द की जायेगी। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष साजा सन्तोष वर्मा, कृषि मंडी अध्यक्ष पुन्नी लाल पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष दिनेश वर्मा, नपं साजा विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, जिपं सदस्य लक्ष्मी जागेश पटेल, खमरिया अध्यक्ष जितेंद्र उपाध्याय, माधुरी साहू जपं सदस्य, सरपंच संघ अध्यक्ष जलेश्वर राजपूत, हन्नु साहू, महेंद्र वर्मा, साजा कालेज अध्यक्ष परस सिन्हा, सरपंच ठेलका श्रीमती सविता महेंद्र साहू, गडुवा सरपंच चंद्रशेखर पटेल, चिल्फी सरपंच रामजी साहू पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

देश में एकता अखंडता भाईचारे के बीच निकला जुलूसे मोहम्मदिया

- **आका की आमद मरहबा सरकार की आमद मरहबा से गूंजता रहा शहर**
- **जूलूसे मोहम्मदी का जगह जगह स्वागत**
- **मुस्लिम समाज का स्कूल भवन बनाने रखी संगे बुनियाद**

कांकेर/नवप्रदेश। गुरुवार को मुस्लिम समाज के लोग पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश का दिन ईद मिलादुन्नबी के रूप में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

जुलुसे मोहम्मदी ठीक सुबह साढ़े नौ बजे जामा मस्जिद से नाते पाक पढ़ते हुए रवाना हुआ। जुलूसे मोहम्मदी शहर के शीतलापारा महादेव वार्ड संजय नगर ईदगाह पारा कलेक्टर बंगला होते हुए नेशनल हाईवे से होता हुआ पुराना बस स्टैंड नया बस स्टैंड से वापस जामा मस्जिद में समापन हुआ इस दौरान जामा मस्जिद ग्राउंड में सभी मुस्लिम समाज के लोगो की उपस्थिति में जामा मस्जिद के मुफ्ती आरिफ रजा ने परचम कुशाई की रस्म अदा किया परचम कुशाई के बाद सलातो सलाम पेश किया गया।

सलातो सलाम के बाद मुफ्ती आरिफ़ रजा साहब ने देश दुनिया में अमनो शांति भाई चारा आतंकवाद का खात्मा के साथ प्रदेश की खुशहाली की दुआएं मांगी गई। मस्जिद से लेकर शहर को किया गया आकर्षक सजावट जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर को खूबसूरत तरीके से सजाया गया था। अंजुमन कमेटी ने शहर की जामा मस्जिद संजय नगर की सिबतैंन रजा मस्जिद को झालरों से विशेष रूप से सजाया गया था।

इतना ही नहीं मुस्लिम समाज के लोग तोरण झालर झंडे लगाकर घरों से लेकर अपने अपने मोहल्ले को आकर्षक रूप से सजाकर हजरत मोहम्मद साहब की यौमे पैदाइश मनाई। भाईचारा एकता अखंडता का संदेश देते जगह जगह जुलूस के स्वागत ईद मिलादुन्नबी का जुलूस जिस मोहल्ले से गुजरा लोगो ने ठंडा पानी शरबत फ्ल बिस्किट नमकीन जैसे चीजे वितरण कर जुलूस का स्वागत किया गया। इस दौरान मेन रोड पर भाईचारा एकता अखंडता का संदेश देते हुए भाजपा ज़िला महामंत्री दिलीप जायसवाल भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक खटवानी सहित युवा मोर्चा ने शरबत पिलाकर मुस्लिम समाज के लोगो का स्वागत कर समाज का दिल जीत लिया पुराना बस स्टैंड में शेखनी परिवार ने भी शरबत बिस्किट पानी से स्वागत किया गया ।

इसके अलावा मस्जिद चौक में गौसिया ग्रुप के युवाओ ने अपने मोहल्ले की आकर्षक सजावट करते हुए आज शरबत से समाज के जुलूस का इस्तकबाल किया गया।

अंजुमन कमेंटी ने मुस्लिम समाज की जमीन पर रखा संगे बुनियाद

बता दें की भंडारी पारा के सुन्नी जमात खाने के बगल वाली जगह को राज्य की भुपेश सरकार से मिलने के बाद अंजुमन कमेटी के अध्यक्ष हाजी जावेद मेमन ने ईद मिलादुन्नबी के मुबारक दिन पर विधायक शिशुपाल शोरी समाज के लोगो की उपस्थिति में समाज के सबसे बुजुर्ग से स्कूल भवन बनाने के लिए संगे बुनियाद की रस्म पूरी करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधायक शिशुपाल शोरी प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया ।

ईद मिलादुन्नबी पर जामा मस्जिद में 12 दिनों तक हुआ जलसा

ईद मिलादुन्नबी के मुबारक महीने पर अंजुमन कमेटी के निगरानी में समाज के लोगो ने बाहर से पहुंचे ओलमाए किराम की नुरानी तकरीर पेश किया गया। रात में बाद नमाज ईशा के फौरन बाद हजरत पैगबर साहब के नाम पर तकरीर शुरु हो जाती थी। इस जलसा में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए।

गायत्री प्रज्ञा पीठ हुडको में 6 लाख की लागत से बनेगा डोम शेड

भिलाई/नवप्रदेश।। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगातार प्रगति यात्रा कर रहे हैं। इस प्रगति यात्रा के दौरान विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को रोज लाखों की सौगात दे रहे हैं। हर वार्ड में लाखों का विकास कार्य करवा रहे हैं। इसी कड़ी में विधायक देवेंद्र यादव गत दिनों जब प्रगति यात्रा कर रहे थे। तब कुछ समाज प्रमुखों से भी मिले थे। जिन्होंने अपने समाज के भवन के लिए मांग की थी। विधायक श्री यादव ने समाज प्रमुखों की मांगों को बड़ी गंभीरता से लिया और उस पर पहल की। इसी कड़ी में 28 अगस्त को विधायक देवेंद्र यादव ने पवार समाज, सिन्हा समाज, गंधर्व समाज, नाई समाज को बड़ी सौगात दी। सभी समाज का सामाजिक भवन बनाया जाएगा। इसके लिए पहल करते हुए आज सभी समाज के सामाजिक भवन के निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। समाज प्रमुखों के हाथों के भूमिपूजन कार्यक्रम को सम्मपन करवाया गया। इस दौरान समाज के सम्मानित नागरिकों ने विधायक देवेंद्र यादव की सराहना करते हुए कहा कि युवा विधायक देवेंद्र यादव काफी उर्जावार है। जो अपनी जिम्मेदारियों को बड़ी इमानदारी और निष्ठा से करते है। सामाजिक भवन की सौगात हो या शहर के विकास की बात। विधायक देवेंद्र यादव ने पूरी निष्ठा से शहरवासियों के लिए काम किया है। इसके लिए हम सभी उनका साधूवाद करते है। श्री यादव पहले विधायक हैं, जो निःस्वार्थ भाव से सभी समाज के लिए काम कर रहे हैं। उनकी विनम्रता और सादगी सब का दिल जीत लेती है। इनसे मिलकर ऐसा लगता है वे विधायक नहीं हमारा अपना बेटा है। विधायक ने समाज प्रमुख और बड़े बुजुर्गो को प्रमाण किए और कहा कि आप सब का आशीर्वाद और प्रेम ही है जिससे मुझे शक्ति मिलती है। आप सब के आशीर्वाद से ही मैं यहां हूं। आप लोगों को जो प्यार हैं, यही मेरी पूंजी है। हमेंशा यही प्रेम बनाएं रखिएगा ।

शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा का विधायक विक्रम ने किया अनावरण

- **हम ऐसे विरो की भूमि से है जिन्होंने अपने लोगो के खातिर अपनी जान गवाने में पीछे नही रहे : विक्रम**

बीजापुर/नवप्रदेश। विधायक विक्रम ने भोपालपट्टनम ब्लाक के गोरला चौक में शहीद वीर नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा का आनावरण किया। बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक विक्रम ने इस अवसर पर शहीद वीर नारायण सिंह का स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

विधायक विक्रम ने अपने सम्बोधन में कहा कि हम ऐसे विरो की भूमि से है,जिन्होंने अपने लोगो के खातिर अपनी जान गंवाने के कदम पीछे नही किये। और साथ ही कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह की प्रतिमा स्थापना से न केवल गोरला ही नही पूरा बीजापुर जिला गौरवान्वि हुआ है,इस प्रतिमा से छग की स्वर्णिम इतिहास की झलक दिखलाई दे रही है।

इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष लालू राठौर,जिला मंडी अध्यक्ष कामेश्वर गौत्तम, सर्व आदिवासी समाज अध्यक्ष अशोक तलाण्डी,जिला पंचायत सदस्या सरिता चापा,जनपद अध्यक्षा निर्मला मरपल्ली, जनपद उपाध्यक्ष मिच्चा मुतैया, सह प्रवक्ता सालिक नागवंशी, बीजापुर नगर पालीक उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम सल्लुर,के साथ आदिवासी समाज प्रमुख,कांग्रेसी कार्यकर्ता व ग्रामीण रहे मौजूद।

सर्व अनुसूचित जाति समाज ने विश्राम गावड़े के कथनों पर जताई आपत्ति

अंतागढ़/नवप्रदेश। मंगल भवन अंतागढ़ में सर्व अनुसूचित समाज द्वारा बैठक आयोजित की गई। जिसमें दिनांक 25 तारीख को जनपद पंचायत अंतागढ़ में अंतागढ नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत नवीन तहसील कार्यालय बनाए जाने हेतु चर्चा की गई थी इस दौरान सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष विश्राम गावडे द्वारा संबोधित करते हुए एसी समाज को अंकित करते हुए कुछ लोगो को छोड़कर उत स्थान पर ST.SC OBC समाज के लिए स्थान को आरक्षित किये जाने की बात कही गई। विश्राम गावडे के कथन से ऐसा प्रतीत हुआ कि वो स्ट समाज को बांटने और भेद भाव की बात कही गई साथ ही अपने उद्बोधन के दौरान 'हरिजन' शब्द का भी प्रयोग किया गया जिसका हम समस्त अनुसूचित जाति वर्ग के भावनाओं को ठेस पहुंचा हम सब उनके कहे गये कथन का पुरजोर निंदा करते है। हम विश्राम गावडे से इस बात को भी जानना चाहते है कि स्ट समाज मे किन्हे छोडकर के कहने की बात कह रहे थे। जबकि बस्तर क्षेत्र में निवासरत लगभग सभी अनुसूचित जाति समुदाय के लोग बस्तर के सभी देवी-देवताओं को मानते हैं साथ ही बस्तर के लगभग सभी रीती-रीवाजों के अनुसार ही हर तरह के त्यौहारों व उत्सवों को मनाते हैं। आखिर विश्राम गावडे ने किस एससी समाज को कहा उनके उक्त कथन का सम्पूर्ण स्ट समाज में रोष व्याप्त है।

वहीं इस संबंध पर दुष्यंत कुमार कन्नौजे अहिरवार समाज ब्लाक अध्यक्ष व तरूण खापर्डे बौद्ध समाज का कहना था उक्त मामले में विश्राम गावड़े द्वारा दिया गया बयान में इस बात का स्पष्टता नहीं था कि आखिर अनूसूचित जाति वर्ग के वो कुछ लोग कौन है जिसको उनके द्वारा शामिल नहीं किया जा रहा है एक तरफ तो कहते है कि उक्त भूमि सर्व आदिवासी सर्व पिछड़ा वर्ग व सर्व अनुसूचित जाति के लिए है और एक तरफ कहते हैं कुछ अनुसूचित जाति वर्ग को छोड़कर आखिर इसे हम क्या समझे।

वहीं इस मामले में सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष विश्राम गावड़े ने कहा कि हां मैंनें अपने संबोधन में इस बात को जरूर कहा था कि कुछ अनुसूचित जाति के लोगों को छोड़कर लेकिन समाज के वो लोगों को लिये कहा जो अनुसूचित जाति के होते हुए भी बस्तर की संस्कृति को नहीं मानते यहां के देवी-देवताओं को नहीं पूजते।

शासकीय योजना के मकान में अतिरिक्त कब्जा निगम ने ढहाया

भिलाई नगर/नवप्रदेश। भिलाई निगम द्वारा क्षेत्र में होने वाले अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाही करता रहा है तथा शासन के निदान 1100 आनलाईन शिकायत पोर्टल, कलेक्टर समय सीमा एवं पीएमओ में दर्ज शिकायत के निराकरण में भी तत्पर्ता बरती जा रही है। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने जोन आयुक्तों को निर्देश दिए हैं कि जोन क्षेत्र में अवैध कब्जा, सड़क पर अतिक्रमण तथा शासकीय भूमि पर होने वाले अवैध कब्जे पर विधि सम्मत कार्रवाही करते हुए बेदखली कराएं इसी कड़ी में जोन 2 वैशाली नगर के राजस्व अमले ने वार्ड 25 जवाहर नगर में शासन की योजना के तहत निर्मित मकान आई एच एस डी पी के मूल संरचना में फेरबदल कर सड़क पर टीन सीट सेट से कि गए अतिरिक्त कब्जे को जे.सी.बी. से बेदखल किया है। जोन 2 के सहायक राजस्व अधिकारी जे.पी. तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा आवास योजना में निर्मित आवास रमेश चौहान के नाम पर आबंटित किया गया था जिसे नियम विरुद्ध संगीता साहू द्वारा खरीद कर निवास कर रही है और आबंटित मकान के मूल संरचना में फेरबदल कर सड़क की ओर दरवाजा खोलकर 48 वर्ग फीट भूमि पर टीन शीट से अतिरिक्त कमरे का निर्माण कर रखी थी जिसकी शिकायत प्राप्त होने पर अवैध कब्जे को हटाने नोटिस दिया गया था किंतु नोटिस की समय अवधि समाप्त होने के बाद भी जब संगीता साव द्वारा कब्जे को नहीं हटाए गया तो जोन का राजस्व अमला मौके पर पहुंचकर कब्जे को बेदखल किया है तथा शासन की योजना के आबंटित मकान को नियम विरुद्ध खरीदी बिक्री किए जाने की शिकायत निगम के आवास आबंटन योजना शाखा को भेजा गया है ।

मुख्यमंत्री ने दी जिलेवासियों को 250 कार्यों की सौगात

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने जिलेवासियों को 495.90 करोड़ लागत के 250 कार्यों की सौगातें दी है। उन्होंने आज मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में उक्त कार्यो का वर्चुअल लोकार्पण शिलान्यास किया। जिनमें लोकार्पण-106, भूमिपूजन- 144 शामिल थे। लोकार्पण एवं भूमि पूजन के कुल कार्य- 250 थे। इस वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से जिलेवासियों को कई सौगातें दी। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि ये वर्चुअल कार्यक्रम करने का निर्णय आने वाले दिनों में लगने वाले आचार संहिता देखते हुए लिया गया है। ताकि आने वाले दिनों में कोई बाधा ना आये और इतने कम समय में सभी जिलों तक पहुँचना संभव नहीं है इसलिए इस वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से लोकार्पण, भूमिपूजन और शिलान्यास किया गया।

मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित कार्यो में विकासखण्ड दंतेवाड़ा अंतर्गत माँ दंतेश्वरी कॉरीडोर एवं रिवर फ्रंट लागत राशि रू 4330.916 लाख, माँ दंतेश्वरी मंदिर परिसर में ज्योति कलश भवन लागत राशि रू 801.96 लाख, एकता परिसर लागत राशि रू 430.38 लाख, हर्बल गार्डन दंतेवाड़ा लागत राशि रु 403.39 लाख, मुक्तिधाम दंतेवाड़ा लागत राशि रु 302.47 लाख, महतारी सरोवर चितालंका लागत राशि रू 195.83 लाख, आदिवासी संग्रहालय लागत राशि रू 164.37 लाख, ग्रंथालय लागत राशि रू 108.99 लाख, प्रवेश द्वार लागत राशि 96.00, माँ दंतेश्वरी हाईस्कूल मैदान निर्माण लागत राशि रु 82.01 लाख, पर्यटन सूचना केंद्र लागत राशि 261.15 लाख की सौगातें दी वही विकासखंड गीदम के अंतर्गत नागफनी मंदिर विकास लागत राशि रू 127.07 लाख, बारसूर प्रवेश द्वार लागत राशि रु 68.07 लाख, 54 स्वामी आत्मानंद हिन्दी मीडियम स्कूल का विकास लागत राशि रु 3175.17 लाख की सौगातें दी है। विकासखंड कातेकल्याण के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बड़े लखापाल, गुमियापाल और परवेली में विद्युतीकरण लागत राशि रु 668.839 लाख, ग्रामीण अंचल मे सोलर स्ट्रीट लाईट स्थापना लागत राशि रू105.33 लाख समेत तीन कार्यो की सौगातें दी है। इस अवसर पर कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनीत नंदनवार, जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, उपाध्यक्ष नगर पालिका धीरेंद्र प्रताप, जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन और अन्य विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

एचआईवी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन

नारायणपुर/नवप्रदेश। जिले के शासकीय हाई स्कूल नारायणपुर में एचआईवी जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एचआईवी के लक्षण, इसकी रोकथाम और लोगों में एचआईवी के फैलने के बारे में विस्तार से जानकारी छात्र छात्राओं को दी गई। गांव में एचआईवी एड्स को लेकर काफी भ्रांतियां और अंधविश्वास रहता है इसलिए इस कार्यशाला का आयोजन कर गांव के लोगों को इसके बारे में जानकारी दी गई और उन्हें इसके प्रति जागरूक करने के लिए एचआईवी परीक्षण के लिए पेरित किया गया। कार्यशाला का आयोजन पीरामल स्वास्थ्य के फेलो मोहन झंझाड द्वारा किया गया था। इस कार्यक्रम में पीरामल स्वास्थ्य के सरताज आलम और अन्य लोग भी मौजूद थे। इस कार्यशाला में प्रधानाचार्य श्री विष्णु भोयर द्वारा भी सहयोग किया गया। इस मौके पर स्कूल के 10वीं कक्षा के छात्र और छात्राएँ शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

कलेक्टर, एसपी द्वारा प्रस्तावित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक पुश्कर शर्मा ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 84 नारायणपुर के स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय में बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण करते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा काउंटिंग हॉल एवं स्ट्रांग रूम के बाहर स्क्रीन लगाने के निर्देश दिये। स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन को रखने तथा काउंटिंग के दिवस स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ले जाते हुए दिखाई दे ताकि किसी भी जनप्रतिनिधियों को ईवीएम के प्रति शंका उत्पन्न न हो। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदान संपन्न होने के पश्चात स्ट्रांग रूम में ईवीएम को सुरक्षित रखे जाएं तथा सीसीटीव्ही कैमरे को पहले से लगाने के निर्देश दिये। मतगणना के पूर्व यदि किसी सीसीटीव्ही कैमरा खराब हो जाती है तो राजनितिक पार्टी के जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में सुधार कार्य संपन्न कराया जाए। मतगणना आर्ब्जवर की बैठक व्यवस्था इस तरह करें कि सभी ईवीएम मशीन स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ले जाते हुए मतगणना आर्ब्जवर को दिखाई दे। स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर सीसीटीव्ही कैमरा के मानिटरिंग कक्ष बनाएं तथा सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी के लिए जगह उपलब्ध कराने तथा मतगणना के दिन मीडिया सेंटर स्थापित करने निर्देशित किये। निरीक्षण के दौरान जिला पुचायत के मुख्य कार्यपाल अधिकारी देवेश कुमार ध्रुव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डीडी मण्डावी, तहसीलदार नारायणपुर अभयजीत सिंह मण्डावी, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग जेएल मानकर, स्वामी आत्मानंद महाविद्यालय के प्राचार्य श्री कुंजाम सहित निर्वाचन संबंधित जिला स्तरीय नोडल अधिकारी मौजूद थे।

चयनित अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 3 अक्टूबर को

नारायणपुर/नवप्रदेश। कार्यालय कलेक्टर (भू-अभिलेख शाखा) जिला नारायणपुर में तृतीय श्रेणी सहायक ग्रेड- 03 पद के लिए कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों का अनंतिम सूची का प्रकाशन कर 20 सितंबर को कार्यालय कलेक्टर जिला नारायणपुर में कौशल परीक्षा का आयोजन किया गया था। परीक्षा में सम्मिलित अभ्यर्थियों के प्राप्तांको के आधार पर अनंतिम चयन सूची एवं अनंतिम प्रतिक्षा सूची जारी कर 27 सितंबर तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया था। दावा आपत्ति के निराकरण पश्चात् अभ्यर्थी का अंतिम चयन सूची एवं अंतिम प्रतिक्षा सूची का प्रकाशन जिले के वेबसाईट www.narayanpur.gov.in ने में अपलोड किया गया है, जिसका अवलोकन कर सकते हैं। उक्त सूची में चयनित अभ्यर्थी अपना आवश्यक दस्ताव न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता, प्रमाण पत्र, अंकसूची, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र (स्थावी सामाजिक प्रास्थिति प्रमाण पत्र) निवास प्रमाण पत्र, कम्प्यूटर अर्हता का प्रमाण पत्र एवं समस्त दस्तावेज को स्व-प्रमाणित छायाप्रति एवं मूल दस्तावेज के साथ 03 अक्टूबर को सुबह 11 बजे कार्यालयीन समय में जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक 21 में चयन समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपना दस्तावेज का सत्यापन करा सकते हैं।

स्वास्थ्य केंद्रों में मनाया गया विश्व गर्भनिरोधक दिवस

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। देश की बढ़ती जनसंख्या एक बड़ी समस्या के रूप में आ रही है। सरकार लगातार परिवार नियोजन को लेकर जागरूकता अभियान चलाती रहती है। इसलिए हर साल 26 सितंबर को विश्व गर्भनिरोधक दिवस मनाया जाता है। यह दिन गर्भनिरोधक के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के बारे में है। वैवाहिक जोड़ों को यह आजादी होती है कि वे कब पेरेंट्स बनना चाहते हैं। इसके लिए महिलाओं का जागरूक होना जरूरी है, कि वे अनप्लांड प्रेगनेंसी से कैसे बच सकती हैं। परिवार नियोजन के अलावा गर्भनिरोधक एचआईवी एड्स और अन्य यौन संक्रमणों से भी रोकता है। प्रेगनेंसी को रोकने के लिए गर्भनिरोधक का प्रयोग किया जाता है। कंडोम, बर्थ कंट्रोल पिल, आईयूसीडी (ढ्ढष्ठ) जैसे कॉपर टी और इंजेक्टेबल गर्भनिरोधक कुछ गर्भनिरोधक हैं।

आज के इस कार्यक्रम अंतर्गत दंतेवाड़ा के विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया एवं परिवार नियोजन के अलावा, गर्भनिरोधक एचआईवी एड्स और अन्य संक्रमणों के बारे में जानकारी दी गई। उपस्थित महिलाओं एवं पर निवासियों को गर्भनिरोधक साधनों को अपनाकर महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सकता है, दंपत्तियों जोड़ों को दो बच्चो के बीच कितना अंतराल होना चाहिए, वे कब अपना परिवार शुरू कर सकते हैं। ताकि मां और बच्चों की डेथ रेट कम हो सके और शादी के बाद अनप्लांड प्रेग्नेंसी को भी रोक पाएं। गर्भ निरोधक के प्रकार एवं गर्भनिरोधक के यूज से मैटरनल डेथ, बच्चों के डेथ रेट और अनएक्सपेक्टेड प्रेग्नेंसी और गर्भपात कम हो सके इस बारे में भी जानकारी दी गई। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत चितालंका, नेटापुर, मेटापल 1, कोरलापाल, गुमड़ा, गढ़मीरी, रेंगनार, कोडेनार, हितावर, के स्वास्थ्य एवं आंगनवाड़ी केंद्र में भी विश्व गर्भनिरोधक दिवस का विशेष आयोजन किया गया, जिसमे ग्राम पंचायत सरपंच, उपसरपंच, वार्ड पंच, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिलाओं, पुरुषों एवं पारा निवासियों के साथ, आंगनबाड़ी केंद्र कार्यकर्ता, आर.एच.ओ., मितानिन ट्रेनर, सुपरवाइजर्स, मितानिन दीदी के साथ विभिन्न केंद्रों पर पिरामल फाउंडेशन से प्रोग्राम लीडर दीपक शाह एवं गांधी फैलो ज्योति बाबू, ज्योति सिंह, सिद्धि शिंदे उपस्थित रहे।

बैंक प्रबन्धक जरूरतमन्द को प्रदान करें लोन : कलेक्टर

- **'बैठक में समुचित जानकारी के अभाव में कलेक्टर ने अधिकारियों को लगाई फटकार'**
- **'बैंक ऋण संतोषप्रद न होने पर'कलेक्टर ने व्यक्त की नाराजगी'**

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में सभी बैंकर्स की जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की त्रैमासिक समीक्षा बैठक ली। यहां उन्होंने सभी बैंकर्स को सक्रिय होकर कार्य करने के निर्देश दिए ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद को बैंक द्वारा लाभान्वित किया जा सके। बैठक में पिछले तिमाही जून 2023 में बैंकों की उपलब्धि और शासकीय योजनाओं के तिमाही लक्ष्य एवं उपलब्धि पर बैंकवार प्रगति की समीक्षा की। प्राप्त ऋण प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैंकिंग विकास के आंकड़ा, वार्षिक साख योजना की उपलब्धि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना की प्रगति, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की प्रगति, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की प्रगति, अंत्याव्यवसायी स्वरोजगार आदिवासी स्वरोजगार योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन सहित अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की बैंकवार विस्तृत समीक्षा की।

कलेक्टर ने बैंकों के काम-काज और सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, बैंक में लंबित प्रकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए कहा कि लक्ष्य के अनुरूप ऋण अनुदान स्वीकृत करना सभी शाखा प्रबंधकों का दायित्व है।

श्री लंगेह ने क्रियान्वयन एजेंसी विभाग और बैंक अधिकारियों को आपस में समन्वय बनाकर ऋण प्रकरणों की स्वीकृति में तेजी लाने और हितग्राहियों को बार-बार बैंक व कार्यालयों के चक्कर लगवाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए।

'रोजगार के लिए ऋण की प्रक्रिया सरल बनाएं'

बैठक में बैंकर्स द्वारा विभिन्न शासकीय विभागों के माध्यम से ऋण के प्रकरण और लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए अपनाई जाने वाली कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, पीएमईजीपी, शिक्षा ऋण, प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण सहित अन्य ऋण के लिए प्राप्त आवेदनों का जल्द से जल्द स्वीकृत करते हुए ऋण वितरित करने की बात कही। साथ ही ऋण के आवेदनों में किसी भी प्रकार के दस्तावेज की कमी होने पर संबंधित विभाग को सूचित कर दस्तावेज की पूर्ति अनिवार्य रूप से करा लेने के निर्देश दिए।

'ऋण वितरण में देरी पर नाराज हुए कलेक्टर'

कलेक्टर लंगेह ने सभी बैंकों को शतप्रतिशत शासकीय ऋण योजनाओं के तहत स्वीकृत प्रकरणों में तेजी से ऋण वितरित करने के निर्देश दिए। बैठक में आधा-अधूरे जानकारी के साथ उपस्थित होने पर अधिकारियों को फटकार लगाई, भविष्य में समुचित जानकारी के साथ बैठक में आने को निर्देश दिए। किसान क्रेडिट कार्ड - कृषि, पशुपालन, मत्स्य और पी.एम स्वनिधि के अंतर्गत बैंक ऋण स्वीकृति संतोषप्रद न होने पर भी नाराजगी प्रकट किया गया। बैंकों की ऋण वितरण की धीमी प्रगति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सभी पुराने प्रकरणों का निराकरण करने के लिए बैंकों को निर्देशित किया।

कलेक्टर श्री लंगेह ने सूदखोरी व पात्र हितग्राहियों को ऋण देने में हीलाहवाली की जानकारी मिलने पर कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी।

विशेष लोन कैंप करने पर जोर

उन्होंने सामुदायिक और हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विशेष लोन कैम्प आयोजित करने को कहा। बैठक में सांसद प्रतिनिधि श्री प्रदीप गुप्ता ने ऋण प्रदाता विभाग व बैंक कर्मियों से कहा कि हितग्राहियों के साथ सहयोग करें, उनके साथ बातचीत अच्छे से करें क्योंकि मजबूरी में ऋण लिया जाता है, ऐसे में आपके व्यवहार से प्रशासन व बैंक की छवि बनती है।

शासकीय पॉलिटेक्निक खैरागढ़ में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

- **छात्राओं को अपर सत्र न्यायाधीश ने बताए कानूनी अधिकार, पॉक्सो एक्ट व लोक अदालत के बारे में समझाया**

खैरागढ़/नवप्रदेश। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव आलोक कुमार के मार्गदर्शन में शासकीय पॉलिटेक्निक में मूल कर्तव्य, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सहायताए रैगिंग,पॉक्सो अधिनियम विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित न्यायाधीश व अध्यक्ष चन्द्र कुमार कश्यप तालुका विधिक सेवा समिति खैरागढ़ ने सभी नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए सबसे पहले रैगिंग को कानूनी अपराध बताते हुए कहा कि कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में वरिष्ठ छात्र नए छात्रों से अपनी बड़ाई प्रकट करने के लिए बहुत ही अपमानजनक रूप से पेश आते हैं, अभद्र हरकतें और अभद्र तरीकों का प्रदर्शन करने पर जोर देते हैं। यह कई बार घिनौना रूप धारण करता है जब नए छात्र मानसिक या शारीरिक यातना झेलने लगते हैं। अतः ना रैगिंग करना है ना कराना है।

आगे श्री कश्यप ने पोक्सो एक्ट के बारे में बताते हुए कहा कि नाबालिग के साथ प्रेम संबंध में सहमति से यौन संबंध बनाया जाता है, तब भी पोक्सो क़ानून लागू होगा. ऐसे मामलों में क़ानून की जानकारी न होने की दलील नहीं दी जा सकती। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इसके आधार पर अदालत ऐसे मामलों में सज़ा में किसी तरह की राहत नहीं दे सकतीं । सज़ा की जानकारी न होने की वजह से युवाओं की जीवन और करिअर बर्बाद हो रहा है। श्री कश्यप ने कहा कि युवाओं और आने वाली पीढ़ियों को ऐसे क़ानूनों के परिणामों के बारे में जागरूक करने की जरूरत है, खासकर स्कूलों और कॉलेजों को इन क़ानूनों के बारे में जागरूकता पैदा करने के बारे में सोचना और काम करना जरूरी है.

श्री कश्यप ने छात्र.छात्राओं से कहा अधिकांश मोटर दुर्घटनाएं तेज व लापरवाही से वाहन चलाने के कारण होती हैं। जिनमें से अधिकतर लोगों के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं होता है। वाहन का बीमा होना अति आवश्यक है अन्यथा इस स्थिति में न सिर्फ वाहन बल्कि जमीन जायदाद भी बिक जाती है जबकि बीमा होने से दायित्व बीमा कंपनी पर चला जाता है साथ ही मोटर दुर्घटना के भयावह परिणामों की विस्तृत जानकारी दी। श्री कश्यप ने कहा कि साइबर अपराध के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की।

आगे एडीजे कश्यप ने सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए अपना पूरा ध्यान अपने करियर और पढ़ाई में रखना हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए पैरालीगल वॉलिंटियर गोलू दास साहू ने निशुल्क एवं सक्षम विधिक सहायता के बारे में बताया।

जनसंपर्क वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा पहुँचकर विक्रांत ने मांगा समर्थन

खैरागढ़/नवप्रदेश। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विक्रांत सिंह का जनसंपर्क लगातार जारी है। इसी क्रम में विक्रांत सिंह ने खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के बीहड़ वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा मण्डल के विभिन्न गांवों में जनता से मुलाकात कर विधानसभा चुनाव में कमल खिलाने का अपील करते हुए समर्थन मांगा। बता दें कि वनांचल क्षेत्र साल्हेवारा, सरईपतेरा, लालपुर, नचनिया, भाजीडोंगरी, पोड़ी में विक्रांत सिंह के पहुचते ही कार्यकर्ताओ में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला जनमानस को संबोधित करते हुए विक्रांत सिंह ने कहा कि नवीन जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अनेक क्षेत्रो में विकास कराया जा सकता है लेकिन कांग्रेस सरकार ने जिला बनाकर पिछले एक साल से कोई भी नया कार्य नही कराया जिससे जिला का विकास कार्य ठप्प हो गया है उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण से वंचित 16 लाख लोगों को छत दिलाने, शराब घोटाला से मुक्ति दिलाने, युवाओं को बेरोजगारी से मुक्ति दिलाने भाजपा का परिवर्तन यात्रा निकाला जा रहा है जिसमे जनता का उत्साह के साथ बहुत ही बढ़िया समर्थन मिल रहा है, प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार ,घोटाला व माफिया राज से त्रस्त हो चुकी है। जनता प्रदेश में परिवर्तन के लिए संकल्पित हो रहे हैं विक्रांत सिंह ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर में केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता को बताने का आह्वान करते हुए भाजपा के लिए समर्थन करने का आग्रह किया इस दौरान प्रत्याशी के साथ मंडल प्रभारी टीके चंदेल, पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष आनंद सिन्हा, महामंत्री ललित सोनी, सर्वेश सिंह, आशीष सिंह, मन्नू मरकाम, संतोष ठाकुर, युवराज पटेल, शत्रुहन साहू, सतीश वर्मा सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पुलिस द्वारा 24 पौवा शराब जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। जिसके तहत थाना नांदघाट में 24 सितंबर को अवैध रूप से शराब रख कर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी सोनू ऊर्फ नीतेश चौहान पिता मोहन चौहान उम्र 23 साल साकिन मुरकुटा थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया हैं। 22 पौवा देशी मसाला शराब किमती 2420 रूपये बिक्री रकम 400 रूपये कुल जुमला 2820 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यावाही किया गया हैं।

पुलिस ने एक सटोरिये से 71 सौ व सट्टा पट्टी किया जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी श्रीमती कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही है। जिसके तहत 25 सितंबर को थाना नांदघाट क्षेत्रांतर्गत ग्राम संबलपुर में आमजगह पर विभिन्न नम्बरों पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा हैं की सुचना पर थाना नांदघाट पुलिस स्टाफ पहुच कर सूचना के अधार पर रेड कार्यवाही कर आरोपी को विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते पकडे गया। थाना नांदघाट में जुआ सट्टा का 1 प्रकरण दर्ज कर आरोपी रवि चौहान पिता भगवती चौहान उम्र 24 साल साकिन संबलपुर थाना नांदघाट जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यावाही की गई हैं। आरोपी के पास से कुल जुमला नगदी रकम 7100 रूपये एवं सट्टा-पट्टी जप्त किया गया हैं। उक्त कार्यावाही में थाना नांदघाट प्रभारी उप निरीक्षक अलील चंद, सायबर सेल प्रभारी सउनि अरविन्द शर्मा, प्रधान आरक्षक रामेश्वर मांडले, जसवंत जांगडे, आरक्षक नुरेश वर्मा एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।

नवागढ़ पुलिस ने फरार स्थायी वारंटी को किया गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर, पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू के मार्गदर्शन में बेमेतरा पुलिस द्वारा अवैध शराब, गांजा, नशीली पदार्थो, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही, बाउंड ओवर, गुंडा बदमाशों, फरार स्थायी वारंटियो, सामाजिक सौहार्द बिगाडने वालों, यातायात नियमो का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों तथा माईनर एक्ट के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही लगातार की जा रही हैं। जिसके तहत 27 सितंबर को थाना नवागढ़ स्टाफ के द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट बेमेतरा न्यायालय के प्रकरण क्र. 1011/2020, अपराध क्रमांक 110/2020 धारा 457, 380, 34 भादवि में फरार चल रहें स्थायी वारंटी मुछ्छु ऊर्फ धनीराम जांगडे पिता अनिल जांगडे साकिन डिघोरा थाना पथरिया जिला मुंगेली को मुखबिर की सूचना पर पकड़ा गया। उपरोक्त वारंटी को न्यायालय में पेश किया गया हैं। उक्त कार्यवाही में थाना नवागढ़ प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, आरक्षक अमित यादव, भोला साहू, फिरोज साहू, जितेन्द्र धनकर, राजआडिल एवं अन्य स्टाफकी सराहनीय भुमिका रही।

शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

बेमेतरा/नवप्रदेश। पूर्व विधायक एवं प्रदेश मंत्री अवधेश सिंह चंदेल के संयोजन में प्रति वर्षानुसार जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के क्रम में इस वर्ष का भव्य आयोजन बेरला में किया गया। अवधेश चंदेल द्वारा बेमेतरा जिला के सेवनिवृत्त 69 शिक्षकों का सम्मान किया गया। ये सभी शिक्षक इस वर्ष के भीतर शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए है। इनके अलावा जिलें के पूर्व में सेवानिवृत्त शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं आयोजन पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिवाकर मुक्तिबोध पूर्व सम्पादक दैनिक भाष्कर एवं नवभारत, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ व्यंगकार व कवि रामेश्वर वैष्णव, विशिष्ट आतिथ्य युगल किशोर तिवारी सेवानिवृत्त प्राचार्य शिक्षाविद, पूर्व जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी राजेन्द्र शर्मा एवं पेंसनर समाज

जिलाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद तिवारी रहें। आयोजन का प्रारम्भ करते हुए संयोजक अवधेश सिंह चंदेल ने शिक्षकों को समाज का निर्माता कहकर उनका स्वागत करते हुए डॉ सर्वपल्ली राधा कृष्णन का स्मरण किया, प्रतिवर्ष जिलें के शिक्षकों के सम्मान करने को अपना सौभाग्य बताया। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा द्वारा सम्बोधित करते हुए सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों का अभिनंदन किया।वरिष्ठ सम्पादक दिवाकर मुक्तिबोध एवं युगल किशोर तिवारी द्वारा सम्बोधित किया गया।अध्यक्षीय उद्बोधन में वरिष्ठ कवि, गजलकार एवं व्यंगकार रामेश्वर वैष्णव द्वारा अपने गीत गजल एवं छतीसगढ़ी फिल्मी गीतों के द्वारा मंत्रमुग्ध कर दिया, अंत में उन्होंने ट्रेन के भिखारी बाबूलाल के लिए लिखे गए अपनी प्रसिद्ध रचना ÷बने करे राम मोला अंधरा बनाये÷ से कार्यक्रम को गीतमय कर दिया।समस्त अतिथियों ने कार्यक्रम के संयोजक अवधेश सिंह चंदेल की शिक्षकों को सम्मान देने के लिए सराहना किया। कार्यक्रम में ग्राम लावतरा कक्षा 8 वी के छात्र तामरज धीवर जिन्होंने इस वर्ष गणेश की 125 से अधिक मूर्तियों का निर्माण किया, उनका सम्मान किया गया। साथ ही डॉ प्रितिबाला ताम्रकर एवं डॉ गायत्री सिन्हा को पीएचडी करने पर सम्मानित किया गया। पूर्व विकासखंड शिक्षाधिकारी बेरला निर्भय लाल रावटे का सेवानिवृत्ति पर सम्मान एवं विदाई प्रदान किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों में गंगा सागर सिंह ठाकुर, तारकेश्वर देवांगन, कनक लाल देशलहरे, महराजदिन धीवर ,केशो राम वर्मा, पंच लाल पारधी, चंद्रभान बंजारे, सन्तराम बंजारे, जगत राम वर्मा, श्रीहं धुर्वे, बजरंग साहू, दिलेश्वर पांडे, नेमसिंह मरकाम, लालाराम धृतलहरे, जयप्रकाश वर्मा, नरोत्तम पारकर, रिपुसूदन शर्मा सहित 200 सेवानिवृत्त शिक्षक एवं बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ एवं साजा से शिक्षा विभाग के अधिकारीगण सहित लगभग 200 शिक्षक उपस्थित रहें। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी, वरिष्ठ नेता, समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सैकड़ो की संख्या में सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जिले के 65 निर्माणी श्रमिक आवास सहायता योजनान्तर्गत लाभान्वित

बेमेतरा/नवप्रदेश। निर्माणी श्रमिक के रूप में पंजीकृत श्रमिकों को आवास निर्माण/नवीन क्रय हेतु छत्तीसगढ़ शासन के भवन सर्न्निमाण कर्मकार कल्याण मंडल की महत्वपूर्ण योजना की शुरूआत बीते दिन बिलासपुर में सांसद राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आतिथ्य में संपन्न हुई। ऐसे पंजीकृत निर्माणी श्रमिक जिनका स्वयं का आवास/पक्का मकान न हो वे अपना पक्का मकान का निर्माण इस योजना के माध्यम से कर सकते हैं। बेमेतरा जिलें के 65 निर्माणी श्रमिक आवास सहायता योजनान्तर्गत लाभान्वित हुए। मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना शहरी क्षेत्र में 500 वर्गफीट एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 1000 वर्गफीट अधिकतम पर निर्माण किए जाने की स्थिति में लाभान्वित हो सकेंगे।

भाजपा विधायक प्रत्याशी विक्रांत सिंह के समक्ष दिव्यांगजनों ने किया भाजपा प्रवेश

- **दिव्यांगजनो ने कांग्रेस सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप**

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला भाजपा युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष मंजीत सिंह के नेतृत्व में खैरागढ़ - छुईखदान-गंडई जिले के दिव्यांग संघ के जिला अध्यक्ष कन्हैया गुप्ता के अगुआई में 23 दिव्यांगजनों ने भाजपा प्रत्यासी विक्रांत सिंह के निवास पहुँचकर प्रदेश के कांग्रेस सरकार पर दिव्यांगों के प्रति कोई विशेष ध्यान नही देने, सरकारी नौकरी में दिव्यांगों को अनदेखा कर 2011 के सर्वे सूची में ग्रामीण क्षेत्र के दिव्यांगों को पेंशन का लाभ नही दिलाने के चलते हो रही परेशानी सहित वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए भाजपा के प्रति भरोषा जताते हुए भाजपा प्रवेश किया।भाजपा प्रत्यासी विक्रांत सिंह ने सभी दिव्यांगों को मुंह मीठा कराकर भाजपा में प्रवेश कराया साथ ही दिव्यांगों से कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही 2011 सर्वे सूची के आधार पर दिव्यांगों को पेंशन का लाभ दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा साथ ही केसीजी जिले में बैटरी चलित ट्राइसाइकिल की मांग लगातार दिव्यांगों द्वारा की जा रही है लेकिन प्रदेश सरकार के द्वारा कोई विशेष पहल नही किया जा रहा है जो न्यायसंगत नही है।विक्रांत सिंह ने आगे कहा कि दिव्यांगों के लिए विशेष पहल किया जाएगा ताकि उनको कोई परेशानी न हो इस दौरान दिव्यांग संघ के जिला सचिव आशीष साहू, सुंदरलाल साहू, अगनु साहू, ओम प्रकाश साहू, तुलसी बाई साहू, दुलीचन्द कवर, देवलाल वर्मा, गोपाल वर्मा, कमलेश दास मानिकपुरी, आंनद राम वर्मा, संजय कुमार, सचिन कुमार भगत, बीरबल यदु, राजेश निषाद सहित दिव्यांजन उपस्थित थे।

राज्य सरकार नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने सामाजिक समरसता के साथ कर रही हैं काम : छाबड़ा

- **कौशलपुर मोहरेंगा में 36.92 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्य कबीर सामुदायिक भवन, सतनाम सामुदायिक भवन, स्कूल भवन निर्माण सहित कार्यों की रखी आधारशिला**

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कौशलपुर मोहरेंगा में आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। सर्वप्रथम मां सरस्वती की तैलचीत्र में माल्यार्पण कर शा. हाई स्कूल में प्रयोगशाला लोकार्पण 7 लाख रुपए सहित कबीर सामुदायिक भवन निर्माण 6.50 लाख, सतनाम सामुदायिक भवन 6.50 लाख, सिन्हा समाज सामुदायिक भवन 3 लाख, कृष्ण मंदिर जीर्णोधार 2 लाख, शाला भवन जीर्णोधार 4 लाख, हाई स्कूल में अतिरिक्त कक्ष 7.62 लाख रूपए के विकास कार्यो की नारियल तोड़ भूमिपूजन किए।

इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि प्रदेश के यशश्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी वर्गो की विकास एवं उन्नती के कार्य कर रही हैं, राज्य सरकार हमारे पुरखों के बताएं आदर्शो पर चलकर कार्य कर रही हैं। राज्य सरकार सामाजिक समरसता के साथ नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की दिशा में काम रह रही हैं, नीचले तबको के साथ सभी वर्गो का विकास होगा तो प्रदेश और देश का विकास होगा। 2018 के विधानसभा चुनाव आप सभी के आशीर्वाद से कांग्रेस पार्टी प्रचण्ड बहुमत के साथ जीत अर्जित कर सरकार बनते ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शपथ लेते अपने मंत्री मंडल के बैठक कर 'हमारे भूंइया के भगवान' किसानों के हित में फैसला लिया। भूपेश की सरकार ने किसानों का अल्पकालीन कृषि लोन माफ किया, साथ ही 2500 रूपए की समर्थन मूल्य में धान खरीदने का फैसला लिया, जब किसान ऋण मुक्त, चिन्ता मुक्त होकर समृद्ध होंगे, तब गांव और प्रदेश भी समृद्ध होगा, इसी का परिणाम हैं कि देश में मंदी की स्थिति के बावजूद भी छत्तीसगढ़ में इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा, यहां के किसान, व्यापारी खुशहाल हैं। ग्राम मोहरेंगा में लगातार विकास कार्य प्रगति पर हैं, चाहे स्वास्थ्य की बात, चाहे शिक्षा की बात हो चाहे रोड़, नाली, पुल निर्माण कार्य की बात हो, गांव में विकास की बात हो लगातार मोहरेगा विकास कार्य प्रगति पर हैं। अभी हमर सियान एक बहुत महत्त्वपूर्ण मांग रखे हैं कि गांव में हाई स्कूल तो हैं, यहां के बच्चों को हायर सेकेंडरी स्कूल की शिक्षा ग्रहण करने गांव से दूर जाना पढ़ता हैं, मैं आज इस मंच से पूर्व आप सभी को आस्वस्थ करना चाहता हूं पुनः प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनते ही सबसे पहला काम मोहरेगा में हायर सेकेण्डरी स्कूल खोलने की होगी। प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार 2018 में बनी, जिसके बाद से लगातार प्रदेश के विकास के लिए काम किया जा रहा हैं। वास्तव में भूपेश बघेल के सरकार बनने के बाद आज हमारे पुरखों ने जो सपना देखा था छत्तीसगढ़ का वह पूरा हुआ हैं। छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता हैं, लेकिन हमारे अन्नदाता कर्ज में डूबे हुए थे, मजदूर लगातार पलायन कर रहे थे, छत्तीसगढ़ बनने के बाद भी किसान को ना मजदूरों को ना महिलाओं को ऐसा कोई काम मिला पा रहा था जिससे उनका जीवन में कोई परिवर्तन आए, आप सभी को याद होगा स्व. नंदकुमार पटेल ने परिवर्तन यात्रा निकाली थी, वह परिवर्तन यात्रा सरकार के परिवर्तन की नहीं बल्कि लोगों के जीवन में परिवर्तन आए वह उसका उद्देश्य था। हमारे पूर्वज कहते थे छत्तीसगढ़ में खनिज संपदा की भरमार हैं, यहां पर शिक्षा, स्वास्थ्य, जंगल सबका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। लेकिन 15 साल तक लोगों को लगा ही नहीं कि छत्तीसगढ़ में उनकी कोई हिस्सेदारी हैं, केवल चावल वाले बाबा मिला, जिसने नान, खदान, धान सभी घोटाला किया हैं।

हाई-प्रोफाइल सीट पाटन में शुरू हुआ चुनावी घमासान

दुर्ग/नवप्रदेश। पाटन हाई प्रोफाइल विधानसभा सीट पर जंगी लड़ाई तेज घमासान के स्तर पर पहुंच रहा है। यद्यपि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अभी पाटन क्षेत्र में स्वयं मोर्चा नहीं संभाल रहे हैं, किंतु महीने भर से भाजपा प्रत्याशी सांसद विजय बघेल ग्रास रूट पर ताबड़तोड़ जनसंपर्क कर रहे हैं। उन्हें लोगों से संवाद करने के लिए काफी वक्त मिला है। इसमें शक नहीं कि भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के धुंआधार जनसंपर्क ने कांग्रेस को पाटन क्षेत्र में सकते में डाल दिया है। फिर भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं । पाटन क्षेत्र के उनके समर्थक मानते है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को एक प्रत्याशी के तौर पर कब क्या करना है, सब पता है। बहरहाल, पाटन क्षेत्र के मतदाता अभी खुलकर कुछ ज्यादा नहीं बोल रहे हैं। क्षेत्र की राजनीति पर सतत नजर लगाए हुए मीडियाकर्मियों का कहना है कि यदि पाटन क्षेत्र के मतदाताओं को तीन मोटे वर्गों में बांट दिया जाए तो मिडिल वर्ग के मतदाता किसी तरह का नरेटिव फायर करते नहीं दिख रहे हैं। जबकि मतदाताओं में इसी वर्ग की संख्या निर्णायक है। पाटन क्षेत्र का राजनीतिक हालात देखकर लगता है कि लड़ाई अंडरग्राउंड है, लेकिन चुनाव आते आते यह लड़ाई हर स्तर पर लड़ी जाएगी।

75 प्लस का दावा

सीएम भूपेश बघेल दावा करते हैं कि इस चुनाव में 75 प्लस लाकर दिखाएंगे। कई लोगों को उनके दावों में दम भी लगता है। मगर प्रदेश के सियासी प्रेक्षक कहते हैं कि इस बार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस 55 से 60 के बीच सीट पाकर सरकार बना सकती है। फिर से कांग्रेस सरकार बनाने के लिए संख्या पर्याप्त होगी, मगर भारी बहुमत न रहने पर सरकार पर खतरा भी मंडराता रहेगा। मुख्यमंत्री के तौर पर भूपेश बघेल के सामने पूरे कार्यकाल में यह चुनौती रहेगी कि वह भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व से छत्तीसगढ़ की सरकार को महफूज रख सके। नहीं तो इस बार जैसे मध्यप्रदेश में कमलनाथ की सरकार के साथ हुआ था। बहरहाल, कांग्रेस के भूपेश बघेल छत्तीसगढ़ में एक मजबूत मुख्यमंत्री है और चुनावी राजनीति के माहिर खिलाड़ी हैं। अभी विरोधी भाजपा पर बीस ही साबित हो रहे है। उधर, जिस तरह से मध्यप्रदेश में बड़े भाजपा नेताओं को चुनाव में उतारा है, पाटन में भाजपा यह काम विजय बघेल को उतार कर पहले ही कर दिया है।

नए मतदाताओं की संख्या में बढ़ोतरी

इन पांच सालों में नए मतदाताओं की संख्या भी बढ़ी है। सत्ता पक्ष ने इन्हें अपने से जोड़ने बहुतेरे प्रयास किए है। सोशल मीडिया के इस युग में नए जुड़े यंग मतदाताओं में मोदी फैक्टर का कितना असर है, यह भी पता चलेगा। पिछले 2018 के चुनाव में भी मोदी फैक्टर था, पर आज जितना मजबूत नहीं था। उस चुनाव में भूपेश बघेल की अगुवाई में कांग्रेस ने रिकार्ड जीत दर्ज की थी। कांग्रेसी इस चुनाव में भी उसको दोहराना चाहती है। इसी लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बघेल को कांग्रेस पार्टी हाई का मान्य राज्य के चुनाव के लिए फ्री हैंड दे दिया है।

कांग्रेस ने 5 साल में हर वर्ग को के साथ धोखा किया : बृजमोहन

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस की छत्तीसगढ़ सरकार को राज्य के युवाओं का कैरियर किलर सरकार निरूपित करते हुए कहा है कि कांग्रेस सरकार ने अपने कुशासन के 5 साल में हर वर्ग को के साथ धोखा किया है। श्री अग्रवाल ने ये आरोप राज्य सेवा परीक्षा (पीएससी) 2021 राज्य सेवा परीक्षा (पीएससी) 2022, वन सेवा भर्ती परीक्षा और शिक्षक भर्ती में व्यापक भ्रष्टाचार के संदर्भ में कही है। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुई कहा कि युवा छत्तीसगढ़ और देश का भविष्य हैं। इन युवाओं के कैरियर में 5 साल बहुत होता है, उसे बर्बाद करना देश के साथ गद्दारी है और अक्षम्य अपराध भी। लेकिन कुटिल और कुशासन की प्रतीक कांग्रेस की छत्तीसगढ सरकार ने ऐसा किया है। इसने संविधान की मर्यादाओं को तार-तार कर, 5 साल में पीएससी, व्यापम, पुलिस, शिक्षक भर्ती, फॉरेस्ट में भर्ती और यहां तक की चपरासी की भर्ती में भी घोटाला किया है। संविधान के अनुच्छेद 315 में पारदर्शी और निष्पक्ष भरतियां करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग और राज्य लोक सेवा आयोग का प्रावधान संविधान निर्माताओं ने किया है। ताकि गरीब, गांव, आदिवासी, दलित, किसान, मजदूर और कमजोर वर्ग का हर योग्य व्यक्ति सरकारी नौकरी पाने में सफल हो सके। श्री अग्रवाल ने दुख व्यक्त किया कि अपने राजनीतिक जीवन में युवाओं के कैरियर को बर्बाद करने वाली, ऐसी राज्य सरकार उन्होंने कभी नहीं देखी। राज्य सेवा परीक्षा 2021 और राज्य सेवा परीक्षा 2022 में हुए घोटाले को स्वतंत्र भारत में हुआ, सबसे शर्मनाक और सबसे बड़ा घोटाला निरूपित किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ष 2018 से लेकर 2023 तक, हर परीक्षा में, इस राज्य सरकार ने मंडी लगाकर भर्तीयां की है, पदों को बेचा है। यह छत्तीसगढ़ के युवाओं के साथ भद्दा, क्रूर और गंदा मजाक। पीएससी घोटाले, फॉरेस्ट सेवा घोटाला, शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच सीबीआई से करने की मांग की है। उन्होंने राज्य सरकार को चुनौती है कि उसमें दम है तो वह ऐसा करके दिखाये।

2 अक्टूबर को सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस निकालेगी भरोसा यात्रा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को एक-दिवसीय विधानसभा-स्तरीय कांग्रेस भरोसा-यात्रा का आयोजन किया जायेगा। यात्रा के माध्यम से प्रदेश के समस्त 90 विधानसभा क्षेत्रों में अधिक से अधिक ग्रामों में पहुंचकर राज्य सरकार के जन-कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा अपने विगत 15 वर्षों के कार्यकाल में छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़वासियों के साथ किये गये छल से आमजनता को अवगत कराया जाएगा। कार्यक्रम, यात्रा के दौरान नुक्कड़ सभा करते हुए आमसभा के रूप में समापन किया जाना है। कार्यक्रम में लोकसभा स्तर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगांव, उप-मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव सरगुजा एवं रायगढ़, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर एवं कांकेर, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग एवं बिलासपुर, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत कोरबा एवं जांजगीर तथा नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया रायपुर एवं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र का नेतृत्व करेंगे।

युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने के निर्णय से भाजपा डरी : सुशील

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने के निर्णय से भाजपा डर गयी है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा छत्तीसगढ़ में मुद्दाविहीन हो गयी है। वह भूपेश सरकार के द्वारा लिये जा रहे जनकल्याणकारी निर्णयों से घबरा गयी है। भाजपा आने वाले चुनाव में झूठ और भ्रम के सहारे राजनीति करना चाह रही। भाजपा युवाओं के बेरोजगारी भत्ते का भी विरोध करने लगी है। लगातार भाजपा के वरिष्ठ नेता लोकप्रिय योजनाओं के बारे में झूठे और अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। उन्हें लगने लगा है कि छत्तीसगढ़ में उनका वजूद खतरे में पड़ गया है इसीलिये वे कांग्रेस सरकार का विरोध करते-करते बौखलाहट में जनता से जुड़ी योजनाओं का विरोध करने लगे है। प्रदेश के युवा भूलें नहीं है कैसे भाजपा के 15 साल के राज में युवाओं का शोषण हुआ था, सरकारी विभागों में भर्तियां बंद कर दी गयी थी, छत्तीसगढ़ के युवाओं को नौकरी देने के बजाय संविदा और आऊट सोर्सिंग के माध्यम से बाहरी लोगों को नौकरियों पर रखा जाता था। भाजपा ने 2003 में युवाओं से वायदा किया था कि उनकी सरकार आने पर 500 रू. बेरोजगारी भत्ता देंगे लेकिन तीन बार सरकार में आने के बाद भी भत्ता नहीं दिया। भूपेश सरकार भत्ता दे रही तो भाजपा को पीड़ा हो रही है। 15 साल तक युवाओं का शोषण करने वाली भाजपा किस मुंह से बेरोजगारी भत्ता देने बनाए गए नियमों पर सवाल उठा रही है? भाजपा को बेरोजगारी भत्ता पर सवाल पूछने से पहले दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने के मोदी के वादों का हिसाब दें। प्रदेश के युवाओं को बताएं की नरेंद्र मोदी की सरकार ने 9 साल में प्रदेश के कितने युवाओं को रोजगार दिया है? दो करोड़ प्रतिवर्ष के हिसाब से प्रदेश के भी 43 लाख युवाओ को रोजगार मिलना था नरेंद्र मोदी की सरकार प्रतिवर्ष दो करोड रोजगार देने में असफल रही हैं और उल्टा मोदी सरकार की गलतियों नासमझी के चलते अब तक 23 करोड़ हाथों से रोजगार छीना जा चुका है। यानी प्रति वर्ष लगभग 2 करोड़ 5 लाख 55 हजार 555 हाथों से रोजगार छीना गया है।

कांग्रेस का 'कॉन्फिडेंस' केवल अवैध वसूली : चंद्राकर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का चुनावी माहौल अपने चरम पर आ चुका है। पार्टियां अपने-अपने जीत के दावे कर रही है। ऐसे में कांग्रेस और बीजेपी के बीच जुबानी जंग तेज हो चुकी है। इस बीच पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कांग्रेस और मुख्यमंत्री पर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने अपने ट्विटर पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए कांग्रेस पर वार किया है। उन्होंने लिखा, ना किसी नेता के कॉन्फिडेंस से, ना किसी मंत्री के कॉन्फिडेंस से, ना किसी किए गए कार्य के कॉन्फिडेंस और ना स्वयं मुख्यमंत्री के कॉन्फि डेंस, किसी के भी कॉन्फि डेंस से कांग्रेस चुनाव नहीं जीत सकती। इनका कॉन्फि डेंस केवल अवैध वसूली की आवक, मौजूद संसाधन, शराब और धनबल पर निर्भर करता है और इसी के बल पर ये लोग दूसरी सरकार बनाने की असफल कोशिश करने वाले हैं।

मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना कांग्रेस का एक और नया झूठ व छल : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जा रही मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक पेंशन योजना को कांग्रेस का एक और नया झूठ व छल बताया है। श्री पांडेय ने उक्त योजना को नितांत अव्यावहारिक करार देते हुए कहा कि चुनाव के करीब आते ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के माध्यम से कराए जा रहे भरोसे का सम्मेलन प्रदेश सरकार के प्रति कांग्रेस नेतृत्व और प्रदेश की जनता के खत्म हो चुके भरोसे का प्रतीक बन चुका है। श्री पांडेय ने कहा कि उक्त योजना में 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले और 10 वर्ष पूर्व पंजीबद्ध अभ्यर्थियों को 1500 रुपए प्रतिमाह पेंशन का प्रावधान किया गया है, लेकिन इस योजना में अर्हताएँ प्राप्त पंजीकृत मजदूर कुल वृध्द मजदूरों का एक प्रतिशत भी नहीं है। अतः यह योजना मात्र दिखावा है। प्रतिवर्ष मजदूरों के नवीनीकरण की प्रक्रिया में ऐसे पात्र मजदूरों की संख्या नगण्य है। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने जो अटल पेंशन योजना लागू की है, उसमें कोई व्यक्ति, जिसकी उम्र 45 वर्ष है और वह यदि 15 साल तक अपना अंश जमा करता है तो उसे 60 वर्ष की आयु के बाद आजीवन प्रतिमाह 15 सौ रुपए से लेकर 5 हजार रुपए बतौर पेंशन मिलेंगे। इसलिए प्रदेश सरकार की यह योजना पूर्णतः फर्जी है। श्री पांडेय ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ प्रवास पर सवाल करते हुए उनसे सवालों का जवाब भी मांगा है। भाजपा नेता और पूर्व मंत्री श्री पांडेय ने गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में बताया कि श्रम विभाग में कौशल विकास योजना के तहत करीब 10 करोड़ रुपए से ज्यादा कंपनियों को भुगतान किया गया है। केन्द्र की आरपीएल कौशल विकास योजना में जिस राष्ट्रीय कंपनी को मजदूरों के कौशल विकास योजना का कार्य दिया था, उसे मंत्री के नजदीकी एक ही व्यक्ति को पेटी कॉन्ट्रैक्ट दे दिया गया और बड़ी संख्या में मजदूरों का फर्जी कौशल उन्नयन किया गया, फर्जी तरीके से राशि की बंदरबाँट की गई है। इस योजना में मजदूरों के कार्यस्थल पर प्रशिक्षण दिया जाना है जबकि श्रम विभाग द्वारा श्रम कार्यालयों में फर्जी मजदूरों का प्रशिक्षण कराकर भारी राशि का घोटाला किया गया।

भाजपा नहीं चाहती 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी हो : दीपक

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान की खरीदी हो इसीलिये मोदी सरकार ने 86 लाख मीट्रिक टन चावल के कोटे को घटाकर 61 लाख कर दिया है। मोदी सरकार धान की कीमत समर्थन मूल्य से ज्यादा देने पर भी अडंगा लगाती है। मोदी सरकार के प्रतिबंध के कारण ही भूपेश सरकार को किसानों को 2500 कीमत देने के लिये राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू कर 9000 रू. प्रति एकड़ इनपुट सब्सिडी देना शुरू किया था ताकि किसानों से किया वादा कांग्रेस सरकार पूरा कर सके। भाजपा को वोट देने का मतलब है धान खरीदी बंद करना और आने वाले समय में धान की पूरी कीमत नहीं मिलना होगा। भाजपा की मोदी सरकार धान पर घोषित समर्थन मूल्य से 1 रू. भी ज्यादा देने के खिलाफ है। दीपक बैज ने कहा कि भले ही मोदी सरकार एक भी दाना चावल मत लें कांग्रेस सरकार किसानों से पूरा धान खरीदेगी।

कांग्रेस ने दागे सवाल! पूछा, बीजेपी को 'ओबीसी' से इतनी नफरत क्यों

रायपुर/नवप्रदेश। जातिगत जनगणना के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी की नीति और नियत पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्राकर ने कहा है की देश की बहुसंख्यक आबादी ओबीसी वर्ग से भारतीय जनता पार्टी को आखिर इतनी नफरत क्यों है? स्वयं पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व करने का ढोंग करने वाले मोदी जी जब-जब पिछड़ा वर्ग को कुछ देने की बारी आती है तब-तब हमेशा ही अन्य पिछड़ा वर्ग को निराशा किया है। देश भर के लगभग सभी ओबीसी वर्ग के नेता जातिगत जनगणना कराये जाने के पक्ष में है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी से लगातार अनुरोध किया कि जनगणना रजिस्टर में जाति का कालम जोड़ा जाए लेकिन अपने आप को पिछड़ा वर्ग का हितैषी प्रचारित करने वाले मोदी सरकार, आरएसएस और भाजपाई नहीं चाहते की ओबीसी को उनकी संख्या के अनुपात में न्याय मिले, सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। भाजपा और केन्द्र की मोदी सरकार नही चाहती कि पिछड़ा वर्ग के आर्थिक, समाजिक स्थिति का सही आंकलन हो। चन्द्राकर ने कहा है कि 1990 में विश्वनाथ

प्रताप सिंह ने भी प्रयास किया था, लेकिन भारतीय जनता पार्टी कि आरक्षण विरोधी सरकार में पिछड़ा वर्ग को दिए जाने वाले आरक्षण के मुद्दे पर ही सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया। केंद्र में यूपीए की मनमोहन सिंह सरकार ने 2011 में सामाजिक आर्थिक जाति जनगणनाैम्ब्ब् शुरु करवाया। मनमोहन सरकार के द्वारा 2013 में आर्थिक जाति जनगणना पूरी हुई, लेकिन केंद्र में मोदी सरकार आने के बाद इन जातियों का डेटा आज तक सार्वजनिक नहीं किया गया। पिछड़ा वर्ग को आरक्षण देने के फैसले के विरोध में ही भाजपा ने वी.पी. सिंह के नेतृत्व तत्कालीन संयुक्त मोर्चा की सरकार से समर्थन वापस ले लिया था और केन्द्र की सरकार को गिरा दिया था। प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष चौलेश्वर चंद्राकर ने कहा है कि ओबीसी वर्ग को उनका अधिकार देने का काम छत्तीसगढ़ में भूपेश सरकार ने किया है। छत्तीसगढ़ में ओबीसी वर्ग की जाति का जनगणना भूपेश सरकार ने कराया क्वांटिफायबल डाटा आयोग का गठन किया, उसके आधार पर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक भी सर्वसम्मति से पारित किया है। छत्तीसगढ़ में बहुसंख्यक आबादी के हित और हक के लिए 76 प्रतिशत आरक्षण का सर्व सम्मति से पारित विधेयक विगत 2 दिसंबर 2022 से आज़ तक, भारतीय जनता पार्टी के षडयंत्रों के चलते ही राज भवन में लंबित है। भाजपा के कथनी और करनी के अंतर को जनता समझ रही है। छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के नेता जातिगत जनगणना के संदर्भ में अपनी स्थिति स्पष्ट करें।भारत जोड़ो के यात्री रहे देश के सांसद राहुल गांधी के द्वारा लगातार सड़क से लेकर संसद भवन में मोदी सरकार को आईना दिखाते हुए कहा है कि देश में मात्र तीन भारत सरकार के सचिव है प्रधानमन्त्री मोदी अपने आप को ओबीसी वर्ग से आने की डिंडोरा पीटता है। वर्तमान परिस्थिति में राहुल गांधी एसटी, एससी, ओबीसी अल्पसंख्यक समाज की आवाज़ है केंद्र में कांग्रेस सरकार बनते ही पहली प्राथमिकता जातिगत जनगणना कराई जाएगी।

घुड़सवारी-ड्रेसेज के इंडिविजुअल इवेंट में भारत को ब्रॉन्ज

एशियन गेम्स में भारत को अब तक 25 मेडल

हांगझोऊ। चीन के हांगझोउ में चल रहे 19वें एशियन गेम्स का आज 5वां दिन है। घुड़सवारी-ड्रेसेज के इंडिविजुअल इवेंट में अनुष अगरवल्ला ने ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया है। भारत का आज यह तीसरा मेडल है। इससे पहले 10 मीटर एयर पिस्टल में गुरुवार को भारतीय मेंस टीम ने दिन का पहला गोल्ड दिलाया। सरबजीत सिंह, अर्जुन सिंह और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने इस इवेंट में 1734 स्कोर कर गोल्ड जीता। वहीं भारतीय वुशु खिलाड़ी रोशिबिना देवी ने 60 किलो वेट कैटेगरी में सिल्वर जीता। भारतीय खिलाड़ी एशियन गेम्स 2022 में अब तक 6 गोल्ड, 8 सिल्वर और 11 ब्रॉन्ज सहित कुल 25 मेडल जीत चुके हैं।

रोशिबिना देवी ने 60 किलो वेट कैटेगरी में दिन का पहला मेडल दिलाया। फाइनल में चीन की जियाओवेई वू से उन्हें 2-0 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही उन्हें सिल्वर मेडल से संतोष करना पड़ा। यह एशियाड के इतिहास में वुशु में भारत का दूसरा रजत मेडल है। सरबजीत सिंह, अर्जुन सिंह और शिवा नरवाल की तिकड़ी ने 10 मीटर पिस्टल मेंस इवेंट में 1734 स्कोर के साथ गोल्ड जीता। यह भारत का दिन का पहला गोल्ड है। इस इवेंट चीन ने 1733 स्कोर के साथ सिल्वर और वियतनाम ने 1730 का स्कोर कर ब्रॉन्ज जीता। एशियन गेम्स में भारतीय मेंस स्विमिंग टीम ने 4×100 मीटर फ्री स्टाइल में नेशनल रिकॉर्ड के साथ फाइनल में पहुंच गए हैं।

बॉक्सिंग- जैस्मीन लाम्बोरिया क्वार्टर फाइनल में पहुंची

भारत की जैस्मीन लाम्बोरिया ने सऊदी अरब की हदील गजवान अशौर के खिलाफ विमेंस 60 किग्रा राउंड ऑफ 16 के मुकाबले में जीत हासिल की। 22 साल की भारतीय मुक्केबाज ने राउंड 1 में परफेक्ट 10 का स्कोर बनाया था। जैसमिन ने क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। जोशना चिनप्पा, तन्वी खन्ना और अनाहत सिंह की भारतीय स्क्वैश विमेंस टीम मलेशिया के खिलाफ अपने मैच हार गईं। जोशना चिनप्पा को शिवसांगरी सुब्रमण्यम के खिलाफ 11-6, 11-2, 11-8 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि तन्वी खन्ना आइफा बिनती आजमान के खिलाफ पांच गेम हार गईं। तीसरे गेम में अनाहत सिंह के प्रयासों के बावजूद, मलेशियाई खिलाड़ी राचेल अर्नोल्ड ने फाइनल मैच 14-12 से जीतकर 3-0 से जीत पक्की कर ली। महिला टीम स्क्वैश पूल बी में यह भारत की पहली हार थी जबकि मलेशिया ने अपने सभी पांच ग्रुप मुकाबले जीते है।

मलेशिया ने सिंगापुर को हराया

एशियन गेम्स में मेंस क्रिकेट में ग्रुप सी के मैच में मलेशिया ने सिंगापुर को 73 रन से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मलेशिया ने निर्धारित 20 ओवर में 160 रन बनाए। वहीं 161 रन का पीछा करने उतरी सिंगापुर ने 17.5 ओवर में 87 रन पर ऑलआउट हो गई। भारतीय विमेंस टीम ने राउंड ऑफ 16 मैच में भारत ने मंगोलिया को 3-0 से हराया। भारत अब क्वार्टरफाइनल में पहुंच गया है। बैडमिंटन में पीवी सिंधु ने भारतीय विमेंस टीम को जीत के साथ शुरुआत दिलाई है। उन्होंने मंगोलियाई खिलाड़ी को 21-2, 21-3 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। वहीं अश्मिता चालिहा ने खेरलेन दरखानबातर को 21-2, 21-3 से हराकर भारत को मंगोलिया के खिलाफ 2-0 की बढ़त दिलाई। भारतीय साइकिलिस्ट डेविड बेकहम मेंस स्प्रिंट स्पर्धा में आठवें स्थान पर रहे। डेविड बेकहम 5वें-8वें स्थान की रेस में पांचवें स्थान पर मौजूद चीनी ताइपे के शिह-फेंग कांग से 0.109 सेकंड पीछे रहे। यह एशियन गेम्स में इंडिविजुअल स्प्रिंट इवेंट में किसी भी भारतीय का बेस्ट परफॉर्मेंस है।

क्रिकेट वर्ल्ड कप के बाद सन्यास लेंगे नवीन-उल-हक

कोहली के साथ विवाद के बाद आए थे चर्चा में, महज 24 साल की उम्र में लिया फैसला

नई दिल्ली। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक ने वनडे इंटरनेशनल से रिटायरमेंट लेने की घोषणा की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करके इसकी जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि भारत में होने वाले वर्ल्ड कप के खत्म होने के बाद वह वनडे को अलविदा कह देंगे। 24 साल के नवीन ने 2016 में वनडे करियर की शुरुआत की थी। नवीन ने 2021 के बाद से वनडे मैच नहीं खेला है। उन्होंने सात वनडे खेले और 14 विकेट हासिल किए। अपने देश का नेतृत्व करना मेरे लिए बहुत गर्व की बात है। मैं इस वर्ल्ड कप के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा करता हूं। मैं अपने देश के लिए टी-20 फॉर्मेट खेलता रहूंगा। यह फैसला लेना आसान नहीं था, लेकिन अपने खेल करियर को आगे बढ़ाने के लिए यह कठिन निर्णय लेना पड़ा। मैं अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड, और अपने सभी प्रशंसकों का उनके समर्थन के लिए धन्यवाद करता हूं।

कोहली और नवीन विवाद

बता दें, लखनऊ के इकाना में 1 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (त्र्ष्टक्च) ने लखनऊ सुपर जायंट्स (रुस्त्र) को हरा दिया था। इस मैच के दौरान विराट कोहली, नवीन उल-हक और गौतम गंभीर के बीच विवाद हो गया था। एक रिपोर्ट की माने तो कोहली ने नवीन को जूता दिखाते हुए स्लेजिंग की और उसके बाद मामला बढ़ता गया।

नवीन का विवादों से पुराना नाता

इससे पहले साल 2020 में नवीन की पाकिस्तान के मोहम्मद आमिर और शाहिद अफरीदी के साथ भी नोक-झोक हुई थी। 2020 में वो लंका प्रीमियर लीग (रुक्करु) में कैंडी टस्कर्स के लिए खेल रहे थे।

विश्व चैंपियन धावक डाफने शिपर्स ने लिया संन्यास

नई दिल्ली। नीदरलैंड की दो बार की विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स ने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। हर एक खिलाड़ी के जीवन में एक ऐसा क्षण आता है जब उसे न चाहते हुए भी अपने करियर को अलविदा कहना पड़ता है।

ऐसा ही समय अब विश्व चैंपियन एथलीट डाफने शिपर्स के करियर में आया है। काफी समय से चोटों से जूझने के बाद उन्होंने 31 साल की उम्र में संन्यास की घोषणा की। शिपर्स के करियर का मुख्य आकर्षण बीजिंग में 2015 विश्व चैंपियनशिप थी जब उन्होंने 200 मीटर में स्वर्ण और 100 मीटर में रजत पदक जीता था। फिर, दो साल बाद लंदन में उन्होंने 200

मीटर में अपने खिताब का बचाव किया और 100 मीटर में तीसरे स्थान पर रहीं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने 2016 के रियो ओलंपिक खेलों में 200 मीटर में रजत पदक जीता था।

शिपर्स के पास अभी भी 2015 में बीजिंग में 21.63 सेकंड के समय के साथ 200 मीटर में यूरोपीय रिकॉर्ड है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में शिपर्स को कई चोटों का सामना करना पड़ा। उनका अभी भी पेरिस में 2024 ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का सपना था, लेकिन अब उन्हें एहसास हुआ कि सपना सच नहीं होगा तो उन्होंने इसे छोड़ने का फैसला किया। शिपर्स ने कहा, मैंने अपने जीवन को पटरी से उतारकर आगे बढ़ने और जो भी आगे आएगा उसे अपनाने का फैसला किया है, लेकिन आप सबके समर्थन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद कहे बिना नहीं। यह बिना किसी अफसोस के एक खास यात्रा रही है।

गोल्ड जीतकर भारतीय निशानेबाज सिफ्त कौर ने बनाया विश्व रिकॉर्ड

हांगझोऊ। भारत की सिफ्त कौर समरा ने महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3-पोजीशन व्यक्तिगत प्रतियोगिता में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।

469.6 के स्कोर के साथ सिफ्त ने एक नया विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने एशियाई खेल रिकॉर्ड और सबसे कठिन शूटिंग प्रतियोगिताओं में से एक में शीर्ष पर रहने का एशियाई रिकॉर्ड भी बनाया। यह घुटने टेकने, झुकने और खड़े होने में निशानेबाज की क्षमताओं का परीक्षण करता है।

सिफ्त ने ग्रेट ब्रिटेन के सियोनैड मैकिन्टोश के 467.0 के पिछले विश्व रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जिन्होंने इस साल मई में बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में यह

उपलब्धि हासिल की थी। भारत की आशी चौकसे (451.9) ने इस वर्ग में कांस्य पदक जीता और चीन की क्यूनग्यू झांग (462.3) को पीछे छोड़ा। इससे पहले, सिफ्त और आशी ने अपनी साथी मनिनी कौशिक के साथ महिलाओं की 50 मीटर राइफल 3- पोजिशन टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

वार्म-अप मैच नहीं खेलेंगे साउथ अफ्रीकी टीम के कप्तान बावुमा

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के कप्तान तेम्बा बावुमा अपनी टीम के दोनों वर्ल्ड कप वार्म-अप नहीं खेलेंगे। बावुमा पारिवारिक कारणों की वजह से घर जा रहे है। साउथ अफ्रीका को 29 सितंबर को तिरुवनंतपुरम में अफगानिस्तान और 2 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के साथ अपना वार्म-अप मैच खेलना है। बावुमा के गैर मौजूदगी में टीम का नेतृत्व एडेन मार्करम करेंगे।

7 अक्टूबर को दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ साउथ अफ्रीका का पहला वर्ल्ड कप मैच है। टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि बावुमा इस मैच से पहले भारत वापस लौट आएंगे। बावुमा टीम के ओपनिंग बैट्समैन है। उनकी अनुपस्थिति में, रीजा हेंड्रिक्स तिरुवनंतपुरम में वार्म-अप मैच में क्विंटन डी कॉक के साथ ओपनिंग कर सकते है।

चोट के कारण पहले ही स्टार प्लेयर्स टीम के बाहर

साउथ अफ्रीका पहले से ही तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्या और सिसांडा मगाला के बिना खेल रही हैं। दोनों चोटों के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। नॉर्त्या की पीठ में स्ट्रेस फैक्चर है और मगाला बाएं घुटने में लगी चोट से जूझ रहे है। इसी महीने की शुरुआत में वनडे में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बावुमा ने नाबाद 114 रन की पारी खेली।

करिश्मा और तबु से रिप्लेस की गई थीं रवीना टंडन

मेरे साथ लोगों ने खुलेआम पॉलिटिक्स की, गुटबाजी के चलते मैंने फिल्में गंवाई

बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन ने कई बार एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के साथ अपने झगड़े के बारे में बात की है। अब हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि फिल्म इंडस्ट्री में पॉलिटिक्स और गुटबाजी के चलते उन्हें कई फिल्में गंवानी पड़ीं।

यूट्यूब चैनल स्द्धह्लद्धठ्ठ ऋह्लह्वह्य से बात करते हुए रवीना ने कहा कि इंडस्ट्री में गुटबाजी के चलते उन्हें 'साजन चले ससुराल' जैसी हिट फिल्में गवांनी पड़ी थी। फिल्म में उनकी जगह करिश्मा कपूर को कास्ट कर लिया गया था। रवीना और करिश्मा ने साथ में 'अंदाज अपना अपना', 'रक्षक' और 'आतिश' जैसी फिल्मों में काम किया है। रवीना ने कहा, 'मैं हमेशा से एक हेल्दी कॉम्पिटिशन में बिलीव करती हूं क्योंकि इसके चलते आप अपना बेस्ड डिलिवर कर पाते हैं। हालांकि, मैं एक हद तक ही एंबिशियस हूं। कोई ऐसा नहीं कह सकता कि रवीना ने मुझे इस प्रोजेक्ट से हटवा दिया या रवीना ने इस न्यूकमर के साथ काम करने से मना कर दिया।'

अजय की विजयपथ से भी हुई थीं रिप्लेस

रवीना ने आगे कहा, 'मैंने कभी इस तरह की पॉलिटिक्स और गुटबाजी नहीं की पर कई लोगों ने मेरे खिलाफ खुलेआम पॉलिटिक्स की है। मैं डेविड धवन और गोविंदा के साथ फिल्म 'साजन चले ससुराल' में काम करने वाली थी। यहां तक कि मैंने अजय देवगन के अपोजिट 'विजयपथ' भी साइन की थी पर दोनों ही फिल्में मेरा हाथ से निकल गईं।' 1996 में रिलीज हुई साजन चले ससुराल में गोविंदा के अपोजिट करिश्मा कपूर और तबु नजर आई थीं। यह फिल्म उस साल की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी।

बिजनेस

एक अक्तूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने सीबीआईसी तैयार

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने साफ कर दिया है कि एक अक्तूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर 28त्न जीएसटी लागू होगा। पिछले महीने की शुरुआत में, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऑनलाइन गेमिंग पर 28त्न जीएसटी का एलान किया था। उन्होंने 51 वीं जीएसटी परिषद की बैठक के बाद कहा था कि ऑनलाइन गेमिंग पर लगाए दांव के पूरे अंकित मूल्य पर 1 अक्टूबर से 28 प्रतिशत कर लगाया जाएगा। अब सीबीआईसी चेयरमैन ने इस फैसले को लागू करने की पुष्टि कर दी है।

छह महीने बाद की जाएगी फैसले की समीक्षा- केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि सभी राज्यों को अपनी-अपनी विधानसभाओं में इसे पारित करने की जरूरत थी। उन्होंने कहा, राज्यों को एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर 30 प्रतिशत जीएसटी लागू करने के लिए 28 सितंबर तक अपनी विधानसभाओं में इसे पारित करना या अध्यादेश जारी करना था। अग्रवाल ने आगे कहा कि ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत कर लागू होने के छह महीने बाद समीक्षा की जाएगी।

फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट पर ये बोले चेयरमैन

फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पर सीबीआईसी चेयरमैन ने कहा कि यह काफी जटिल है और विभाग को जीएसटी दर और रिवर्स चार्ज तंत्र (आरसीएम) के बारे में विभिन्न सुझाव मिले हैं। इस पर चर्चा की जा रही है। नकली आईटीसी से सिर्फ लोहा और इस्पात ही नहीं बल्कि अन्य क्षेत्र भी प्रभावित होते हैं। उन्होंने कहा कि रिटर्न दाखिल करने या पंजीकरण प्रक्रिया पर जीएसटी परिषद के फैसले से समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा, फर्जी आईटीसी की समस्या को देखते हुए सरकार जीएसटी परिषद में कई फैसले ले रही है और उसके अनुसार पंजीकरण की प्रक्रिया को मजबूत किया गया है। कुछ और सत्यापन किए जा रहे हैं।

ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों का डाटा किया जा रहा इकट्ठा

संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी परिषद की बैठक में यह तय हुआ था कि एक अक्तूबर से इसे लागू किया जाएगा। कई सारी ऑनलाइन गेमिंग कंपनियां हैं, जिनका डाटा इकट्ठा किया जा रहा है। उसी आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किए जाएंगे। कई गेमिंग कंपनियां के मामले में केंद्र ही नहीं, राज्य सरकारों की तरफ से भी जांच की जा रही है और राज्यों की तरफ से भी कारण बताओ नोटिस जारी किए जा रहे हैं।

जुलाई में किया गया था एलान

वस्तु एवं सेवा कर परिषद ने जुलाई में घोषणा की थी कि ऑनलाइन गेमिंग, हॉर्स रेसिंग और कैसिनो में लगाए गए दांव पर पूरे मूल्य पर 28 प्रतिशत कर लगेगा। ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को मिल रहे कारण बताओ नोटिस पर उन्होंने कहा कि ये कानूनी प्रावधान के अनुसार जारी किए।

बजाज ऑटो ने लॉन्च किया पल्सर एन-150

रायपुर। दुनिया की सबसे मूल्यवर्धित टूव्हीलर और थ्रीव्हीलर कंपनी बजाज ऑटो ने भारत में ऑलन्यू पल्सर N150 का लॉन्च किया है। पल्सर N150 विस्तारित पल्सर पोर्ट फोलियो के लिए एकदम सही जोड़ है, जिसने पिछले 18 महीनों में कई सनसनी खेज लॉन्च देखे हैं, जिनमें अब तक का सबसे बड़ा पल्सर N250 और अत्यधिक सफल पल्सर N160 भी शामिल हैं। पल्सर N150 के साथ, भारत की सबसे अधिक बिकने वाली स्पोर्ट्स बाइक पोर्ट फोलियो के लिए ऐसा एक योग्य नया सदस्य मिला है जो न केवल पल्सर मे नियाक्सकी विरासत को बनाए रखने का वादा करता है बल्कि कई नए लोगों को भी इसमें शामिल करेगा।

डिज़ाइन की भाषा डायनेमिक और एनरजेंटिक कैरेक्टर लाइन्स, संकुचित अनुपात और आधुनिक एयरोडायनामिजम का दावा करती है। मस्कुलर टैंक को चमकीले, शैलीषीवेस्ट सेक्शन से विरोधित किया जाता है जो एक आकर्षक प्रोफ़ाइल बनाता है। यह एक स्पोर्टियर अंडर बेली एग्जॉस्ट से लैस है जो उच्च RPM पर गरजता है। बेलीपैन, फ्रंट - फेयरिंग और फ्रंट-फेंडर जैसे फ्लोटिंग बॉडी पैनल प्रभावशाली प्रोफ़ाइल को पूरा करते हैं।

जेम पोर्टल से तीन साल में हटाई गई चीन की सैकड़ों कंपनियां

नई दिल्ली। सरकारी खरीद मंच जेम पोर्टल से पिछले तीन साल में चीन से जुड़ी सैकड़ों कंपनियों को हटाया गया है। ये कंपनियां चीन के नागरिकों के स्वामित्व वाली हैं या चीनी इकाई की इनमें उल्लेखनीय हिस्सेदारी है।

जेम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रशांत कुमार सिंह ने बुधवार को कहा कि उन कंपनियों के सरकारी खरीद मंच पर कोई उत्पाद नहीं है, जिनकी जमीनी सीमा भारत से मिलती है। सिंह ने कहा, हमने जेम पर से बहुत सारे फर्जी विक्रेताओं को हटा दिया है। खासकर जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के संबंध में व्यय विभाग के आदेश के बाद यह कदम उठाया गया है। इसके तहत, कुछ देशों के उत्पादों का उपयोग जेम मंच पर नहीं किया जाना है। उन्होंने कहा कि कंपनियों पर कार्रवाई को लेकर हम हिस्सेदारी पैटर्न पर गौर करते हैं और यह देखते हैं कि क्या कोई जमीनी सीमा साझा करने वाला देश है। फिर उसे मंच से हटा दिया जाता है या अयोग्य घोषित किया जाता है। जेम सीईओ ने कहा कि यह एक बड़ी संख्या है, जिसे हमने मंच से हटा दिया है। इस कदम से जो श्रेणियां गंभीर रूप से प्रभावित हुई हैं, उनमें लैपटॉप, डेस्कटॉप, चिकित्सा उपकरण आदि शामिल हैं। ये वे कंपनियां थीं, जिसका संबंध किसी भी तरह से चीन से था।

भारत का चालू खाता घाटा पिछले साल के मुकाबले घटकर आधा हुआ

नई दिल्ली। रिजर्व बैंक ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा कम होकर 9.2 अरब डॉलर हो गया है, जो कि भारत की कुल जीडीपी का 1.1 प्रतिशत है। बता दें कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारत का चालू खाता घाटा 17.9 अरब डॉलर था, जो कि भारत की जीडीपी का 2.1 प्रतिशत था। हालांकि चालू खाता घाटा पिछली तिमाही के मुकाबले यह ज्यादा है। पिछली तिमाही में चालू खाता घाटा 1.3 अरब डॉलर था, जो कि जीडीपी का 0.2 प्रतिशत था।

इन वजहों से आया चालू खाता घाटे में उछाल

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अप्रैल जून तिमाही में बढ़ते व्यापार घाटे और नेट सर्विसेज में कम सरप्लस के साथ ही प्राइवेट ट्रांसफर रिसीट में कमी के कारण चालू खाते में पिछली तिमाही के मुकाबले उछाल आया है। प्राइवेट ट्रांसफर रिसीट का एक बड़ा हिस्सा विदेशों में काम करने वाले भारतीयों द्वारा देश में भेजे जाने वाले पैसे से आता है। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है कि पिछली तिमाही के मुकाबले यह बढ़ोतरी उम्मीद के मुताबिक ही है। विशेषज्ञों का ये भी कहना है कि बिगड़ते ट्रेड बैलेंस, तेल की बढ़ती कीमतों और आयात में बढ़ोतरी की वजह से अभी चालू खाता घाटे के और बढ़ने की आशंका है।

चालू खाता घाटा अर्थव्यवस्था को करता है कमजोर

बता दें कि चालू खाता घाटा तब होता है जब आयात की गई वस्तुओं, सेवाओं और निवेश का मूल्य, निर्यात से ज्यादा होता है। चालू खाता घाटा किसी भी देश की मुद्रा को कमजोर कर सकता है और आयात को महंगा कर सकता है।

पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर में कई छात्र फेल, कुलपति को सौंपा ज्ञापन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। बलौदाबाजार जिले के अधिकांश कॉलेजों में पीजीडीसीए की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी एक विषय पर फेल हो गए हैं। इसे लेकर जिले के दर्जनों विद्यार्थियों ने रायपुर पहुंचकर कुलपति को ज्ञापन सौंपा है। नाराज विद्यार्थियों ने बताया कि पीजीडीसीए के द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने बताया कि केवल एक ही विषय में सैकड़ों छात्रों को केवल 1 या 2 नंबर दिया गया है। ऐसा कैसे हो सकता है कि सभी छात्रों को केवल एक या दो नंबर ही मिलेगा? उत्तरपुस्तिका, प्रैक्टिकल में सही नंबर न दिए जाने की आशंका पर विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने एकमत होकर कुलपति पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय को ज्ञापन देने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में विद्यार्थियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने विगत दिनों कुलपति से मुलाकात कर अपनी समस्या रखी और उन्हें ज्ञापन सौंपकर पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर के उत्तरपुस्तिकाओं के सही तरीके से मूल्यांकन कराने की मांग की है। छात्रों ने बताया कि ऐसा नहीं है कि यह बलौदाबाजार जिले के किसी एक कॉलेज का मामला हो। जिले के अधिकांश कॉलेजों में पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों का परिणाम यही आया है। सभी विद्यार्थियों को एक ही विषय में फेल किया गया है। इसे लेकर तरह-तरह की अफ वाहें और चर्चाएं भी चल रही हैं। बहरहाल छात्रों ने उम्मीद जताई है कि उनके आवेदन पर कुलपति द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी।

463 करोड़ रुपये की लागत से रायपुर स्टेशन का होगा पुनर्विकास

- यात्री केन्द्रित सुविधाओं का किया जाएगा उन्नयन एवं आधुनिकीकरण

रायपुर/नवप्रदेश। रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत स्टेशनों के कायाकल्प की तैयारी चल रही है। अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री द्वारा देश के 500 से अधिक रेलवे स्टेशनों के साथ रायपुर स्टेशन के पुनर्विकास के कार्य का भी शिलान्यास किया गया। लगभग 70 एकड़ में विस्तृत रायपुर स्टेशन को आने वाले 45 सालों के यात्रियों की संख्या को ध्यान में रख कर इस वृहत कार्य की योजना बनाई गई है। रायपुर रेलवे स्टेशन को विकसित करने का लक्ष्य रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव प्रदान करना है। रेलवे स्टेशन के आसपास अच्छी व्यवस्थाएं होने से आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। रेलवे देश की लाइफ लाइन है। रेलवे लगातार यात्री सेवा को सुलभ करने के लिए नवीनतम तकनीकी सुविधाओं और बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। इसी कड़ी में देशभर के रेलवे स्टेशनों की कायापलट करने पर काम किया जा रहा है शहरों की पहचान भी रेलवे स्टेशनों से जुड़ी होती है। रायपुर शहर की इतिहास में रायपुर रेलवे स्टेशन महत्वपूर्ण रूप से जुड़ा हुआ है। ऐसे में जरूरी है कि रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप में ढाला जाए। जब रायपुर आधुनिक स्टेशन बनेगा तो इससे एक नया माहौल भी बनेगा। जब देशी विदेशी पर्यटक यहाँ पहुंचेंगे तो यहाँ की तस्वीर उसकी नजरों में यादगार बनेगी। अमृत भारत स्टेशन योजना का मकसद सुविधाओं की शुरुआत के साथ मौजूदा सुविधाओं के अपग्रेडेशन पर भी काम करना है। योजना के तहत रायपुर शहर के दोनों किनारों पर उचित एकीकरण के साथ स्टेशन को सिटी सेंटर के रूप में विकसित करने तथा शहर को दोनों तरफ से जोड़ने के लिए मास्टर प्लान तैयार किए जा रहा है। स्टेशन भवन का डिजाइन छतीसगढ़ के स्थानीय संस्कृति विरासत और वास्तु कला से प्रेरित होगा। यह रेलवे स्टेशन रायपुर शहर या स्थान की खूबसूरती को प्रदर्शित करेगा।

50 हजार से ज्यादा यात्री करते हैं सफर

वर्तमान में रायपुर स्टेशन से प्रतिदिन लगभग 52273 यात्रियों का आवागमन हो रहा है। जबकि आने वाले 45 वर्षों में यात्रियों की संख्या प्रतिदिन लगभग 1 लाख 32 हजार के अनुरूप इसे विकसित किया जा रहा है। स्टेशन में प्रवेश एवं निकास के मार्ग अलग-अलग किया जा रहा हैए जिससे यात्रियों को भीड़भाड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। कॉन्कोर्स में एकसाथ लगभग 760 यात्रियों के बैठने के लिए 3714 वर्ग मीटर वेटिंग एरिया की व्यवस्था है। 1850 से अधिक वाहनों के लिए लगभग 43353 वर्ग मीटर की पार्किंग एरिया का प्रावधान किया गया है। 3 नए फुट ओवर ब्रिज 6 मीटर चौड़ाई का प्रावधान किया गया है।

सरकारी स्कूल में समय से पहले छुट्टी

जनप्रतिनिधियों से ग्रामीणों ने की शिकायत फिर भी नहीं सुधरे हालात

कोरिया/नवप्रदेश। जिले के सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षक मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। सरकारी स्कूलों के खुलने का समय 10.30 बजे है, लेकिन कई स्कूल 11 बजे के बाद खुलते हैं और समय से पहले छुट्टी कर दी जा रही है। भरतपुर सोनहत विधानसभा के विकासखंड सोनहत के ग्रामीण क्षेत्र बसेर ग्राम पंचायत के ग्राम में स्थित प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला के अलावा आश्रित ग्राम तर्रा के पूर्व माध्यमिक शाला का है। जहां प्रधानाध्यापक और स्कूल स्टाफ के आपसी तालमेल की वजह से यहां तो शिक्षक स्कूल खोलते ही नहीं या फिर शाला में एक शिक्षक 11 बजे भेज देते हैं और बाकी शिक्षक या तो आते नहीं या धीरे-धीरे 12 बजे तक आते रहते हैं या फिर समय से पहले ही स्कूल बंद कर बच्चों की छुट्टी कर घर भेज देते है या फिर स्कूल को केवल बच्चों के सहारे खुला छोड़ कर सभी स्कूल से गायब हो जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इसका खामियाजा ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भोग रहे हैं। उनका स्तर इतना कमजोर हो गया है कि वह ठीक से हिंदी, अंग्रेजी नहीं पढ़ पाते हैं व गणित विषय के सवाल हल नहीं कर पाते। स्कूलों का समय सुबह 10.30 से 4.30 तक निर्धारित किया गया है। लेकिन शिक्षक समय से पहले स्कूलों में ताला लगा देते हैं।

स्कूल की हालत जर्जर

निर्धारित समय से पहले बंद मिले पूर्व माध्यमिक शाला बसेर की हालत भी जर्जर हैं जहा खिड़की व दीवारों की हालत बच्चों के बैठने के लिये उपयुक्त नहीं। वहीं शौचालय की हालत भी खस्ताहाल है। ऐसे में स्कूलों को हर वर्ष मिलने वाले पुताई व मरम्मत निधि राशि को लेकर भी सवाल उठना लाजमी है।

हालात सुधरने का नाम नहीं ले रही

यह तस्वीर बुधवार दोपहर 2 बजकर 30 मिनट की है जहां भरतपुर सोनहत विधानसभा के ग्राम पंचायत बसेर जहा जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगातार फोटो सेशन कर विकास की उपलब्धि की समा बांधी जा रही फिर भी शासकीय स्कूलों के हालात सुधरने का नाम नहीं ले रही। इस दौरान निर्धारित समय मे इस ग्राम पंचायत के स्कूलों में हकीकत देखीं। जिसमें से बसेर पंचायत के पास स्तिथ स्कूल प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला 2 बजकर 30 मिनट तक बंद मिले। जबकि एक स्कूल पूर्व माध्यमिक शाला तर्रा में करीब 3 बजे स्कूल में पदस्थ तीन शिक्षक स्कूल को केवल बच्चों के भरोसे छोड़कर नदारद मिले।

> इस संबंध में जानकारी मिली है संबंधित विकास खंड शिक्षा अधिकारी सोनहत को जांच करने का निर्देश दिया गया है। जांच प्रतिवेदन मिलते ही स्कूल से नदारत रहने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **अनिल जायसवाल,** डीईओ कोरिया।

तैराकी में वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने की तैयारी में 9 वर्षीय तनुश्री

उतई/नवप्रदेश। दुर्ग जिले के खेल गांव के नाम से विख्यात खेल गांव पुरई के फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी की नन्हीं तैराक तनुश्री कोसरे तैराकी के क्षेत्र में 8 अक्टूबर को पुरई के डोगिया तालाब में वर्ल्ड रिकार्ड बनाने की ओर अग्रसर हो रही है। वह प्रतिदिन 7 से 8 घंटे गांव के ही तालाब में तैरकर कोच ओम कुमार ओझा, ईश्वर ओझा और निशा के मगदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। तैराकी एवं वर्ल्ड रिकार्ड हासिल करने का जुनून इस तरह कायम है कि बिना कोच के भी घर से निकल कर पहुंच जाती है तालाब और घंटों तैराकी करती है। तनुश्री के तैराकी का जुनून एवं जज्बा देखते बनता है। तनुश्री के पिता राजेंद्र कोसरे एवम माता लक्ष्मी कोसरे भी अपनी बेटी का पूरा सहयोग एवं हौसला अफ्जाई करते हैं। फ्लोटिंग विंग्स के अध्यक्ष दिवाकर गायकवाड़ ने बताए कि यह रिकॉर्ड 10 वर्ष से कम उम्र की है और तनुश्री अभी सिर्फ 9 साल की है। हमारे लिए बहुत ही गर्व की विषय है, साथ ही ग्रामवासी भी उसके तैराकी की सराहना करते हैं। पांचवी कक्षा में पढ़ रही 9 वर्षीय तनुश्री की तैराकी अदभुत है। खाना पीना त्यागकर घंटों जलपरी की तरह तालाब में तैरते रहती है। तनुश्री का यह जुनून एवम जज्बा फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी को एक और वर्ल्ड रिकार्ड से गौरवान्वित करेगा। खेलगांव पुरई के फ्लोटिंग विंग्स एकेडमी के ईश्वर ओझा एवं चंद्रकला ओझा वर्ल्ड रिकॉर्ड बना चुके हैं तथा कोच ओम कुमार ओझा को भी सबसे कम उम्र के कोच होने का गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का खिताब मिल चुका है।

आकाशीय बिजली से बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में लगातार पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर बारिश और आकाशी बिजली का कहर देखने को मिल रहा है. जिसके कारण आम लोगों के जीवन में काफी प्रभाव पड़ रहा है. वहीं आसमानी कहर से बड़ी संख्या में मवेशियों की मौत हो गई है. मवेशियों की मौत से मवेशी मालिकों में हड़कंप मच गया है. जानकारी के अनुसार, सर्वमंगला रोड कनकी स्थित सोनपुरी गांव में आकाशीय बिजली के चपेट में आने से आधा दर्जन से अधिक मवेशियों की मौत हो गई है. बुधवार की सुबह लगभग 6:00 बजे मवेशी गांव के आसपास थे जहां अचानक तेज बारिश होने लगी इसके बाद सभी मवेशी गांव के पास महुआ पेड़ के नीचे चले गए. इस दौरान अचानक आकाशी बिजली गिरने पर आधा दर्जन से अधिक मवेशियों की मौत हो गई. घटना में कुछ मवेशी बच गए. वहीं खेत में काम करने गए ग्रामीणों की नजर जब मरे पड़े मवेशियों पर पड़ी तब इसकी सूचना गांव में जाकर दी. जिसके बाद घटनास्थल पर मवेशियों के मालिक और ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई. मृत मवेशियों में तीन गाय दो बछड़ा और एक बैल है. ग्रामीण किसान पटेल ने बताया कि जब किसी काम से खेत की ओर जा रहा था इस दौरान उसकी नजर मवेशियों पर पड़ी और इसकी सूचना गांव में जाकर उसने दी. मवेशी के मालिक ने बताया कि इससे पहले इस तरह की घटना गांव में कभी नहीं हुई थी इस घटना से आर्थिक नुकसान हुआ है. गाय दूध दे रही थी गाय की मौत से निश्चित है उन्हें काफी नुकसान हुआ है. उन्होंने प्रशासन से मवेशियों की मौत के बाद उचित मुआवजा की मांग की है.

कलेक्टर ने जिपं सीईओ और निगम कमिश्नर से मांगा हिसाब

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार ने नगर निगम की आयुक्त और जिला पंचायत सीईओ को एक पत्र जारी किया है। इसमें उन्होंने इन विभागों के माध्यम केंद्र व राज्य सरकार, जिला खनिज न्यास, विधायक-सांसद और अन्य शासकीय मद से खर्च की गई योजनाओं की राशि का हिसाब प्रस्तुत करने कहा गया है। सत्र 2022-23 नगर निगम के अंतर्गत शहरी क्षेत्र और जिला पंचायत अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में हुए विकास, निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर, संसाधन-सुविधाओं की जुगत पर कहां और कैसे खर्च किया गया, उनके भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट सहित प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके साथ ही सत्र 2024-25 के लिए आवश्यकता अनुरूप नए कार्यों के लिए प्रस्ताव भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

विकेन्द्रीकृत जिला योजना वर्ष 2024-25 तैयार करने के संबंध में सदस्य सचिव, राज्य योजना आयोग से जारी निर्देश अनुसार जिले के नगरीय निकायों (नगर पालिक निगम, नगर पालिका परिषद्, नगर पंचायत) द्वारा उनके क्षेत्र के आर्थिक सामाजिक विकास हेतु निकाय को राज्य शासन से विभिन्न मदों यथा अधोसंरचना मद, अतिरिक्त सहायता राशि जिले से प्राप्त विभिन्न मद यथा डीएमएफ सीएसआर मद, कलेक्टर मद, जनप्रतिनिधियों (सांसद, विधायक, महापौर, अध्यक्ष व पार्षद) आदि से प्राप्त मद, केन्द्रीय एवं राज्य वित्त आयोग की अनुशंसा पर प्राप्त राशि तथा केन्द्र एवं राज्य प्रवर्तित योजनाओं से प्राप्त राशि, विभिन्न प्राधिकरणों, परिषदों से प्राप्त राशि, समय-समय पर केन्द्र / राज्य शासन द्वारा प्रदान की जाने वाली अन्य राशियों आदि का उपयोग करते हुए निकाय क्षेत्र अंतर्गत निवासरत् समस्त वर्गों हेतु वार्षिक योजना तैयार कर विगत वित्तीय वर्ष में प्राप्त आवंटन एवं व्यय तथा आगामी वर्ष हेतु प्रस्तावित वित्तीय मांग का एसडीजी गोलवार सारांश, वर्ष 2024-25 हेतु संभावित उपलब्ध राशि एवं अतिरिक्त मांग का विभागवार विस्तृत विवरण एवं विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 में नगरीय क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आबंटन एवं उसके विरूद्ध व्यय राशि तथा प्राप्त किये गये भौतिक लक्ष्यों का विभागवार विवरण निर्धारित प्रारूप में तैयार कर एमआईसी, पीआईसी से अनुमोदन प्राप्त कर हार्डकापी एवं साफ्टकापी उपलब्ध कराने कहा गया है। वहीं जिपं सीईओ से 15 वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि अनाबद्ध राशि यथा- जिला खनिज न्यास सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना आदि से विगत वित्तीय वर्ष में प्राप्त आवंटन एवं व्यय तथा आगामी वर्ष हेतु प्रस्तावित वित्तीय मांग का एस.डी.जी. गोलवार सारांश, वर्ष 2024 25 हेतु संभावित उपलब्ध राशि एवं अतिरिक्त मांग का विभागवार विस्तृत विवरण एवं विगत वित्तीय वर्ष 2022-23 में ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त आवंटन एवं उसके विरूद्ध व्यय राशि तथा प्राप्त किये गये भौतिक लक्ष्यों का विभागवार विवरण निर्धारित प्रारूप में तैयार कर जिला पंचायत की सामान्य सभा से पारित जिला पंचायत विकास योजना की हार्डकापी एवं साफ्टकापी प्रेषित करने कहा गया है।

मोर मकान,मोर आस की लॉटरी आज

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (श) के अंतर्गत मोर मकान-मोर आस के आवेदको तथा हितग्राहियों के लिए खुशखबरी है।महापौर धीरज बाकलीवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि आगामी लॉटरी दिन शुक्रवार 29.09.2023 को दोपहर 12 बजे डाटा सेंटर स्थित बैठक कक्ष में आयोजित की जा रही है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने जानकारी देते हुए कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य तीव्रता के साथ किया जा रहा है, संभावना है कि आगामी दो माह में यह दोनो परियोजना (गणपति विहार बोरसी एवं पोटियाकला) स्थल पूर्ण हो जाएगें।नोडल अधिकारी दिनेश कुमार नेताम ने आबंटित हितग्राहियों से अनुरोध किया है कि वह जल्द से जल्द अपना आबंटन पत्र डाटा सेंटर स्थित आवास कार्यालय से प्राप्त कर लेवे। आज दिनांक तक कुल चार चरण में हुए लॉटरी के अंतर्गत 174 आवास आबंटित किए गए।

पावर ग्रिड एम्स को देगा सीटी स्कैन मशीन और एंबुलेंस

रायपुर/नवप्रदेश। पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के साथ समझौता पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर कर 15.50 करोड़ रुपये के विभिन्न उपकरण प्रदान करने की घोषणा की है। समझौते के अंतर्गत कंपनी के सीएसआर फंड से एक सीटी स्कैन मशीन और एक एंबुलेंस भी प्रदान की जाएंगी। इससे रोगियों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। कंपनी की ओर से एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर आलोक और एम्स की ओर से निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने एमओयू पर ऑन लाइन हस्ताक्षर किए। एमओयू के अंतर्गत पावर ग्रिड की ओर से लगभग 15.50 करोड़ रुपये प्रदान किए जाएंगे जिससे एम्स सीटी स्कैन मशीन, एंबुलेंस, एनेस्थिसिया वर्क स्टेशन्स (5), रिकवरी कम पेशेंट शिफ्टिंग ट्राली (20), व्हीलचेयर (100) और दो ई-रिक्शा खरीदेगा। इन सभी का प्रयोग ट्रामा एवं इमरजेंसी और रजिस्ट्रेशन काउंटर पर आने वाले रोगियों को सहायता प्रदान करने में किया जाएगा। इस अवसर पर आलोक का कहना था कि पावर ग्रिड के लिए यह गर्व का विषय है कि कंपनी एम्स में आने वाले छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड के हजारों रोगियों को सहायता प्रदान कर रही है। इन उपकरणों की मदद से निश्चित रूप से रोगियों को काफी मदद मिलेगी और उन्हें अधिक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। प्रो. सिंह ने कहा कि एम्स में रोगियों को अत्याधुनिक चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। ऐसे में रोगियों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इन्हें त्वरित राहत देने के लिए पीएसयू और अन्य बड़ी कंपनियों को पावर ग्रिड की तरह आगे आकर सहायता प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने आशा प्रकट की कि नई सीटी स्कैन मशीन से रोगियों को अब कम इंतजार करना पड़ेगा। प्रयास किया जा रहा है कि सभी उपकरणों को मार्च 2024 से पूर्व खरीद लिया जाए। एमओयू पर आर.के. दाश, जनरल मैनेजर, पावर ग्रिड और अंशुमान गुप्ता, उप-निदेशक (प्रशासन), एम्स ने भी हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एच.पी. पाल, जनरल मैनेजर, नागपुर, पिनाकी भट्टाचार्य, चीफ मैनेजर, सुश्री अपूर्व सोनी, डिप्टी मैनेजर, पावर ग्रिड और शिव शंकर शर्मा, जन संपर्क अधिकारी उपस्थित थे।